ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 19 जून 2024
वर्ष 34, अंक 142, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता 13

जूनियर एनटीआर-जाह्नवी थाईलैंड में शूटिंग करेंगे 14

## चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स निफ्टी का नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर बैंक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। यह बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 374 अंक उछलकर 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छू लिया था। निफ्टी भी 92.30 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।



- सेंसेक्स ने 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छुआ

## मिल्क प्लांट में गैस रिसाव, दम घुटने से एक की मौत

**आगरा।** आगरा में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां दूध प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव हो जाने से इलाके में भगदड़ मच गई। हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया गया कि घटना के समय प्लांट में पांच कर्मचारी अंदर मौजूद थे। वहां से चार कर्मचारी भागने में सफल रहे। वहीं, एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। अमोनिया गैस रिसाव की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में भी भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इलाके को खाली कराया गया।

# एकेटीयू के बैंक खाते से उड़ाए 120 करोड़, सात गिरफ्तार

### बैंक अधिकारी बन एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज का दिया ऑफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एकेटीयू के अकाउंट ऑफीसर बन बैंक को एफडी का दिया लालच
- फर्जी मेल आईडी बनाकर दोनों जगह भेजा ऑफर लेटर

**अमृत विचार :** जालसाजों ने अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बैंक खाते में सेंध लगाते हुए 120 करोड़ रुपये उड़ा लिए। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए यूपी और गुजरात के सात जालसाजों को गिरफ्तार किया और विवि के खाते में 99 करोड़ रुपये वापस कराए। गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच अन्य की तलाश की जा रही है। गिरोह का तार अहमदाबाद और सूरत से जुड़े हैं।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, एक जालसाज फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज दिलाने का झांसा दिया। फिर बैंक में एकेटीयू का अफसर बनकर पहुंचा और एक साथ 300 करोड़ रुपये की एफडी कराने की बात कही। दोनों तरफ से रजामंदी होने के बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बापू भवन शाखा में एकेटीयू का खाता खोलकर 120 करोड़ जमा करा दिए। रकम खाते में आने के बाद से 100 करोड़ रुपये गुजरात के अहमदाबाद के एक ट्रस्ट में ट्रांसफर कर दिए। इस रकम में 1.20 करोड़ जालसाजों ने निकाल भी लिये।

**ये हुए गिरफ्तार :** उन्नाव हसनगंज के पानापुर खुर्द मलकादीन का राजेश बाबू, मानसरोवर योजना कानपुर रोड निवासी गिरीश चंद्र, अमेठी के मुसाफिरखाना सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### असली कागज पर खेला फर्जीवाड़े का खेल

जालसाजों ने बैंक और एकेटीयू के असली कागजों का सहारा था। एकेटीयू से 120 करोड़ की एफडी कराने के लिए असली पत्र हासिल किया। वहीं, एकेटीयू में बैंक अधिकारी बनकर अधिक ब्याज देने का असली पत्र हासिल किया। इतना ही नहीं, खाते के संचालन के लिए एक व्यक्ति को नामित भी कराया।

### बनाए दो फर्जी ई-मेल

फर्जीवाड़े के लिए जालसाजों ने दो ई-मेल बनाए। एकेटीयू को मेल करने के लिए बैंक का फर्जी मेल आईडी ubin0803448@unionbanks.co.in बनाया और एकेटीयू के मेल आईडी fo@aktu.ac.in पर ऑफर लेटर भेजा। वहीं, एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी fo@aktufinance.in बनाकर बैंक की आईडी ubin0803448@unionbankofindia.bank पर मेल किया।





# मां गंगा ने मुझे गोद लिया : मोदी

### प्रधानमंत्री ने वाराणसी में किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त की जारी

- लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के बाद मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर सम्मान निधि की 17वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में हस्तांतरित की। देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी सौंपा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए वाराणसी के लोगों का अभार जताते हुए कहा, अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं।

मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि, चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। ये संख्या अमेरिका की पूरी आबादी के आसपास है। उन्होंने बताया कि अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। वाराणसी के मेहंदीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी।

### दुनिया भर में स्वदेशी फूड प्रोडक्ट पहुंचाने का सपना

प्रधानमंत्री के मुताबिक, 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। दलहन और तिलहन में हमें आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। बनारस का लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी, ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। मेरा तो सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न या फूड प्रोडक्ट होना ही चाहिए।

### मोदी ने भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचानः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है।

# लू बन रही काल, दरोगा व हेड कांस्टेबल समेत 63 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/अयोध्या

**अमृत विचार :** लू की चपेट में आने से मंगलवार को प्रदेश में 63 और लोगों की मौत हो गई। इनमें बांदा के 12, महोबा के 6, कानपुर देहात के 4, हमीरपुर के 3, उरई, फतेहपुर, कन्नौज में 1-1 और कानपुर में 16, अयोध्या में 6, प्रयागराज में 8, नैनी में 2, प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में 1-1, हरदोई में 1 व्यक्ति की मौत हो गई।

मरने वालों में एक दरोगा और एक हेड कांस्टेबल भी है। कानपुर में झांसी के समथर थाना निवासी और पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल बृज किशोर सिंह और झांसी के पुंछ थाने में तैनात कानपुर देहात के ग्राम सिंगरसीपुर निवासी दरोगा मानेंद्र सिंह की लू लगने से जान चली गई।

कन्नौज के गुरसहायगंज और कानपुर के नानाराव पार्क में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई। वहीं, अयोध्या में दो महिला समेत पांच लोगों का अलग-अलग स्थानों पर शव मिले हैं, जबकि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही कुलदीप सिंह (40) की बैरक में मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की बात कही जा रही है। इसके अलावा नयाघाट पुलिस चौकी सहित अलग-अलग जगहों पर दो महिला समेत पांच लोगों के शव मिले हैं।

**शहरों का अधिकतम तापमान**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उरई | 46.4 | आगरा | 45.2 |
| कानपुर | 46.3 | फतेहगढ़ | 45.1 |
| अलीगढ़ | 45.4 | बस्ती | 44.5 |
| लखनऊ | 45.3 | बरेली | 44.2 |

- कन्नौज और कानपुर में सैकड़ों चमगादड़ भी मरे, अयोध्या में भीषण गर्मी से सिपाही समेत छह की मौत

### तीन दिन तक राहत के आसार नहीं, सबसे गर्म रहा उरई

**लखनऊ।** 30-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही लू की चपेट में पूरा प्रदेश मंगलवार को भी झुलसता रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले तीन दिन तक राहत के आसार नहीं हैं। मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म उरई रहा जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं पिछले दो दिन से 47 डिग्री से अधिक तामपान से झुलस रहे प्रयागराज में बीते दिन के मुकाबले 5 डिग्री कम 42.5 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया। अलबत्ता प्रदेश में सबसे गर्म रात प्रयागराज की ही रही। दूसरा सबसे गर्म जनपद कानपुर देहात रहा, जहां तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के तीन दिन बाद तापमान में कमी आने के आसार हैं।

## एक नजर

### गुवाहाटी उच्च न्यायालय को दो और स्थायी न्यायाधीश मिले

**गुवाहाटी।** न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया ने मंगलवार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने दोनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। ये दोनों पहले अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, तथा पिछले सप्ताह ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया था। उच्च न्यायालय में अब 24 स्थायी न्यायाधीश हैं।

### अयोध्या एयरपोर्ट को मिला साढ़े चार साल का लाइसेंस

**अयोध्या।** डीजीसीए ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को साढ़े चार साल का लाइसेंस दिया है। डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि अभी तक एयरपोर्ट के पास छह महीने का ही लाइसेंस था, जिसकी समयावधि 13 जून तक ही थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। उन्होंने बताया कि स्पाइसजेट ने कई शहरों के लिए उड़ान बंद की थी, लेकिन उसकी जगह अकासा ने उड़ानें शुरू कर दी हैं। अयोध्या-हैदराबाद बंद हुई स्पाइस जेट फ्लाइट की जगह अब अकासा ने उड़ान शुरू कर दी है।

### डोडा में आतंकी हमले के संबंध में तीन हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में हुए हमलों में शामिल आतंकियों की गतिविधियों के सिलसिले में सुरक्षाबलों ने एक युगल समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अधिकारियों का मानना है कि ऊंचाई वाले इलाकों में तीन से चार आतंकियों का समूह मौजूद है। भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर चत्तरगला के ऊपरी इलाकों में संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून की रात को आतंकियों के हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

## 41 हवाई अड्डों में बम की सूचना से मचा हड़कंप

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईमेल से मिली धमकी, चलाया गया सघन तलाशी अभियान

देश के 41 हवाई अड्डों पर बम होने धमकी भरा ईमेल मिला। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कई घंटों तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में इसे अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ये ई-मेल अपराह्न करीब 12.40 बजे हवाई अड्डों पर एक्सहुम्डयू888 नामक ई-मेल आईडी से प्राप्त हुए। हवाई अड्डों ने बम की धमकी मिलने के बाद आकस्मिक उपाय कर जांच शुरू कर दी गई। संबंधित बम खतरा आकलन समिति की सिफारिशों के बाद टर्मिनलों की तलाशी ली गई। इन फर्जी धमकी भरे ई-मेल के पीछे केएनआर नामक एक ऑनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। समूह ने कथित तौर पर एक मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ई-मेल भेजे थे। हवाई अड्डों को प्राप्त ई-मेल में लगभग एक जैसा संदेश था, हैलो....हवाई अड्डे में विस्फोटक छिपाए गए हैं। बम जल्द ही फट जाएंगे। तुम सब मर जाओगे। सूत्रों ने बताया कि सभी हवाई अड्डों ने इस धमकी को फर्जी बताया और यात्रियों की आवाजाही को यथासंभव निर्बाध रखा गया।

## राहुल गांधी ने वायनाड सीट से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट अपने पास रखी है। लोकसभा सचिवालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है, जो 18 जून से प्रभावी माना जाएगा। राहुल द्वारा जीती गई दो सीटों में से एक से इस्तीफा देने के बाद, निचले सदन में कांग्रेस की सीट संख्या अब 98 हो गई है।

# एमएलए पोर्टल से होंगे विधायक निधि के कार्य

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** जल्द विधायक अपनी निधि के कार्य पत्राचार की बजाय डिजिटल करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग ने एमएलए एलएडीएस (मेंबर ऑफ लेजिस्लेटिव असेंबली लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम) पोर्टल बनाया है।

इस पर विधायक विकास कार्यों के प्रस्ताव की अनुशंसा करेंगे, जो अब तक पत्राचार द्वारा किया जाता है। पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी। साथ ही विधायक, कार्यदायी संस्था व जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की जवाबदेही होगी। क्योंकि अनुंशसा से लेकर कार्य पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया पोर्टल से होगी।

इसमें अधिकारी, कार्यदायी संस्था के साथ माननीय अनदेखा या प्रक्रिया लंबित रखते हैं तो जवाब देना होगा। इस पोर्टल से जनता भी कार्यों की स्थिति जान सकेगी।

इतना ही नहीं, यह भी पता नहीं चल पाता कि कौन-सी एजेंसी या ठेकेदार काम करवा रहा है, लेकिन नई वेबसाइट पर इसकी भी जानकारी होगी पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी।

### मिलेगी लॉगिन आईडी, पीडी करेंगे फारवर्ड

पोर्टल पर काम करने के लिए विधायक, परियोजना निदेशक (पीडी) जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व कार्यदायी संस्था को एक-एक लॉगिन आईडी मिलेगी। इससे विधायक अनुशंसा कर प्रस्ताव पीडी की लॉगिन पर भेजेंगे जो मुख्य विकास अधिकारी को स्वीकृति के लिए फारवर्ड करेंगे और स्वीकृति मिलने पर पीडी कार्यदायी संस्था को भेजेंगे। स्वीकृति, इस्टीमेट, भुगतान संबंधित सभी काम इसी तरह होंगे।

> विधायक निधि के जो भी कार्य हैं वह पोर्टल से हेंगे। अनुशंसा, स्वीकृति, इस्टीमेट, खरीद, भुगतान संबंधित अन्य कार्यों की प्रगति पोर्टल पर दिखेगी। इससे समय बचेगा और पारदर्शिता आएगी। करीब दो माह में पोर्टल लागू हो जाएगा।
>
> – **राजेश त्रिपाठी**, उपायुक्त, ग्राम्य विकास मुख्यालय

- पोर्टल का प्रशिक्षण और परीक्षण शुरू, दो माह बाद होगा लागू
- विधायक डिजिटल करेंगे विकास कार्यों की अनुशंसा

### पहला राज्य होगा यूपी

पत्राचार की बजाय ऑनलाइन विधायक निधि के कार्यों वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा। दो माह में पोर्टल लांच कर कामकाज होने लगेंगे। मंगलवार को ग्राम्य विकास मुख्यालय में परियोजना निदेशक को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। जो कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इसी तरह विधायकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## यूपी बोर्ड : बदलेगा 9वीं व 10वीं का परीक्षा प्रारूप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रस्तावित नया प्रारूप तैयार, माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने मांगे ईमेल पर सुझाव
- वेबसाइट पर अपलोड की गई कॉपी, 29 जून तक सुझाव देने का मौका

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 9वीं व 10वीं के परीक्षा प्रारूप में बदलाव किया जायेगा। ये बदलाव नई शिक्षा नीति 2020 के क्रम में होगा। मंगलवार को इसके लिए नया प्रारूप जारी कर दिया गया है। इसकी कॉपी भी माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

नये प्रारूप को लेकर सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि 9वीं और 10वीं के परीक्षा में नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे बदलाव के लिए ईमेल पर सुझाव मांगे गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा का वर्तमान प्रारूप और बदले हुए प्रारूप का संभावित प्रारूप जारी किया गया है। इसकी एक कॉपी परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड कर दी गई है। सचिव ने बताया कि परिषद की ईमेल upmspncf2023@gmail.com पर सभी लोग अपने-अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए 29 जून तक मौका दिया गया है।

सुनवाई | नीट यूजी 2024 मामले में याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई, कहा- 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो तो कार्रवाई करे सरकार

# धोखाधड़ी करने वाला डॉक्टर बन जाए तो समाज के लिए अधिक हानिकारक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 को रद्द कर इसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों की तकलीफ समझती है। इसलिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाए। कोर्ट ने मामले में केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा।



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से कहा ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 5 मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर 4 जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हां कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।

### 24 लाख ने दी थी परीक्षा

नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

### नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किये थे, एनटीए कानूनी कार्रवाई करने को स्वतंत्र : अदालत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को कहा कि उस नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिसने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि एनटीए उसका परिणाम घोषित करने में विफल रही और उसकी ओएमआर उत्तर-पुस्तिका फटी हुई पाई गई। अदालत ने कहा कि एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर सकती है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के निर्देश पर एनटीए ने छात्रा की मूल ओएमआर उत्तर-पुस्तिका पेश की, जो सही-सलामत पाई गई। इसके बाद, अदालत ने यह टिप्पणी की। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की अवकाशकालीन पीठ ने छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर पारित किया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। याचिका में मांग की गई थी कि याचिकाकर्ता की ओएमआर शीट का मूल्यांकन किया जाए, केंद्र सरकार को एनटीए के खिलाफ जांच का आदेश दिया जाए और मौजूदा याचिका के लंबित रहने तक काउंसलिंग रोकी जाए।

## एक नजर

### 12 जुलाई को होगा विधान परिषद का चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** चार राज्यों में विधान परिषद की पांच रिक्त सीटों पर 12 जुलाई को चुनाव होंगे। उसमें से एक उत्तर प्रदेश की वह रिक्त सीट भी जो स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद बनी है। पांच में से तीन सीट पर विधान परिषद के सदस्यों के इस्तीफे और शेष दो सीट पर सदस्यों को अयोग्य ठहराए जाने के कारण उपचुनाव आवश्यक हो गया था। उप्र. में स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा छोड़ने और फरवरी में सदन से इस्तीफा देने के बाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एक पद रिक्त हो गया था।

### 15 जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों का होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोवंश संरक्षण के लिए उप्र. के तमाम जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास का रास्ता साफ कर दिया गया है। इस कड़ी में पशुधन विभाग की ओर से 5.28 लाख रुपए की धनराशि से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास किया जाएगा। प्रत्येक गो संरक्षण केंद्रों के हिस्से में 12 हजार रुपए की धनराशि आएगी। इस क्रम में बरेली, उन्नाव, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, मुरादाबाद के गो संरक्षण केंद्र शामिल हैं।

### एकेटीयू में मौखिक परीक्षा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में एमटेक पाठ्यक्रम के सत्र 2023-24 की मौखिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी। पहले दिन एमटेक के सिविल, इलेक्ट्रिकल, बायोटेक्नोलॉजी और रिमोट सेंसिंग के 24 छात्रों में से 22 ने मौखिक परीक्षा दी। एमटेक और एमफार्म की मौखिक परीक्षा 21 जून तक चलेगी।

### 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर पुलिस ने करीमुद्दीन थाने से 25 हजार के इनामी अपराधी को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। वाराणसी के नगवा निवासी सूरज पर गाजीपुर के करीमुद्दीन थाने में कई मुकदमें दर्ज है। इस दौरान पुलिस ने सूरज पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

# ग्रामीण फीडर का मामला पहुंचा नियामक आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने फीडर को शहरी करने को लेकर दाखिल की अवमानना याचिका
- कहा, कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर हो कार्रवाई

**अमृत विचारः** प्रदेश में शहरों से सटे ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला राज्य विद्युत नियामक आयोग पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर कठोर कार्रवाई करने व निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात के दौरान कहा कि पावर कॉरपोरेशन का निदेशक मंडल उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई में लगा है, इस पर सख्त कार्रवाई कर नजीर स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉरपोरेशन के पूरे निदेशक मंडल के कार्यकाल की समीक्षा करने व उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई कर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे निदेशकों को तत्काल बर्खास्त उनकी संपत्ति की जांच की मांग की।

उन्होंने कहा कि कुछ निदेशक अपना कार्यकाल 65 वर्ष कराने में लगे हैं, यह गंभीर मामला है। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन निदेशक मंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग के लिए बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किया है।

**अधिक वसूली की नहीं दी रिपोर्ट**

उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सप्लाई टाइप बदलकर बिजली आपूर्ति बढाए जाने के मामले में प्रदेश के कई जिलों में की गई अधिक वसूली पर नियामक आयोग ने 29 अगस्त 2023 को 10 दिन में रिपोर्ट मांगी गई थी, पर 10 महीने बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने रिपोर्ट तो नहीं दाखिल किया है।

# चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन ठप, नहीं मिली 2800 मेगावाट बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रिड कंट्रोलर की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**अमृत विचारः** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन की 800 केवी चंपा-कुरुक्षेत्र एचवीडीसी बाई-पोल लाइन ठप होने से उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी। प्रदेश को 2800 मेगावाट बिजली नहीं मिल पाई थी। ग्रिड कंट्रोलर आफ इंडिया के नार्दन रीजन लोड डिस्पैच सेंटर की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार लाइन में खराबी के दौरान करीब डेढ़ घंटे तक पंजाब में 3780 मेगावाट, हरियाणा में 4095 मेगावाट, राजस्थान में 2858 मेगावाट, दिल्ली 2152 मेगावाट, उत्तराखंड 350 मेगावाट, हिमाचल प्रदेश 240 मेगावाट व चंडीगढ़ में 220 मेगावाट बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी। इस दौरान सभी राज्य बिजली संकट से जूझते रहे।

मालूम हो कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन में 17 मई की दोपहर में खराबी के कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में बिजली संकट गहरा गया था। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही बिजली बंद हो गई थी। ग्रिड को बचाने के लिए प्रदेश में करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों में लगातार आपात बिजली कटौती की गई। बाकी राज्य भी भीषण बिजली संकट की चपेट में आ गये थे। इससे राजस्थान का लगभग 4200 मेगावाट सोलर उत्पादन भी प्रभावित हुआ। एनटीपीसी की सिंगरौली स्थित 500 मेगावाट की दो इकाइयों व टांडा की 110 मेगावाट की चार इकाइयों में भी बिजली उत्पादन ठप हो गया था।

# मोदी के प्रयासों से किसानों के जीवन में दिख रहा परिवर्तन

## मुख्यमंत्री ने वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी



किसान सम्मेलन में शामिल होने जाते प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

- प्रधानमंत्री ने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचान

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आजादी के बाद 2014 में पहली बार किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास शुरू हुए, आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रधानमंत्री की मौजूदगी में वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में विचार प्रकट कर रहे थे। इससे पहले योगी ने मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में योगी ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उप्र. देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने बदलती हुई काशी को देखा है। काशी नए कलेवर और नई काया के साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रही है। नई काशी पूरे देश-दुनिया को आकर्षित कर रही है।

### गोरखपुर व वाराणसी में भी बनेगा पीएम मित्र पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ:** हथकरघा व वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने के लिए गोरखपुर व वाराणसी में भी पीएम मित्र पार्क बनाया जाएगा। अधिकारी इसकी संभावनाओं पर विचार शुरू करें। उन्होंने कहा कि लखनऊ-हरदोई के बीच टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना के लिए भूमि से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूरा करा लिया जाय। इस पार्क का शिलान्यास जल्द किया जाएगा। हथकरघा व वस्त्रोद्योग मंत्री मंगलवार को खादी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग की बहुत संभावनाएं हैं। इससे प्रदेश में काफी संख्या में रोज़गार भी सृजित होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य निर्धारित कर सभी योजनाओं का धरातल स्तर पर क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाए। मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के तहत लोगो को प्रोत्साहित कर इसका लाभ सुनिश्चित कराया जाए।

# लखीमपुर करंट हादसे में तीन अभियंता समेत चार निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली लाइन की चपेट में आने से हुई थी तीन लोगों की मौत

**अमृत विचारः** लखीमपुर के करंट हादसे में तीन लोगों की मौत व दो लोगों के घायल होने के प्रकरण में अधिशासी अभियंता, उप खंड अधिकारी, अवर अभियंता व लाइनमैन को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उपकेंद्र परिचालक समेत पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने यह कार्रवाई की।

निलंबित कर्मियों में अधिशासी अभियंता गोला राज नारायण को मध्यांचल निगम मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उप खंड अधिकारी-प्रथम गोला विनीत कुमार को निलंबित करते हुए मुख्य अभियंता सीतापुर क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है। अवर अभियंता अमृत लाल को निलंबन के बाद अधीक्षण अभियंता गोला से सम्बद्ध किया गया है। इसके अलावा टेक्नीकल ग्रेड-दो लाइन मैन राकेश कुमार को निलंबित किया गया है। जिन कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई है, उनमें उपकेंद्र परिचालक सचिन वर्मा, अकुशल कर्मचारी दर्शन लाल, पवनेश, राजेश कुमार, संजय सक्सेना व कुंदन लाल शामिल हैं। वीएमकेए इलेक्ट्रिक्ल्स वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड शाहजहांपुर की ओर से संविदा पर कार्यरत थे।

**ऊर्जा मंत्री का निर्देश**

मालूम हो कि बीते दिन लखीमपुर जिले के थाना हैदराबाद अन्तर्गत 11 केवी गोला-मोहम्मदी फीडर की विद्युत लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गये थे। घायलों को इलाज के लिए स्थनीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त करवाई के निर्देश दिए थे। ऊर्जा मंत्री ने उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष व मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया कि पुलिस व ज़िला प्रशासन के साथ ऊर्जा विभाग की टीम स्थल पर पहुंचकर घायलों का उपचार कराने के निर्देश दिये हैं।

### मंडल स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी मंडल स्तर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी। 22 जून को लोकसभा चुनाव में लगे महानगर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का सिटी मोंटेसरी स्कूल, गोमती नगर विस्तार में समारोह के दौरान अभिनंदन किया जाएगा।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को पार्टी के कैसरबाग कार्यालय में महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक में ये निर्णय लिए गए। उन्होंने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निर्वाण दिवस पर 23 जून से 6 जुलाई तक पर्यावरण पखवाड़े के रूप में मनाते हुए पौधारोपण कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। 30 जून से फिर शुरू हो रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' बूथ स्तर पर सुना जाएगा।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महामंत्री पुष्कर शुक्ला, रामावतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि राकेश सिंह, विवेक सिंह तोमर, अभिषेक खरे को अलग-अलग कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से कराएगा दक्षिण की यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यात्रा 13 से 25 जुलाई तक, 12 रात्रि एवं 13 दिन के लिए होगी

**अमृत विचार :** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं के लिए गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन दक्षिण भारत यात्रा के लिए करेगा। यह यात्रा 13 से 25 जुलाई तक 12 रात्रि एवं 13 दिन के लिए होगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार, इस टूर में यात्रियों को सफर के दौरान रामेश्वरम-मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), कन्याकुमारी, तिरुपति बालाजी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। गोरखपुर, कप्तानगंज, थावे, सिवान, छपरा, वाराणसी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, ललितपुर, बीना से भी यात्री इस ट्रेन को पकड़ सकेंगे। स्थानीय भ्रमण की सुविधा मिलेगी। द्वितीय, तृतीय और स्लीपर श्रेणी को मिला कर कुल 767 बर्थ उपलब्ध हैं। स्लीपर क्लास में एक, दो या तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 24,450 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है।

# स्टांप शुल्क चोरी करते पकड़े गए 39 गोदाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 100 से 500 रुपये किरायानामा पर संचालित, लाखों रुपये देते हैं किराया

**अमृत विचार :** निबंधन विभाग ने सरोजनी नगर में छापेमारी कर 39 वेयर हाउस (गोदाम) लाखों रुपये की स्टांप शुल्क चोरी करते पकड़े हैं। जो बिना पंजीयन कराये 100 से 500 रुपये के किरायानामा पर संचालित थे। स्टांप भी कम शुल्क के लगाए हैं। जबकि किराया लाखों रुपये है। चार वेयर हाउस संचालक पर स्टाम्प वाद दायर किया है।

जिले में उपनिबंधक की टीम ने वेयर हाउस के खिलाफ अभियान चलाया तो एक सप्ताह में सरोजनी नगर में 40 वेयर हाउस में 39 अनिबंधित व अस्टाम्पित पकड़े हैं। अनिबंधित यानी वेयर हाउस का एक वर्ष से अधिक संचालन करने के लिए निबंधन विभाग में रजिस्ट्री नहीं कराई गई। सभी वेयर हाउस 25-30 हजार वर्गफीट के हैं। भवन स्वामी और संचालक के बीच सिर्फ एक वर्ष का 100 से 500 रुपये के स्टाम्प पर किरायानामा बनवाया गया है। जबकि किराया प्रति वर्ष 12 से 30 लाख रुपये तक है। जिस पर चार फीसद स्टांप देयता बनती है। इनमें चंदानी वेयर हाउस में 10,70,140 स्टाम्प शुल्क की कमी, फर्स्ट वायस एक्सप्रेस 72 हजार, चंदानी वेयर हाउस 7,40,140, परवर पूरब में चंदानी वेयर हाउस में 7,88,960 स्टाम्प शुल्क की कमी मिली।

**कार्रवाई के लिए ये वेयर हाउस चिह्नित**

क्विक सप्लाई चेन, पैनासोनिक लाइफ सेल्यूशन, कमाल संस, दयाल इंटरप्राइजेज, यूिसेर लाजिस्टिक्स (1) वी गार्ड इंडस्ट्रीज, फ्लिपकार्ट, राहुल चंदानी, केजी इंटरप्राइजेज, यूनाइटेड वर्ल्ड वेयर हाउसिंग, ब्लूस्टार, अग्रवाल लॉजिस्टक्स

**जीएसटी की मांगी रिपोर्ट खुलेगी पोल**

मुख्य सचिव के साफ निर्देश हैं सरकारी व निजी व्यवसायिक भवन किसी व्यक्ति को अनिबंधित या अस्टाम्पित किरायानाम के आधार पर न दिया जाए। फिर भी उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर स्टांप शुल्क चोरी किया जा रहा है। जांच में यह भी पता चला कि वेयर हाउस संचालकों ने किरायानामा के आधार पर जीएसटी पंजीयन कराया है और शुल्क जमा कर रहे हैं। चिह्नित सभी वेयर हाउस की जीएसटी की संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी है।

> देशसभी को एक माह का समय पंजीयन कराने के लिए दिया है। यदि तय समय पर नहीं कराया तो चार गुना जुर्माना वसूलेंगे। प्रतिमाह डेढ़ प्रतिशत ब्याज भी लगाएंगे। स्टाम्प वाद भी दायर करेंगे। - **सतीश कुमार त्रिपाठी**, सहायक महानिरीक्षक निबंधन, लखनऊ

# करंट लगने से छात्रा झुलसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चंद्रिका देवी मार्ग स्थित कॉलेज छात्रावास में हुआ हादसा

**अमृत विचारः** बीकेटी थाना क्षेत्र स्थित जीसीआरजी कॉलेज के छात्रावास में रहने वाली पूर्णिमा सिंह करंट लगने से झुलस गई। उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, महिगवां क्षेत्र में रेवामऊ गांव के रहने वाले बालेश्वर उर्फ बालिस्टर की पुत्री पूर्णिमा बीकेटी थाना क्षेत्र के चंद्रिका देवी मार्ग पर स्थित जीसीआरजी विद्यालय के छात्रावास में रहकर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत कम्प्यूटर कोर्स कर रही है। रविवार शाम को पूर्णिमा हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गई। इससे वह बुरी तरह से झुलस गई। बहन मुस्कान सिंह ने बताया कि वह शाम को स्कूल के गेट पर वाटर कूलर से पानी लेने गई थी, तभी यह घटना हुई। वह कैसे करंट की चपेट में आई, पता नहीं चल सका है। पीड़िता के भाई धीरज सिंह ने कहा कि अभी तक जीसीआरजी कॉलेज प्रशासन की तरफ से किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति ने उनसे संपर्क नहीं किया। जबकि छात्रा का शरीर करीब 70 प्रतिशत झुलस गया है। उसका इलाज सिविल अस्पताल के बर्न यूनिट में चल रहा है।

### पीजीआई क्षेत्र में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊः** थाना क्षेत्र अंतर्गत शाम को पुलिस ने एक युवक शव बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक शव लगभग 2 दिन पुराना लग रहा है।

जानकारी के मुताबिक तेलीबाग से चिरैयाबाग जाने वाले रास्ते के बीच अज्ञात का शव झाड़ियों में पड़ा है इसकी सूचना लोगों ने 112 नंबर पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पाई, फिलहाल पुलिस ने अज्ञात शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिदंडी का निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचारः** अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानुज जीयर स्वामी त्रिदंडी का हैदराबाद के सीताराम बाग़ स्थित उनके जगन्नाथ मठ में निधन हो गया। 82 वर्षीय त्रिदंडी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। दो दिन पहले ही अस्पताल से स्वस्थ होकर आश्रम लौटे थे। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि उनके निधन से पार्टी ने मार्गदर्शक खो दिया है। ऋषि ने बताया कि वर्ष 2012 में त्रिदंडी ने इंदौर में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी। 2020 तक महासभा का नेतृत्व और मार्गदर्शन किया। महासभा को गुटबाजी से मुक्त कराने की कोशिशों में वह लगे रहे। हिन्दू समाज को जातियों के बंधन से मुक्त करने के लिए उन्होंने "जाति-पाति की करो बिदाई हिन्दू-हिन्दू भाई-भाई" नारा दिया था।

### पौधों की सुरक्षा में करें तकनीक का प्रयोग

**अमृत विचार, लखनऊः** वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि पौधों को लगाने के साथ उनकी सुरक्षा में तकनीक का प्रयोग करें। वन राज्यमंत्री मंगलवार को वन विभाग मुख्यालय में 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024' की तैयारी को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से चलाये जा रहे अभियान 'एक पौधा, मां के नाम' के तहत लोगों से एक पौधा लगाने की भी अपील की।

# हड़ताल पर स्टांप वेंडर, समर्थन में वकील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेंडरों का आरोप, नहीं पूरी हो रहीं मांगें
- रजिस्ट्री कराने में हो सकती है समस्या

**अमृत विचारः** आने वाले दिनों में उप्र. में रजिस्ट्री कराने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विभिन्न मांगों को लेकर स्टांप वेंडर मंगलवार को प्रदेश व्यापी हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते मंगलवार को प्रदेश भर के तहसीलों में निबंधन और न्यायिक कार्य बाधित रहा। वकीलों ने भी स्टांप वेंडर के हड़ताल का समर्थन किया है।

स्टांप वेंडरों का कहना है कि वह प्रदेश सरकार को हर साल करीब 22 हजार करोड़ का राजस्व दे रहे हैं। बावजूद इसके उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। स्टांप वेंडरों की मांगों में फिजिकल स्टांप पेपर खत्म होने पर ई-स्टांप में एक फीसदी कमीशन, स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन में ई-स्टांपिंग व्यवसाय संभाल पाने में नाकामी, ई स्टांपिंग का क्रियान्वयन राज्य सरकार के अधीन विभाग से कराने, ई-स्टांपिंग बिक्री की जटिल व्यवस्था को सरल करने, वेंडर का उत्पीड़न बंद करने, स्टांप वेंडर का आईकार्ड बनाने और स्टांप वेंडर कल्याण अधिनियम पारित करना शामिल है। प्रदेश भर में चल रहे हड़ताल का वकीलों ने भी समर्थन दिया है। वकीलों का कहना स्टांप वेंडर की मांगें पूरी की जाए। बता दें कि अभी तक निबंधन कार्यालयों में सर्वर की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते बैनामा नहीं हो पा रहा था। अब स्टांप वेंडर्स के हड़ताल पर जाने से बैनामा कराना और मुश्किल हो गया है।

### पर्यटन बढ़ाने को द बोधि यात्रा 2024 का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार बौद्ध तीर्थ पर्यटन का आकर्षण बढ़ाने के लिए एक अभिनव प्रयास करने जा रही है। ख्याति प्राप्त बौद्ध तीर्थ स्थलियों पर देश-विदेश से तीर्थयात्री, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार 28 जून को 'द बोधि यात्रा 2024' नाम के कार्यक्रम का नई दिल्ली में आयोजन करने जा रही है। इस एक दिनी कार्यक्रम का उद्देश्य उप्र. के बौद्ध विरासत स्थलों के माध्यम से भगवान बुद्ध की असाधारण जीवन यात्रा के संस्मरणों को प्रदर्शित करना है।

# विकास कार्यों में बन सकते हैं भागीदार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दानदाता 60 फीसद अंश देगा तो 40 फीसद सरकार देगी

**अमृत विचारः** राज्य सरकार नागरिकों, संस्थाओं को भी अपने विकास कार्यों में सहयोगी बनाने को तैयार है। ऐसे में बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल और यहां तक कि अंत्येष्टि स्थल तक से जुड़े निर्माण अथवा अन्य विकास कार्य सरकार के साथ मिलकर किए जा सकेंगे। संबधित कार्य स्थल पर सहयोग करने वाले के नाम की शिलापट्ट लगेगी सो अलग।

शर्त यह है कि दानदाता 60 प्रतिशत अंश देगा तो 40 प्रतिशत सरकार की ओर से दिया जाएगा। यह 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट से की जाएगी। राज्य सरकार का उद्देश्य इस योजना से खासकर राज्य के उन निवासियों को भी जोड़ने का है जो काफी संख्या में देश के विभिन्न शहरों में व विदेशों में कार्यरत हैं।

दरअसल, उप्र. में विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार ने मातृ अर्पण योजना शुरू की है, जिसे अब तेजी से जमीन पर उतारने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। इस संबध में नगर विकास विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्रों में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इससे जुड़कर सरकारी विकास कार्यों के भागीदार बनने की इच्छा रखने वाले की दान की गई राशि योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में जमा कराई जाएगी। दान की राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित डीएम से मिल जाएगी और कार्य प्रगति की रिपोर्ट शासन को दे दी जाएगी।

**विभाग के बजट से दी जाएगी धनराशि**

निर्देशों के अनुसार, अगर कोई दानदाता स्कूल व इंटर कॉलेज की कक्षाओं या स्मार्ट क्लास के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराता है तो शेष धनराशि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के बजट से दी जाएगी। इसी तरह सामुदायिक भवन के लिए नगर विकास विभाग से, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के लिए चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग से, पुस्तकालय और खेलकूद के लिए व्यायाम भवन और उपकरण के लिए खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग से धनराशि ली जाएगी।

# दुर्गा शंकर के सेवा विस्तार की चर्चाएं तेज



गृह मंत्री अमित शाह को पुष्पगुच्छ भेंट करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को चौथी बार सेवा विस्तार मिलेगा अथवा किसी अन्य को मुख्य सचिव की जिम्मेदारी मिलेगी? इस सवाल को लेकर शासन के गलियारे में चर्चाएं तेज हैं। तीन बार सेवाविस्तार पा चुके दुर्गा शंकर मिश्र का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। दरअसल, उन्हें चौथा सेवा विस्तार मिलने की चर्चा उप्र. की ब्यूरोक्रेसी में उस वक्त तेज हुईं जब मंगलवार को दुर्गा शंकर मिश्र की गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आयी। हालांकि, दुर्गा शंकर को अगर सेवा विस्तार नहीं मिलता है, तो इस पद के लिए उप्र. कैडर के 1987, 1988 और 1989 बैच के कई अधिकारी दावेदार बताए जा रहे हैं।

# नशे पर कार्रवाई में प्रदेश चौथे स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2024 में मई तक 3657 अभियोग पंजीकृत, 4548 गिरफ्तार

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जनपदों को नशा मुक्त बनाने के लिये विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉट-स्पॉट चिन्हित कर जनपद में अवैध मादक पदार्थों के सेवन व क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि नशे के विरुद्ध स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 में देश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सर्वाधिक कार्रवाई वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश का चौथा स्थान रहा है। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में मई तक 3657 अभियोग पंजीकृत, 4548 व्यक्तियों की गिरफ्तारी तथा 24,529.24 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। इसी प्रकार एएनटीएफ द्वारा 159 अभियोग पंजीकृत, 413 अभियुक्तों को गिरफ्तार, 17714.99 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। कोडिन युक्त कप सिरप की बिक्री पर रोक लगाते हुए निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। एफएसडीए द्वारा 04 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं और 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 12 से 26 जून, 2024 तक नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ हरिओम, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव गृह डॉ संजीव गुप्ता, एडीजी एसके भगत, आईजी एएनटीएफ अब्दुल हमीद, आईजी एसएसबी रतन संजय, डीआईजी एसएसबी महेश कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।


डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना ' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।


मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।


साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## मौसम

धूप तेज होगी। लू चलेगी। देर रात तक गर्म हवा चलेगी।

| 45.3° | 32.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## शहर में आज

- संगीत नाटक अकादमी की रंगशाला में नाटक सवा सेर गेहूं का मंचन शाम 6 : 30 बजे।
- गोमतीनगर के नोवा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में योग शिविर सुबह 10 :00 बजे।
- अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय में मंत्री ओम प्रकाश राजभर सभी जिलों के कार्यों की समीक्षा करेंगे–11 :30 बजे।

## एक नजर

### उधना-छपरा समर स्पेशल 19 व 20 को चलेगी

**अमृत विचार,लखनऊ :** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने ट्रेन नंबर–09041/09042 उधना–छपरा समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन नंबर 09041 उधना–छपरा समर स्पेशल 19 ओर 20 जून को उधना से पूर्वान्ह 11 :15 बजे रवाना होकर भुसावल, इटारसी, दूसरे दिन जबलपुर, कटनी, सतना, , प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर, गाजीपुर सिटी तथा बलिया से छूटकर छपरा शाम 7 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09042 छपरा–उधना स्पेशल 20 एवं 21 जून को छपरा से रात 11 बजे रवाना हो कर तीसरे दिन उधना सुबह 7 :30 बजे पहुंचेगी।

### लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस 26 से निरस्त

**अमृत विचार,लखनऊ : सिकंदराबाद** मंडल के काजीपेट जं – बल्लारशाह रेलखंड के पर तीसरी लाइन की कमीशनिंग के लिए प्री नान इंटर लाकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। ऐसे में लखनऊ से यशवंतपुर के मध्य चलने वाली ट्रेन नंबर–12539/12540 लखनऊ–यशवंतपुर एक्सप्रेस 26 जून से 5 जुलाई तक निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 12539 यशवंतपुर – लखनऊ एक्सप्रेस बुधवार 26 जून व 3 जुलाई को निरस्त रहेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 12540 लखनऊ – यशवंतपुर एक्सप्रेस 28 जून व 5 जुलाई को भी निरस्त रहेगी।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल निर्माण को मिले 21.52 करोड़

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) का राष्ट्र प्रेरणा स्थल जल्द तैयार होगा। सरकार ने तीसरे चरण में निर्माण के लिए 21 .52 करोड़ रुपये दिए हैं। एलडीए ने प्रेरणा स्थल दिसंबर 2024 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा है। रैली व अन्य बड़े आयोजन शहर से दूर किए जाएंगे। एक हजार लोगों की क्षमता होगी। इस प्रोजेक्ट की लागत 138 करोड़ रुपये है। दो चरणों में 50 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। परिसर में म्यूजियम, पार्किंग, रैली स्थल, हेलीपैड, मीटिंग हॉल तैयार किए जा रहे हैं।


ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार को पाताल पुरी हनुमान मंदिर में मूर्ति का श्रृंगार करते भक्त। अमृत विचार


तहसीनगंज स्थित शिया जामा मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज़ अदा कराते शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास। अमृत विचार


हजरतगंज में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल।

## बड़ा मंगल : मंदिरों-घरों में पूजन, लगे हजारों भंडारे

ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर हनुमान भक्तों ने राजधानी में जगह–जगह भंडारे का आयोजन कर हजारों लोगों में प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने बूंदी, हलवा, पूड़ी–सब्जी, छोला–चावल का प्रसाद ग्रहण किया। शरबत व ठंडे पानी के भंडारे ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई।

## बकरीद : ईदगाहों-मस्जिदों में अदा की नमाज, दी कुर्बानी

राजधानी के 95 ईदगाहों और 1149 मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई। सुरक्षा के लिए पांच डीसीपी समेत करीब ढाई हजार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। विशेष तौर पर पश्चिम जोन को 5 सेक्टर और 2 जोन में बांटा गया था। सभी प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों के पास सीसीटीवी कैमरे भी इंस्टाल किए गए, जिनसे नजर रखी गई।


बड़े इमामबाड़ा में नमाज के बाद गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की बधाई देते बच्चे।

# गृहकर : अब नहीं मिलेगी 15 प्रतिशत छूट, निगम ने तैयार किया प्रस्ताव

## सदन से मंजूरी के बाद होगा लागू, पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी हो जाएगी समाप्त

गोपाल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** नगर निगम ने गृहकर में छूट समाप्त करने की तैयारी कर ली है। ये फैसला निगम ने पहली तिमाही में अनुमान से काफी कम कर जमा होने की वजह से लिया है। मुख्य गृहकर निर्धारण अधिकारी की ओर से तैयार प्रस्ताव को सदन की मंजूरी मिलते ही छूट खत्म हो जाएगी। हालांकि पार्षद प्रस्ताव का विरोध भी कर रहे हैं। पहली तिमाही में सौ करोड़ गृहकर जमा हुआ, लेकिन टैक्स देने वाले भवन स्वामियों की संख्या कम हो गई।

गृहकर की चोरी रोकने और राजस्व बढ़ाने के लिए नगर निगम भवन स्वामियों को 15 प्रतिशत तक छूट दे रहा है। 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत और 1 अगस्त से 31 दिसंबर तक 5 प्रतिशत की छूट निर्धारित की गई थी। कर निर्धारण के लिए निगम की ओर से कराए गए सर्वे में पाया गया कि भवनों की संख्या बढ़ने के बावजूद कम लोग गृहकर जमा कर रहे हैं। इस पर निगम ने छूट से होने वाले घाटे को रोकने की योजना बनाई है। अधिकारियों का कहना है कि शत प्रतिशत गृहकर जमा होने की स्थिति में भवन स्वामियों को राहत देने वाली ऐसी स्कीम पर विचार किया जाएगा।

### इस तरह मिलती है छूट

1 अप्रैल से 31 जुलाई – 10 प्रतिशत
1 अगस्त से 31 दिसम्बर – 5 प्रतिशत
वित्तीय वर्ष 2023–24 में नगर निगम ने 31 मार्च तक पांच प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी थी

### सदन में हो सकता है हंगामा

नगर निगम सदन में इस प्रस्ताव को लेकर पार्षद हंगामा कर सकते हैं। भाजपा के ही नहीं विपक्ष के पार्षद भी इसका विरोध कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान महापौर ने नये वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए गृहकर पर पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी है। चुनाव खत्म होने के बाद गृहकर पर छूट पूरी तरह समाप्त करने का प्रस्ताव सदन से पास होने मुश्किल होगा।

> 2011 से नगर निगम ने गृहकर की दर नहीं बढ़ाई है। 5 और 10 प्रतिशत की छूट समाप्त करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। सदन की मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।
> **–अम्बी बिष्ट,** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

# महिला ने विमान में किया हंगामा

## उतारने पर सुरक्षा अधिकारी का काटा हाथ, मुंबई जा रही थी फ्लाइट

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ से मुंबई जा रही महिला यात्री ने विमान में दूसरे यात्रियों ने बदतमीजी की। रोकने पर सिक्योरिटी अफसर के हाथ में दांत से काट लिया। सुरक्षाबलों ने विमान से उतारकर उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। सिक्योरिटी अफसर ने महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आगरा के शमशाबाद थाना क्षेत्र के नगला निवासी तनवी को आकासा एयरलाइंस के विमान में लखनऊ से सोमवार को मुंबई जाना था। उड़ान शाम 4:40 बजे की थी। आरोप है कि विमान के अंदर पहुंचते ही तनवी ने अन्य यात्रियों से बदतमीजी शुरू कर दी। यात्रियों ने इसकी शिकायत विमान की क्रू मेंबर अंकिता से की। क्रू मेंबर ने विमान के बाहर मौजूद सिक्योरिटी अफसर को जानकारी दी। सिक्योरिटी अफसर ने महिला को विमान से उतार दिया। तनवी फिर विमान में जाने लगी। सिक्योरिटी अफसर जय पांडेय ने रोकने की कोशिश की तो उसने धक्का देकर उनके बाएं हाथ में दांत से काट लिया। इसके बाद सीआईएसएफ बुलाकर तनवी को विमान से उतार दिया गया। सुरक्षा कर्मियों उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। सिक्योरिटी अफसर जय पांडेय ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी ने कहा कि महिला मानसिक रूप से बीमार प्रतीत हो रही है।

▸▸ **विमान से जबरन उतारी गई आगरा की महिला, सरोजनीनगर थाने में एफआईआर दर्ज**

### लगेज लेकर 500 मीटर पैदल चलकर पहुंच रहे यात्री

**अमृत विचार ,लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय लखनऊ एयरपोर्ट पर इस भीषण गर्मी में भी ऑटो से आने वाले यात्रियों को पांच सौ मीटर दूर उतरना पड़ रहा है। एयरपोर्ट प्रशासन इसके आगे ऑटो से जाने नहीं दे रहा। सोशल मीडिया पर यात्री नाराजगी जता रहे हैं। वहीं, एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार ऑटो को दूर रोकना सुरक्षा मानकों में है। यह दूरी अधिकतम 250 मीटर ही होगी।

### नहीं मिली फर्स्ट एड किट

दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक यूजर अमित शुक्ला ने फर्स्ट एड किट न मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने लिखा कि विश्वस्तरीय एयरपोर्ट का क्या फायदा जब पूरे टर्मिनल में एक फर्स्टएड किट तक न मिल पाए। जवाब में लखनऊ एयरपोर्ट की ओर से खेद जताया गया है। साथ ही भविष्य में ऐसी व्यवस्था करने की बात कही गई है।

# 12 जून को किया अल्ट्रासाउंड, प्रसव की तारीख लिखी 23 दिसंबर 2023

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर कर्मचारी ने अल्ट्रासाउंड कर थमा दी गलत रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** इटौंजा के निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर सोनालॉजिस्ट की अनुपस्थिति में कर्मचारी ने गर्भवती का अल्ट्रासाउंड कर गलत रिपोर्ट थमा दी। 12 जून 2024 को कराए गए अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट में प्रसव की संभावित तारीख 23 दिसंबर 2023 लिखी दी। पीड़ित पक्ष ने की शिकायत पर सीएमओ ने जांच शुरू करा दी है।

इटौंजा निवासी सुनील कुमार ने तीन माह की गर्भवती पत्नी बबली को 12 जून 2024 को इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाया। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड की सलाह देकर बेस्ट डायग्नोस्टिक सेंटर भेज दिया। निजी सेंटर पर एक कर्मचारी ने अल्ट्रासाउंड कर देर में रिपोर्ट भी दे दी। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड और रिपोर्ट दोनों को गलत बताया। सुनील ने बताया की निजी सेंटर ने 750 रुपये की फीस ली थी, लेकिन रसीद नहीं दी। रिपोर्ट में प्रसव की संभावित तारीख 23 दिसंबर 2023 लिख दी।

पीएनडीटी के नोडल अफसर केडी मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। निजी डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक को सभी दस्तावेज लेकर बयान के लिए बुलाया गया है। कर्मचारी से अल्ट्रासाउंड करने की पुष्टि होने पर सेंटर का संचालन भी बंद कराया जा सकता है।


**स्मारिका भेंट की** लोक संस्कृति शोध संस्थान के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर केन्द्रित स्मारिका लोकाभिरामम का अंक भेंट किया। शिष्टमंडल में संस्थान के संरक्षक डॉ. नीरज बोरा, पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, सचिव सुधा द्विवेदी, अर्चना गुप्ता, नीरा मिश्रा, निवेदिता भट्टाचार्य और डॉ. एसके गोपाल शामिल रहे।

## एलडीए बनाएगा कूलिंग प्वाइंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोगों को हीटवेव से बचाने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर में कूलिंग प्वाइंट बनाएगा। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जोन के अधिकारियों से स्थलों के नाम मांगे हैं। कूलिंग प्वाइंट सार्वजनिक स्थान, रिक्शा स्टैंड, टेंपो स्टैंड, फुटपाथ वाले बड़े बाजार और श्रमिकों के कार्य करने वाले बड़े निर्माण स्थलों पर बनाए जाएंगे। इन कूलिंग प्वाइंट पर दोपहर में बाजार आने वाले लोग व काम करने वाले श्रमिक ठहर सकेंगे।

# करें योग, फोटो अपलोड कर खुद लें प्रमाणपत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राजधानी के 190 पार्कों में सुबह छह से आठ बजे तक सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे। इसमें योग करते हुए लोग अपनी फोटो अपलोड करने के साथ सहभागिता प्रमाणपत्र खुद डाउनलोड कर सकेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इसके लिए आयुष कवच ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। इसमें आईवाईडी 2024 पर क्लिक करने पर तीन विकल्प मिलेंगे। इसमें से इंडीविजुअल पर जाकर योग करते हुए अपनी फोटो डाल सकेंगे। इसी तरह सहभागिता प्रमाणपत्र भी डाउनलोड कर सकेंगे।

### राजभवन में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

राजभवन में राज्यस्तरीय और रेजीडेंसी में जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा। कक्षा पांच से ऊपर के स्कूलों में छात्र–छात्राएं और अध्यापक योग करेंगे। डीएम सूर्य पाल गंगवार ने डीआईओएस और बीएसए को इस बाबत निर्देश जारी कर दिए हैं।

### हर पार्क में तैनात रहेंगे योग गुरु

हर पार्क में योग गुरु योगाभ्यास कराएंगे। रेजीडेंसी और राजभवन में भी तीन–तीन योग गुरु मौजूद रहेंगे।

### ये विभाग कराएंगे योग

- नगर निगम के पार्क – 160
- लखनऊ विकास प्राधिकरण – 16
- आवास विकास – 4
- आयुष्मान विभाग – 10

# स्कूल खुलने से पहले करानी होगी वाहनों की फिटनेस जांच

**अमृत विचार, लखनऊः** स्कूली वाहनों के फिटनेस की जांच स्कूल खुलने से पहले करानी होगी। फिटनेस प्रमाणपत्र के बगैर बच्चों को ले जाने वाले वाहनों को सीज करने के साथ वाहन मालिक पर कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में परिवहन विभाग ने विद्यालय संचालकों को पत्र भेजा है।

आरटीओ ने स्कूली वाहनों के लिए 13 सुरक्षा मानक तय किए हैं। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी के मुताबिक 600 से अधिक अनफिट स्कूली वाहन दौड़ रहे हैं। अब तक 800 स्कूल वाहन स्वामियों को नोटिस भेजे जा चुके हैं। 300 गाड़ियों की फिटनेस जांच हो चुकी है। तीन माह में 132 स्कूली वाहनों का चालान किया गया है।

**अव्यवस्था** तीमारदारों ने हाथ पंखे, रुमाल और गमछे से हवा कर मरीजों को राहत देने की कोशिश की

# केजीएमयू की न्यू ओपीडी का एसी प्लांट बंद, मरीज बेहाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू की न्यू ओपीडी बिल्डिंग का एसी प्लांट मंगलवार बंद हो गया। इससे बिल्डिंग की चारों मंजिल की ओपीडी में आए मरीज और तीमारदार गर्मी से बेहाल हो गए। ओपीडी के कई पंखे खराब थे, जो पंखे चल भी रहे थे वह गर्मी से राहत दिलाने में नाकाफी थे। कई तीमारदार हाथ के पंखे, गमछा और पंजीकरण पर्चे से हवा कर मरीज को राहत देने की कोशिश करते रहे।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की न्यू ओपीडी में प्रदेश भर से रोजाना पांच से छह हजार मरीज आ रहे हैं। लखीमपुर से आए रामशंकर ने बताया कि उमस और गर्मी की वजह से ओपीडी में रुकना मुश्किल हो गया था। सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। न्यूरो की समस्या के चलते बेटे को दिखाने आए गोंडा निवासी सुरेश ने बताया कि उमस की वजह से बेटे की तबीयत बिगड़ रही थी। कई बार अनुरोध करने के बावजूद डॉक्टरों ने नंबर आने से पहले देखने से मना कर दिया। मरीज को हाथ के पंखे से राहत दिलाई गई। ठंडे पानी से शरीर को कई बार पोछा भी।

> मैं स्वयं ओपीडी में था, एसी खराब जैसी कोई स्थिति सामने नहीं आई। हो सकता है थोड़ी देर के लिए कोई दिक्कत आई हो ।
> **–डॉ. सुधीर सिंह,** प्रवक्ता केजीएमयू


गमछे से हवा कर मरीज को गर्मी से राहत देने का प्रयास करता तीमारदार।

## डायरिया - डिहाइड्रेशन की चपेट में आ रहे बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी के कारण बच्चे डायरिया, डिहाइड्रेशन और वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों के बाल रोग विभाग की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या 50 फीसद तक बढ़ गई है।

रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान ने बताया कि ऐसे मौसम में सभी आयु वर्ग के लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है, लेकिन बच्चों में इंफेक्शन का ज्यादा खतरा रहता है। बैक्टीरियल इंफेक्शन बच्चों के पेट में दिक्कत हो जाती है। इससे डिहाइड्रेशन, डायरिया और कमजोरी हो सकती है। इनसे बचने के लिए खानपान पर खास ध्यान देना चाहिए। नवजातों को अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

▸▸ **बाल रोग विभाग की ओपीडी में 50 फीसदी तक बढ़ी मरीजों की संख्या**

बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि गर्मी के कारण बीमार होने वाले 30-35 बच्चे रोजाना अस्पताल आ रहे हैं। इनमें 10-12 बच्चों को भर्ती करना पड़ रहा है। लोकबंधु और सिविल अस्पताल में भी 25-30 बच्चे रोजाना आ रहे हैं।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गुप्ता ने बताया बुखार और डायरिया से पीड़ित बच्चों को ठीक होने में पांच से सात दिन लग रहे हैं।

## एक नजर

### शिक्षक पुरस्कार के लिए पंजीकरण शुरू

**अमृत विचार,लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए पंजीकरण करने को कहा है। पंजीकरण के लिए पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र 20 जून तक भरे जाएंगे।



बीएसएनएल पूर्व के सीजीएम का स्वागत करते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

### महेश चंद्र ने संभाला महाप्रबंधक का कार्यभार

**अमृत विचार,लखनऊ :** बीएसएनएल उत्तर प्रदेश पूर्व परिमण्डल के नए मुख्य महाप्रबंधक महेश चंद्र सिंह ने मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। अभी तक वह महाप्रबंधक चंडीगढ़ व्यापार क्षेत्र में सेवा दे रहे थे। संचार निगम एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के परिमण्डल सचिव सुशील त्रिपाठी और उनकी टीम ने नए सीजीएम का स्वागत किया।

### भाषा विविः सम सेमेस्टर स्नातक परीक्षाफल घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर स्नातक परीक्षाफल घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने बताया है कि घोषित परिणामों में बीटेक, बीए, बीकॉम, बीसीए, बीएससी की परीक्षाएं शामिल हैं। इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थी अंक पत्र के लिए विभाग में संपर्क कर सकते हैं। वे अगले सेमेस्टर के बारे में जानकारी भी विभाग में मौजूद अधिकारी से ले सकते हैं।

# अकबर नगर प्रथम मलबे से भरे मैदान में तब्दील

## एलडीए ने 8वें दिन 171 अवैध निर्माण तोड़े, अंत में चार धार्मिक स्थल गिराये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अकबर नगर प्रथम में 925 अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया है। आठ दिन तक चली कार्रवाई में अकबर नगर प्रथम व द्वितीय मैदान बन गया है। यहां कुकरैल नदी और बंधे पर कब्जा कर 1200 मकान और 100 से अधिक अयोध्या रोड पर शोरूम बने थे। जो अब मलबा में तब्दील हो गए हैं। चारोंतरफ अब मलबा ही पड़ा है। आखिरी दिन चार धार्मिक स्थल भी गिरा दिए।

मंगलवार को एलडीए ने अकबर नगर प्रथम में 15 पोकलेन व 12 जेसीबी लगाकर शेष 171 अवैध निर्माण ध्वस्त कर क्षेत्र साफ कर दिया। आखिरी दिन चार धार्मिक स्थल भी गिराये गए। कार्रवाई पुलिस, पीएसी व रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की मौजूद में की गई। जिला प्रशासन, एलडीए व पुलिस विभाग के अधिकारी रहे। कार्रवाई के दौरान अयोध्या रोड दोनों तरफ से बैरीकेडिंग कर बंद कर दी गई और पुलिस ने लोगों को आनेजाने नहीं दिया। प्रथम क्षेत्र में 13 जून को ध्वस्तीकरण अभियान शुरू हुआ था। यहां, 30 क्लस्टर में चिह्नित कुल 925 अवैध निर्माण दो शिफ्ट में जमींदोज किए हैं।

इससे पहले अकबर नगर प्रथम के ठीक सामने द्वितीय में 10 से 13 जून तक एक मदरसा व दो धार्मिक स्थल छोड़कर 395 अवैध निर्माण तोड़े गए थे। यहां अंतिम दिन अकबर नगर प्रथम में शाम की शिफ्ट में कार्रवाई खत्म होने के बाद मदरसा व धार्मिक स्थल गिराने के लिए बुलडोजर लगाए गए। रात में कार्रवाई की जानी थी।

इधर, एलडीए ने अकबर नगर के कुल 1,898 अध्यासियों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री शहरी आवास दिए हैं। जहां परिवार शिफ्ट हो गया है। जो परिवार किसी कारण छूट गए, उनके पंजीयन किए जा रहे हैं। जल्द ही सभी प्रभावितों को बसंतकुंज योजना में आवास दे दिए जाएंगे। अफसरों ने वहां पहुंच चुके लोगों को कब्जा भी दिला दिया है।

वहीं दूसरी ओर अकबर नगर से विस्थापित परिवारों का कहना है कि जहां उन्हें मकान दिए गए हैं वहां मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में उन्हें काफी दिक्कत हो रही है।



मंगलवार देर शाम ऐसा दिखा अकबर नगर का नजारा, जहां हर तरफ मकानों का मलबा फैला पड़ा था।

### अभियान में इस तरह तोड़े गए अवैध निर्माण

**अकबर नगर द्वितीय**

10 जून – 45
11 जून – 105
12 जून – 162
13 जून – 83

**अकबर नगर प्रथम**

13 जून – 83
14 जून – 165
15 जून – 256
16 जून – 279



पोकलेन मशीन– 15
जेसीबी– 12
अन्य वाहन – 45
पुलिस कर्मी 800
निगम कर्मी 200
अफसरों की टीमें 02

### मलबा उठाने के टेंडर के लिए टीम ने किया सर्वे

अब एलडीए मलबा उठाने के लिए टेंडर करेगा। इसके लिए अभियंताओं की टीम ने सर्वे कर आकलन किया।

### रोती हुई पहुंचीं महिलाएं यहीं कहीं था मेरा मकान

मंगलवार को कुछ महिलाएं रोते हुए आईं, लेकिन मलबा मिला और अंदाजा नहीं लगा पाईं कि उनका मकान कहां पर बना था।

### 10 जून से शुरू अभियान में 1320 भवन तोड़े

कुकरैल नदी के पुनरुद्धार को लेकर 10 जून से शुरू हुए अभियान में कुल 1,320 आवासीय व व्यवसायिक भवन तोड़े गए हैं।



अकबर नगर से सभी भवन ध्वस्त किए जाने के बाद ड्रोन से ली गई तस्वीर।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम PASI AJAY KUMAR SARJU PRASAD से बदल कर AJAY KUMAR PASI रख लिया है। अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O - SARJU PRASAD PASI ADD&PADRI KHURD UNNAO (U.P.)

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सै0 नसीम अख्तर काज़मी पुत्र स्व0 सै0 सादिक हुसैन काज़मी, निवासी– 328/13, सी ब्लाक राजाजीपुरम् लखनऊ** का हूँ तथा मेरा एक किता प्लाट नं0 21 मोहल्ला सरफराज हरदोई रोड परगना तहसील व जिला लखनऊ में स्थित है जिसका रकबा 30x35=1050 वर्ग फिट है का मै तनहा मालिक हूँ अगर इस विषय में कोई कय विक्रय किसी अन्य के द्वारा किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैध होगा जिसका जिम्मेदार सम्बन्धित पक्षकार स्वयं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि **मैं राम प्रताप पुत्र सुन्दर, निवासी– ग्राम पूरे मजरे सरॉय दिलबर, परगना व तहसील थाना कोतवाली डलमऊ, जिला रायबरेली,** मेरा पुत्र अर्पित कुमार मेरे परिवार के व्यक्तियों को व मुझे हमेशा मारता पीटता रहता है और शराब के नशे का आदी है मेरा कुछ भी कहना नहीं मानता हैं उसका चाल चलन सही ना होने के कारण उसके कृत्यों से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
मैने अपने पुत्र अवनेंद्र मिश्रा को उसके गलत आचरणों के चलते संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा सरोकार नहीं होगा। अंजनी मिश्रा पुत्र स्व.बृज बिहारी मिश्रा, निवासी मं. नं.538 क/970 त्रिवेणीनगर–3, लखनऊ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं राजकिशोर पुत्र स्व. दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम दुर्गागंज थाना व पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ का हूं। जोकि मेरी सगी बड़ी पुत्री अनीता ने अपना विवाह अपनी मर्जी से जसवंत पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम अमेठिया सलेमपुर थाना व पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ से कर लिया है और उसके साथ रह रही है। इसके गलत आचरण के चलते मैं बहुत ही परेशान हूं। आज से मैने अपनी बड़ी पुत्री अनीता को अपनी सारी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। इनके द्वारा किए गए कृत्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
फर्जी '' डिप्लोमा सर्टिफिकेट '' का कारोबार करने वाली संस्थान–ब्रिटिश फाउंडेशन का पर्दाफाश.. उपरोक्त, ब्रिटिश फाउंडेशन नामक संस्थान जिसका व्यवसायिक कार्यालय, गुरुनानक इंटर कालेज के सामने अमर मिलन गेस्ट हाउस के बगल में नहर चार रास्ता लखीमपुर–खीरी उत्तर प्रदेश हैं। उक्त संस्था के संस्थापक एवं चौयरमेन श्री अमित त्रिवेदी तथा अध्यक्ष श्री ऋषभ शर्मा जो ब्रिटिश फाउंडेशन ऑफ रूरल मेडिकल कॉलेज नाम से फर्जी संस्थान बनाई है जो संस्थान ग्लोबल मेडिकल कालेज अहमदाबाद के द्वारा संचालित संस्थान बता कर ''फर्जी'' डिप्लोमा सर्टिफिकेट बनाकर छात्रों को दे रही हैं जोकि अनौपचारिक रूप से ग्लोबल मेडिकल कालेज अहमदाबाद की संस्था नहीं है। अतः जनहित में सभी अभिभावकों / छात्रों को सूचित किया जाता है कि ब्रिटिश फाउंडेशन ऑफ रूरल मेडिकल ट्रेनिंग के द्वारा सभी जारी किये गए सर्टिफिकेट को फर्जीतथा अवैध करार किया जाता है, तथा किसी भी तरह की हानि की जिम्मेदार हमारी संस्था की नहीं होगी, अतः इस तथ्य को लिखित रूप नोट कर ले। तदनुसार, ग्लोबल बायो–केमिक होमियो एंड होलिस्टिक मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष / संस्थापक डा0 राजें0 आर0 पांडेय के द्वारा उक्त गुनेहगार संस्थान / व्यक्ति के विरुद्ध सिविल एवं क्रिमनल (Civil & Criminal Case) की धाराओं के तहत दंडात्मक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय जिला पंचायत, लखनऊ**
पत्रांक– 242/सम्पत्ति–सू0/जि0पं0 /2024–25 दिनांक– 15/6/2024
**नीलाम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, लखनऊ के स्वामित्वाधीन निम्नलिखित कृषि योग्य भूमियों (1– ग्राम कन्कहा वि0ख0 मोहनलालगंज), (2– ग्राम कुढा वि0सं0 मोहनलालगंज), (3– ग्राम नबीपनाह वि0खं0 मलिहाबाद), (4– ग्राम मवई पडियाना वि0ख0 सरोजनी नगर) की कृषि कार्य हेतु 03 वर्ष 2024–25 के लिए किराए पर दिए जाने हेतु खुली बोली की कार्यवाही कार्यालय जिला पंचायत, लखनऊ के सभागार में दिनांक 28.06.2024 को समय 2.00 बजे नीलाम समिति द्वारा की जाएगी तथा अवशेष नीलामी प्रत्येक सोमवार की जायेगी। नीलामी में भाग लेने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को जमानत के रूप में 5000 रु0 एवं अधिकतम बोलीदाता को समस्त धनराशी तुरंत जमा करनी होगी। जिला पंचायत के किसी भी बकायेदार को बोली में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। नीलामी की शर्तो की विस्तृत जानकारी व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत लखनऊ**


# गर्मी में बिजली कटौती ने किया बेहाल, गोमती नगर में हंगामा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या उपभोक्ताओं का पारा हाई कर रही है। गर्मी में बिजली कटौती होने पर उपकेंद्रों पर फोन रिसीव नहीं किए जाते। इससे उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ जाता है। आक्रोशित उपभोक्ता आए दिन पावर हाउसों पर हंगामा कर रहे हैं।

विभूत खंड एरिया में मंगलवार को लगातार कई घंटे बिजली कटौती की गई। कठौता झील क्षेत्र में दो घंटे से अधिक और विराज खंड पावर हाउस गोमती नगर में तीन घंटे कटौती की गई। विराजखंड में लोगों ने पावर हाउस में हंगामा कर दिया। राजाजीपुरम, उतरेटिया, वृन्दावन, पीजीआई क्षेत्रों में भी बिजली गुल रही।

अंबेडकर पावर हाउस के आवास विकास फीडर से जुड़े कल्ली पश्चिम में सोमवार रात 5 घंटे बिजली कटौती की गई। बिजली न होने से पंखे, कूलर नहीं चलने से लोग सो नहीं पाए। बिजली आई तो वोल्टेज लो रहा। ठाकुरगंज उपकेन्द्र की लाइन का तार टूटने से कई घंटे बिजली नहीं आई। चौक कश्मीरी मोहल्ला में रात 12 बजे से बिजली गुल रही। मोहल्ले के लोग गर्मी से परेशान रहे। आजादनगर उपकेन्द्र पर तीन घंटे तक बिजली गायब रही। दिन में बार-बार ट्रिपिंग होने से इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान, कम्प्यूटर, मोबाइल, फोटोकॉपी सहित कई दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हुआ। पेयजल आपूर्ति के समय बिजली कटौती से पानी कम प्रेशर से मिल रहा है।

### पावर हाउस का फोन हो जाता है बंद

बिजली बंद होने पर स्थानीय लोगों द्वारा जब भी पावरहाउस पर फोन लगाया जाता हैं तो फोन आउट ऑफ सर्विस ही मिलता हैं। जिसके कारण लोगों में रोष व्याप्त हैं। बिजली कब तक आएगी लोग इसकी जानकारी के लिए परेशान रहते है जहां कर्मचारी घंटों फोन बंद रखते हैं।



लक्ष्मण मेला मैदान में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त।

# निगम को हैंडओवर होगा लक्ष्मण मेला सीवेज स्टेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लक्ष्मण मेला मैदान में सीवेज पंपिंग स्टेशन बनकर तैयार हो गया है। जल निगम जल्द ही इसे नगर निगम को हैंडओवर कर देगा। मंडलायुक्त ने पंपिंग स्टेशन की क्रियाशीलता एक बार फिर चेक करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्लीनिंग कराने के बाद पाइपलाइन की चेकिंग भी की जाए। उन्होंने जलकल के अधिकारियों को सीवेज पंपिंग स्टेशन की क्रियाशीलता जांचने के बाद नगर निगम को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। जलकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि पंपिंग स्टेशन से जोन एक के 10 वार्डों को कवर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण प्लांट की क्रियाशीलता की जांच करने के दिए निर्देश**

## थर्ड जेंडर के लिए योग शिविर का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी मैदान पर थर्ड जेंडर के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। रोगों से बचाव के लिए प्रशिक्षकों ने आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

संकाय के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि यह समुदाय भी समाज का विशेष अंग है, योग के माध्यम से स्वास्थ्य की धारा से जोड़ने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। वीरासन, बालासन, त्रिकोणासन के साथ अनुलोम -विलोम का अभ्यास कराया गया। पेट की बीमारियों से बचाव लिए ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, भुजंगासन, तिर्यक भुजंगासन का अभ्यास कराया गया। फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए उष्ट्रासन, गौमुखासन तथा भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास हुआ। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक डॉ. राम किशोर, डॉ. राम नरेश, शिक्षक शोभित सिंह उपस्थित रहे।

## कैंसर संस्थान के प्रो. हिमांशु ने दिया इस्तीफा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. हिमांशु प्रिंस यादव ने इस्तीफा दे दिया है। संस्थान प्रशासन की ओर से उनका इस्तीफा स्वीकार कर कार्यमुक्त कर दिया गया। डॉ. हिंमांशु ने 6 अप्रैल को अपना इस्तीफा संस्थान प्रशासन को दिया था। नौकरी छोड़ने के पीछे उन्होंने व्यक्तिगत कारण बताए थे। संस्थान प्रशासन की ओर से जांच के बाद इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

वहीं, सूत्रों का कहना है कि डॉ. हिंमांशु निजी संस्थान में नौकरी ज्वाइन करना चाहते हैं। इसके पहले पीजीआई के भी कई डॉक्टर नौकरी से इस्तीफा दे चुके हैं।

# पीजीआई में लगेंगी दो नई एमआरआई मशीनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**जुलाई से जांच शुरू होने की संभावना, मरीजों को नहीं करना पड़ेगा इंतजार**

**अमृत विचार :** पीजीआई में एमआरआई जांच के लिए मरीजों को महीनों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। संस्थान में दो नई एमआरआई मशीन लगाई जा रही हैं। जुलाई के आखिर तक नई मशीन में जांच होने लगेगी।

दो नई मशीनें लगने के बाद संस्थान में तीन एमआरआई मशीन हो जाएंगी। इससे रोजाना औसतन 120 मरीजों की जांच हो सकेगी। पीजीआई में रोजाना अलग-अलग विभागों के डॉक्टर ओपीडी और भर्ती मरीजों की 100 से ज्यादा एमआरआई कराने के लिए लिखते हैं। मौजूदा समय में एक ही एमआरआई मशीन चालू है। इससे बमुश्किल 30 मरीज की एमआरआई जांच हो पाती है। भर्ती मरीजों की एमआरआई एक हफ्ते बाद हो पा रही है। नई मशीनें लगने के बाद गंभीर मरीजों की एमआरआई 24 घंटे के भीतर हो सकेगी। पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया रेडियोडायग्नोसिस विभाग में मशीन लग रही है। एफ ब्लॉक स्थित रेडियोडायग्नोसिस विभाग में भी मशीन लगाई जा रही है। ईएमआरटीसी में पीपीपी मॉडल पर मशीन लगाई जाएगी।


**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने (मुकेश जिंदल पुत्र रमेश जिंदल) निवासी म0सं0 सी 71 निराला नगर, लखनऊ एक आवासीय भूखण्ड सं0 2ए/503 क्षेत्रफल 1100 वर्गमीटर स्थित सेक्टर–2ए वृन्दावन योजना –2 पार्ट –1 लखनऊ में आदित्य मोहन पुत्र स्व0 ओ0 पी0 अरोरा से 17.07.2021 में में क्रय किया था जिसे आदित्य मोहन ने दिनांक 17.07.21 को आवास एवम विकास परिषद लखनऊ से क्रय किया था, जिसका आवंटन पत्र दिनांकित 25.07.2015 में एवं भौतिक कब्ज़ा प्रमाण पत्र दिनाकित 28.03.2023 जो कि आवास एवम विकास परिषद लखनऊ द्वारा आदित्य मोहन अरोरा पुत्र स्व0 ओ0पी0 अरोरा के पक्ष में निर्गित हुआ था दिनांक 10.06.2024 को लगभग 03.10 PM को निराला नगर में कही रास्ते में गिर गया और बहुत खोजने के बाद भी अभी तक नही मिला है यदि किसी व्यक्ति को मिले तो निम्नलिखित पते पर देने का कष्ट करे :– मुकेश जिंदल पुत्र रमेश जिंदल म0सं0 सी 71 निराला नगर, लखनऊ।

**न्यायालय पुलिस उपायुक्त/कार्यपालक मजिस्ट्रेट (मध्य) कमिश्नरेट लखनऊ।**
**वाद संख्या – 07 / 2023**
**धारा – 145 द0प्र0सं0**
**थाना – मदेयगंज लखनऊ।**
**तारीक पेशी– 25.06.2024**
**विशाल कपूर पुत्र प्रेम हालपता– अशोक जैन का मकान पांचूलाल का पेट्रोल पम्प डालीगंज कासिंग थाना मदेयगंज लखनऊ। मो0 नं0– 9554946463**
***सरकार***
बनाम –
***विशाल कपूर आदि***
**प्रथम पक्ष –** 1. विशाल कपूर पुत्र प्रेम कपूर मूल निवासी वी0डी0 रोड अंधेरी वेस्ट मुम्बई महाराष्ट्र, हालपता– अशोक जैन का मकान पांचूलाल का पेट्रोल पम्प सीतापुर रोड निकट डालीगंज कासिंग थाना मदेयगंज लखनऊ। मो0 नं0– 9554946463
**द्वितीय पक्ष –** ऋषभ अग्रवाल पुत्र श्री सुशील अग्रवाल, निवासी–म0नं0 डी0 154, बाबूगंज रामकृष्ण मठ निरालानगर थाना हसनगंज लखनऊ। मो0 नं0 9935820794
वाद संख्या 07/2023 सरकार बनाम विशाल कपूर आदि थाना मदेयगंज लखनऊ विचाराधीन न्यायालय है। प्रश्नगत् वाद में विवादित स्थल को लेकर पैरबी हेतु प्रथम पक्ष लगातार तिथियों से अनुपस्थित रह रहे हैं जिस कारण वाद की कार्यवाही लम्बित चल रही है।
अतः आपको अन्तिम अवसर के साथ निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत तिथि 25.06.2024 को आप स्वयं समय 11रू00 बजे पूर्वाह्न अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में पैरवी हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा वाद में एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।
दिनांकः 11 जून, ,2024
**( अभिजीत आर0 शंकर)**
**पुलिस उपायुक्त अफिसर्स मजिस्ट्रेट (मध्य)**
**पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ**

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **10.07.2024** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05202024 दिनांक 18.06.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 14-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम : वरि० मंडल इंजीनियर–VI के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव एवं प्रयाग के अंतर्गत DMW-DYP सेक्शन में समपार सं. 1/C, 11/C, 18/C, 22/C, 24/C, 25/C, DMW-ON सेक्शन में समपार सं. 69/C, 80/C, 82/C, 88/C, 89/C, 94/C, 97/C, 109/C, 113/C, 121/C & 124/C, PFM-UCR-DMW सेक्शन में समपार सं. 21/C, 33/C, 46/C, 58/C, UCR-DYP सेक्शन में समपार सं. 3/C, 18/C, 20/C एवं PPU-CIL सेक्शन में समपार सं. 87 / 12–13 (कुल–25) पर निर्मित एल.एच.एस. (सीमित ऊंचाई सबवे) से पानी निकालने का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 52,46,623.37 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 1,04,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 26.06.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 10.07.2024, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1827/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


प्रदर्शन | अनुकंपा नियुक्ति की उठाई मांग, कोरोना के चलते हो गई थी कर्मचारियों की मौत

# परिवहन निगम पर धरने पर बैठे 1100 युवा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदेश भर से आए करीब 1100 युवाओं ने परिवहन निगम मुख्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। नियुक्ति दो या मृत्यु दो के नारे लगा रहे युवाओं का कहना था कि इस बार नौकरी का पक्का आश्वासन मिलने पर ही धरने से हटेंगे।

कोरोना महामारी के दौरान परिवहन निगम के सैकड़ों कर्मचारियों की कार्य के दौरान मौत हो गई थी। उनके परिवार के सदस्यों को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था। अभी तक नियुक्ति नहीं मिल पाई है। 1100 से अधिक युवा नौकरी के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। वह मुख्यमंत्री से लेकर परिवहन मंत्री तक से गुहार लगा चुके लेकिन सुनवाई नहीं हुई। परेशान युवा मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि अब नौकरी का आश्वासन मिलने पर ही धरना स्थल से हटेंगे। बताया कि चुनाव आचार संहिता लगने के पहले भी धरना प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के चलते पुलिस बल तैनात रहा।



परिवहन निगम मुख्यालय पर नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते मृतक आश्रित।


**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)। टोल–फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldaonline.co.in
**–: सार्वजनिक सूचना :–**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यावसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/ भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राम प्रसाद मिश्रा | भू० सं० सी०पी०-100 | विराज खण्ड गोमती नगर | 04.05.2021 | श्री रंजन मिश्रा | ------- | पुत्र |
| 2. | श्री राम प्रसाद मिश्रा | भू० सं० सी०पी०-47 | विराज खण्ड गोमती नगर | 04.05.2021 | श्री रंजन मिश्रा | ------- | पुत्र |
| 3. | स्व० ईश्वर प्रसाद | भ० सं० 5/418 | विराम खण्ड गोमती नगर | 05.02.2013 | श्रीमती कविता प्रसाद उर्फ अंजना प्रसाद | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | पत्नी |
| 4. | श्री विजय प्रकाश श्रीवास्तव पत्नी स्व० श्रीमती आशा रानी | डी-1/24 | विभव खण्ड गोमती नगर | 01.07.2020 | श्री विजय प्रकाश श्रीवास्तव श्री मोहित श्रीवास्तव | ------- | पति एवं पुत्र |
| 5. | श्रीमती मंजू श्रीवास्तव | भू० सं० 6-वी/49 | गोमती नगर विस्तार योजना | श्रीमती मंजू श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 28.12.2021 को हो चुकी है | श्री सुरेन्द्र कुमार श्री आकाश श्रीवास्तव | ------- | पति एवं पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
**सचिव**




## एक नजर

### श्रद्धा बनीं पेटेंट डिजाइन परीक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की शोध छात्रा श्रद्धा राठौर को पेटेंट और डिजाइन के परीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। यह पद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के अधीन है। छात्रा ने परीक्षा को तीन चरणों में उत्तीर्ण किया। भर्ती प्रक्रिया राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की ओर से कराई गई। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा ने उन्हें बधाई दी है।



श्रद्धा राठौर

### वर्चुअल ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब में मंगलवार को वर्चुअल ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप्स और इनक्यूबेशन सेंटरों के बीच सहयोगात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय की उपस्थिति में एचडीएफसी बैंक अधिकारियों ने बैंक की स्टार्टअप बैंकिंग सर्विसेज के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों ने प्रतिभाग किया।

# यूजीसी नेट : परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का शिकार हुए परीक्षार्थी

## राजधानी के 19 केंद्रों पर 58 हजार अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, दो केंद्रों पर छात्रों ने किया हंगामा, लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा देने आए कई परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों की अव्यवस्थाओं का शिकार हो गए। दो परीक्षा केंद्रों पर छात्रों ने जमकर हंगामा भी किया। लगभग 30 परीक्षार्थी देर से आने के कारण परीक्षा देने से वंचित रह गए। उनका आरोप था कि वह समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए थे लेकिन उसके बावजूद उन्हें परीक्षा देने नहीं दिया गया।

मंगलवार को दो पालियों में यूजीसी नेट की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें पहली बार एआई तकनीक के सहारे परीक्षार्थियों की पहचान की गई। लखनऊ में पंजीकृत 62,000 अभ्यर्थियों में 58,000 परीक्षा में शामिल हुए। जिले में 19 केंद्र बनाए गए थे। 200 अंक के लिए कुछ 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। अभ्यर्थियों ने बताया कि सवाल असान थे, लेकिन घुमाकर पूछे गए थे। हालांकि गलत उत्तर के लिए नंबर नहीं काटे जाने हैं, इसलिए राहत है। छात्र संजीव शुक्ला का कहना था कि केंद्र के बाहर कोई भी शेड नहीं था, छाव ढूंढने को लेकर परेशानी हुई।



गोमती नगर के खरगापुर में वरदान इंटरनेशनल एकेडमी में यूजीसी नेट की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार



वरदान इंटरनेशनल एकेडमी में परीक्षा के दौरान स्कूल की कैंटीन में रखा गया परीक्षार्थियों का सामान। अमृत विचार

### मोबाइल जमा करने के लिए 100 रुपये वसूले

वरदान इंटरनेशनल एकेडमी केंद्र पर बहन को परीक्षा दिलाने आए सुधांशू तिवारी ने बताया कि बगल में मोबाइल, बैग व अन्य सामान जमा कराने का 100-200 रुपये लिए जा रहे हैं। केंद्र की ओर से कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है।



सुधांशू

### ऑनलाइन परीक्षा को बताया बेहतर

रायबरेली से आई रूपाली ने बताया कि पहले यह परीक्षा ऑनलाइन होती थी। लेकिन इस बार 83 विषयों की एक साथ परीक्षा कराने से अभ्यर्थियों पर दबाव बढ़ गया। रूपाली का कहना है कि नई व्यवस्था में पास नहीं हुई तो पीएचडी करना उनके लिए मुश्किल होगा, क्योंकि एक बार ही परीक्षा में सम्मिलित होने का मौका है।



रूपाली

### गलियों में बनाए गए केंद्र, ई-रिक्शा वालों ने मचाई लूट

अधिकतर परीक्षा केंद्र सकरी गलियों में बनाए गए थे। जिस वजह से अभ्यर्थियों को पहुंचने में काफी मुश्किल हुई। लखीमपुर से बेटी को परीक्षा दिलाने आए मनोज शुक्ला का कहना हैं कि स्टेशन से वरदान इंटरनेशनल एकेडमी की दूरी करीब 5 किमी है। ई-रिक्शा वाले ने 200 रुपये ले लिए।

### प्रश्न घुमावदार फिर भी रही राहत

परीक्षा देने आई आरती यादव का कहना है कि वस्तुनिष्ठ आधारित प्रश्न दिए गए। 200 अंकों के लिए कुल 100 प्रश्न रहे। परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक आवंटित किए गए थे। गलत उत्तर देने पर कोई अंक नहीं नहीं कटता है, इसलिए घुमावदार सवाल भी परेशान करने वाले नहीं थे।



आरती

### सुरक्षाकर्मियों ने परीक्षार्थियों से की अभद्रता

मंगलवार सुबह होते ही शहर के 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी और अभिभावक जमा होने लगे। तेज धूप के बीच केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। एमआर जयपुरिया स्कूल के बाहर परीक्षार्थियों ने पहली पाली की परीक्षा शुरू होने से पहले हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि परीक्षा शुरू होने से पहले वे लोग आ गए थे, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। सुरक्षाकर्मियों ने उनसे अभद्रता भी की। दूसरी ओर एसडीएनएल स्कूल के बाहर कई छात्र परीक्षा ना देने के कारण रोते हुए मिले तो कई ने हंगामा किया। रायबरेली और बाराबंकी निवासी शोभित, मोहित और अंकिता ने बताया कि वे लोग समय से निकले थे, लेकिन रेलवे क्रॉसिंग देर तक बंद होने के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए।



एमआर जयपुरिया स्कूल के बाहर हंगामा करतीं छात्राएं।

# पीएम श्री स्कूलों में मिलेगी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बीईओ, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, जीआईसी, जीजीआईसी स्तर के प्रधानाचार्यों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** पीएम श्री योजना के तहत चयनित हुए बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्रदेश के 1707 विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। इसके लिए राजधानी में 75 जनपदों से 135 खंड शिक्षा अधिकारी-मुख्यालय, विकास खंड, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक और जीआईसी व जीजीआईसी स्तर के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन करते हुए वरिष्ठ विशेषज्ञ, एडी बेसिक व स्टेट नोडल श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि महत्वपूर्ण विषयों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, नेतृत्व कौशल, आत्मा रक्षा कौशल, शिक्षकों के व्यवहार का बच्चों के मानसिक विकास पर प्रभाव कैसा हो इन सबको ध्यान में रखते हुए पीएमश्री विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाएगी।

# 28 और 29 को समर कैंप, 1 से खुलेंगे स्कूल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ नामांकन बढ़ाने के लिए शुरू होगा स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण

**अमृत विचार :** ग्रीष्मावकाश समाप्त के बाद खुलने जा रहे कक्षा एक से आठ तक के सरकारी विद्यालयों में दो दिनों तक समर कैंप का आयोजन होगा। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने नया आदेश जारी कर 28 व 29 जून की तिथि तय कर दी है। 1 जुलाई से प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय संचालन का आदेश भी दिया है। शिक्षकों को विद्यालय खुलने से पहले पहुंचना होगा।

शिक्षा महानिदेशक ने मंगलवार को नया आदेश जारी किया। 28 जून से बच्चे प्रातः 7:30 बजे पहुंचेंगे और 10:30 बजे तक विद्यालय में रहेंगे। इस दौरान समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। सरकारी विद्यालयों में नामांकन संख्या बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण भी 1 जुलाई से शुरू होगा। शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कोई भी बच्चा नामांकन से छूटने ना पाए।

विद्यालय में घास-फूस, फर्श, दीवारें, खिड़की, दरवाजे, ब्लैक बोर्ड के अलावा फर्नीचर, उपकरण, स्टेशनरी, टीएलएम, पुस्तकों की भी साफ-सफाई करानी होगी। भण्डार कक्ष, पानी की टंकी, किचन, वाशरूम, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी गंदा मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

#### ▶▶ विद्यालयों में ये कार्य पूरे करने के निर्देश

विद्यालयों का वातावरण छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक एवं अनुकूल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी करनी होंगी। विद्यालयों की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, गुब्बारे, झंडियां तथा रंगोली बनाकर साज-सज्जा से उत्सव जैसा वातावरण बनाने का आदेश दिया गया है।

#### ▶▶ प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज करना होगा विवरण

अध्यापक डीबीटी के लिए छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का विवरण प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज करेंगे। उनके आधार सत्यापन किया जाएगा। पंजिकाओं के सरलीकरण तथा टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल माध्यम से व्यवहृत किये जाने के लिए प्रेरणा पोर्टल पर "डिजिटल रजिस्टर्स" नाग से नया मॉड्यूल विकसित किया गया है। एमडीएम पंजिका को डिजिटल रूप में ही व्यवहृत करते हुए सूचना पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

## सार-संक्षेप



सीनियर कैडर कोर्स में प्रथम आने वाले हवलदार मुकेश एम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

### गैर कमीशन अधिकारियों का सीनियर कैडर कोर्स पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) सेंटर व कॉलेज में मंगलवार को सीनियर कैडर कोर्स पूरा करने वाले 89 गैर कमीशन अधिकारियों ने समापन परेड में हिस्सा लिया। इस कोर्स में कमान अस्पताल, मध्य कमान के हवलदार (लैब असिस्टेंट) मुकेश एम ने पहला स्थान हासिल किया। इस मौके पर उन्हें नायक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी और 25 हजार रुपये का नकद अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित इस परेड की समीक्षा ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक मेजर जनरल पराग ए देशमुख द्वारा की गई। इस समारोह में एनसीओ, मेडिकल ऑफिसर्स सीनियर कमान कोर्स और मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स के अधिकारियों और उनके रिश्तेदारों शामिल हुए।

### एसएसबी जवानों ने दिया फिट रहने का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने योगाभ्यास कर फिट रहने का संदेश दिया। गोमती नगर स्थित एसएसबी के सीमांत मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आईजी रत्न संजय के साथ जवानों और अधिकारियों ने योगाभ्यास में भागीदारी निभाई। इस मौके पर उप महानिरीक्षक एसएसबी चिकित्सा एनके प्रसाद, उप महानिरीक्षक रजनीश लांबा, कमल कान्त, उप-महानिरीक्षक की मौजूदगी में प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, गौमुखासन, कपाल भाति का अभ्यास कराया गया और उसका महत्व भी बताया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जीएसराय, कमांडेंट (संचार) ने योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों एवं समस्त बलकर्मियों को योग दिवस पर सशस्त्र सीमा बल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।



लखनऊ बालक और बालिका बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### लखनऊ बास्केटबॉल टीम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** 22वीं यूथ उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप बरेली के फरीदपुर स्थित मानस स्थली पब्लिक चैंपियनशिप 24 जून तक खेली जाएगी। आज से शुरू हुई इस चैंपियनशिप में लखनऊ की अडंर-17 बालिका और बालक की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ बालक और बालिका टीम की घोषणा मंगलवार को की गई। लखनऊ जिला बास्केटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज अहमद के अनुसार, बालिका टीम के कोच पुलकित सचदेवा और मैनेजर आन्या अग्रवाल होंगी। बालिका टीम :काजल, सुब्रता सिंह, स्वास्तिका सिंह, निवासिनी सिंह, जान्हवी सिंह, नव्या सिंह, मिज्बाह आब्दी, रेशमा यादव, अन्वेशा गुप्ता, अन्विता, अनुष्का पांडा, नव्या मिश्रा। बालक टीम : अमित फ्रांसिस, विकास कुमार पाल, उत्कर्ष गुप्ता, अंश यादव, यश पी सिंह, आर्यन सिंह, अथर्व पाण्डेय, अंश सिंह, जोश्वा, पीयूष कुमार, अध्ययन यादव, अभिषेक कुमार, कोच-अश्वविनी कुमार गुप्ता।

### सचिन ने लिए 8 विकेट, सेंचुरी स्पोर्ट्स क्वार्टर फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिन (8 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के कम स्कोर के मुकाबले में ओम स्पोर्ट्स को 8 विकेट से हराते हुए शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सीएसएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर ओम स्पोर्ट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में मात्र 52 रन पर सिमट गयी। जवाब में सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने 7 ओवर में 2 विकेट पर 54 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी के सचिन चुने गए।

# जूनियर वर्ग में उज्जवल ने जीता खिताब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आज़मगढ़ के अंग्रेजी शिक्षक विशाल भारती ने ग्रीन अर्थ शतरंज टूर्नामेंट में बेहतर खेल की बदौलत सर्वाधिक 6.5 अंक के साथ विजेता ट्रॉफी जीत ली। वहीं, राजधानी के उज्जवल राज श्रीवास्तव ने जूनियर वर्ग का खिताब 6 अंक के साथ जीता।

एक निजी होटल में आयोजित सात राउंड के इस टूर्नामेंट के बाद विशाल भारती अव्वल रहे। उनसे एक अंक से पिछड़े चिन्मय वाजपेयी 5.5 अंकों के साथ उप विजेता रहे।

जूनियर वर्ग के चैंपियन 8वीं कक्षा के छात्र उज्जवल गंभीर बीमारी के चलते लकवाग्रस्त हो गए हैं। हालांकि 2012 में एम्स दिल्ली में उनकी सर्जरी हुई, जिसके चलते अब वह अपने हाथों और उंगलियों को हिला सकते हैं। उनके माता-पिता कहते हैं कि उज्ज्वल के भीतर शतरंज के लिए जुनून है, जिसके लिए वह कड़ी मेहनत करता है।

दूसरी ओर वेटरन के 60 वर्ष से अधिक वर्ग में अनुभवी केके खरे व सईद अहमद 4-4 अंक के साथ क्रमशः पहले व दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में ह्वोथबर्टिना हिल्टन विजेता रहीं।



प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पदक के साथ। अमृत विचार

## लविवि में 1000 केवीए विद्युत उपकेंद्र स्थापित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में 1000 केवीए कम्पैक्ट विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि नए उपकेंद्र स्थापित होने से प्रशासनिक भवन, कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय लेखा कार्यालय, अरबन सेंटर, लोक प्रशासन विभाग, स्टेट बैंक, पीजी मूल्यांकन प्रकोष्ठ, परीक्षा भवन, छात्रसंघ भवन और बड़ी कैंटीन को सुविधा मिलेगी।

बताया कि इस उपकेंद्र में अत्याधुनिक उपकरणों की स्थापना की गयी है, जो किसी भी शॉर्ट सर्किट एवं ब्रेकडाउन में आपूर्ति को स्वतः बंद कर देगा, जिससे धन एवं जन हानि को रोका जा सकता है।

# आरटीई : निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिले के लिए आवेदन कल तक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 20 के बाद कोई आवेदन नहीं होगा स्वीकार

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिले के लिए चौथे चरण की प्रक्रिया चल रही है। इस चरण में अब अभिभावकों के पास आवेदन करने का अंतिम मौका 20 जून तक है। ऐसे में जो अभिभावक अपने बच्चों के लिए आवेदन नहीं कर सके हैं, वो कर सकते हैं।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि इसके बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए इस बार आरटीई अधिनियम के तहत चार चरण निर्धारित किए गए थे। जून में आवेदन का चौथा और अंतिम चरण है। उन्होंने कहा आवेदन करते समय इस बात का अभिभावक ध्यान रखें कि वह बच्चे की सही जानकारी भरें। इसमें जन्म प्रमाण पत्र और बच्चे की जन्मतिथि के साथ आधार कार्ड होना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही अभिभावक का इनकम सर्टिफिकेट भी लगेगा। वहीं पिछले तीन चरणों में जिन बच्चों का चयन हुआ है। उसमें आठ हजार के करीब बच्चों का प्रवेश अभी भी बाकी है। बीएसए ने कहा कि स्कूल खुलते ही इन बच्चों को प्रवेश दिलाया जाएगा।

लापरवाही — केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आधी-अधूरी तैयारी के बीच तैराकों के अभ्यास के लिए खोला गया तरणताल

# कोच के सीटी बजाते ही तरणताल में कूद पड़े तैराक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आखिरकार लम्बे इंतजार के बाद आधी-अधूरी तैयारी के बीच केडी सिंह बाबू स्टेडियम का ओलंपिक साइज का तरणताल तैराकों के अभ्यास के लिए खोल दिया गया है।

ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार की शाम को इस तरणताल पर खेल विभाग के अधिकारियों ने पूजा-अर्चना की और इसके बाद कोच के सीटी बजाते ही खेल छात्रावास लखनऊ के तैराक इस तरणताल में अभ्यास के लिए कूद पड़े। खिलाड़ियों ने प्रशिक्षकों और खेल विभाग के अधिकारियों को पूल शुरू होने की बधाई दी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, कोरोना काल से जीर्णोद्धार के नाम पर बंद केडी सिंह के ओलंपिक साइज तरणताल प्रांगण में अभी तक कई काम अधूरे हैं। तैराकों का अभ्यास प्रभावित न हो, इसके लिए पूल को मंगलवार को शुरू कर दिया गया है। इस दौरान अन्य निर्माण कार्य चलते रहेंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार, लंबे समय से छात्रावास के खिलाड़ी बड़े तरणताल में अभ्यास नहीं कर पा रहे थे। पूल में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ इसे हवादार बनाने को कहा गया है। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर वीपी सिंह ने कहा कि 15 जुलाई तक सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। कुछ कामों के लिए अतिरिक्त बजट मांग गया है।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम के ओलंपिक साइज तरणताल में अभ्यास करते तैराक।

### 18 करोड़ हो चुके हैं खर्च

विभागीय अधिकारियों के अनुसार तरणताल के जीर्णोद्धार को लेकर अभी तक 18 करोड़ रुपये से अधिक का बजट खर्च किया जा चुका है। इसमें बड़े और छोटे दोनों पूल को तैयार किया जाना था। 2021 में कार्य शुरू होना था, लेकिन तमाम उठापटक और पुरातत्व विभाग की आपत्ति के निस्तारण के बाद दिसंबर 2022 को पूल का कार्य शुरू हो सका। इस निर्माण को पूरा करने के लिए नवंबर 2023 की अवधि निर्धारित की गई थी, लेकिन आठ माह बाद भी तमाम कार्य अधूरे पड़े हैं।

### ऑलवेदर नहीं बन सका तरणताल

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के ओलंपिक साइज तरणताल में अभ्यास तो शुरू हो गया है, लेकिन सितंबर माह तक ही तैराक यहां अभ्यास कर सकेंगे। विभाग और कार्यदायी संस्था से मिली जानकारी के अनुसार, तरणताल का ऑलवेदर प्लांट पूरी तरह से बेकार हो चुका है। इसे नए सिरे से तैयार करना होगा।

## आकाश की बल्लेबाजी से जिज्ञासा क्लब की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच आकाश सिंह की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत जिज्ञासा क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में लखनऊ क्रिकेटर्स को 142 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया।

सूर्या ग्राउंड पर मंगलवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए जिज्ञासा क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 267 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांगा। आकाश सिंह ने शानदार पारी खेली और 51 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की सहायता से 75 रन बनाये। जवाब में लखनऊ क्रिकेटर्स की टीम 36.4 ओवर में 125 रन ही जोड़ सकी।

# गैराज में लगी भीषण आग, 10 लग्जरी गाड़ियां पूरी तरह जलीं

## चिनहट स्थित गैराज में हुआ हादसा, बीएमडब्ल्यू समेत कई गाड़ियां जलीं, सात घंटे की मशक्कत से आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट के देवां रोड पर बाबा हॉस्पिटल के पास स्थित गैराज में मंगलवार सुबह आग लग गई। आग से गाड़ियों की टंकियां तेज धमाके से फट गईं। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आग ने गैराज के साथ कबाड़ की दुकान को भी अपने चपेट में ले लिया। हादसे में 10 गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

चिनहट निवासी हसनैन रजा बाबा हॉस्पिटल के पास खाली प्लॉट में यूनिक मोटर गैराज चलाते हैं। मंगलवार सुबह गैराज बंद था। सुबह 8 बजे गैराज में खड़ी कार से लपटें निकलने लगी। आग देखकर हड़कंप मच गया। आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। तभी गाड़ियों के टायर और तेल की टंकी धमाके से फटने लगी। इससे आग और विकराल हो गई। धमाका सुनकर लोग भाग खड़े हुए। सूचना पर कुछ देर में एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव दमकल की पांच गाड़ियों के साथ पहुंच गए। दमकल कर्मियों के सामने भी कई धमाके हुए। करीब सात घंटे मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। एफएसओ के मुताबिक जांच के बाद आग लगने का कारण साफ हो सकेगा। हादसे के समय गैराज बंद होने से वहां कोई नहीं था।


गैराज में लगी आग बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार


आग लगने के बाद जली हुई गाड़ियां। अमृत विचार

**दो दिन से बंद था गैराज :** सीएफओ ने बताया कि आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा जाएगा। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं गैराज मालिक असनैन ने बताया कि बकरीद के चलते दो दिन से गैराज बंद चल ररहा था। गैराज में 20 से ज्यादा लग्जरी कारें खड़ी थीं। असनैन ने बताया कि गैराज में कोई मैकेनिक नहीं था। सुबह-सुबह आसपास के लोगों का फोन आया कि गैराज के पीछे गत्तों में आग लग गई है। अपनी गाड़ियों को हटवा लीजिए। असनैन ने बताया कि गैराज के पीछे अब्दुल हमीद की एमआर इंटर प्राइजेज के नाम से कबाड़ की दुकान है। वह लोग रद्दी और तार जलाते रहते हैं। दोस्त जब तक पहुंचता तब तक आग लग चुकी थी।

**मदेयगंज और ठाकुरगंज में मकान में लगी आग :** राजधानी के तीन अलग-अलग इलाकों में सोमवार और मंगलवार को चार जगह आग लगी। इसमें एयरपोर्ट की चहारदीवारी के पास, मदेयगंज और ठाकुरगंज में मकान हादसे के शिकार हुए। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जनहानि की सूचना नहीं है।

**जलकल विभाग के डंपिंग यार्ड में लगी आग :** पीजीआई इलाके वृंदावन योजना सेक्टर-6 स्थित कान्हानगर कालोनी में जलकल विभाग का डंपिंग यार्ड है। यहां पर प्लास्टिक के पाइप में मंगलवार सुबह 11 बजे आग लग गई। देखते-देखते प्लास्टिक के पाइप धू-धू कर जलने लगे। सूचना पर पहुंची पीजीआई फायर स्टेशन की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### दमकल कर्मियों ने 10 गाड़ियों को जलने से बचाया

सीएफओ ने बताया कि आग की चपेट में आकर तीन ऑडी, एक बीएमडब्ल्यू, एक इंडेवर समेत नौ कारें जल गई। दमकल कर्मियों ने 10 गाड़ियों को बचा लिया। पास स्थित अजीज बॉडी मेकर खड़ी एक्टिवा और ऑटो पार्ट्स जल गए।

## एक नजर

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने लगाया फंदा

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** महिगवां थाना के अंतर्गत शाहपुर नजूल में सोमवार की देर रात्रि में बुजुर्ग किसान पुत्तीलाल (60) ने घर के अंदर कमरे में पड़े हुक में गमछा फंसा कर फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी महिगवां शिवमंगल सिंह ने बताया बुजुर्ग किसान बीमार रहता था। आत्महत्या की सूचना उसके परिजनों ने दी थी।

### मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के नूरनगर भदरसा निवासी महिला पूजा गौतम ने गांव के ही अंकित यादव, राहुल यादव, जितेंद्र यादव और ओम प्रकाश यादव के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के साथ ही एससी/ एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूजा का कहना है कि शनिवार को शाम करीब 4 उसके पति ब्रह्मा गौतम गांव के बाहर बाग में सिंचाई कर रहे थे। तभी वहां पहुंचे अंकित, राहुल, जितेंद्र और ओमप्रकाश बिना किसी बात के पति से मारपीट करने लगे। रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### नशे में धुत होकर दी गाली, विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के गोदौली निवासी अनिल कुमार ने गांव के ही संदीप कुमार और गुलशन के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनिल का कहना है कि रविवार रात करीब 9 बजे संदीप और गुलशन ने नशे में धुत होकर बेवजह गाली गलौज की। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर लोहे की रॉड से मारा-पीटा और बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। अनिल का कहना है इस मारपीट से उसके चेहरे पर काफी चोटें आई हैं। फिलहाल बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बैंक के सामने पड़ा मिला युवक का शव

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा क्षेत्र में सोमवार की रात बैंक के सामने एक अज्ञात युवक का शव मृत अवस्था में पड़ा मिला। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा के मुताबिक सोमवार रात करीब 10 बजे कस्बा चौकी दुबग्गा क्षेत्र अंतर्गत केनरा बैंक के सामने एक अज्ञात युवक (40) मृत अवस्था में पाया गया। मृतक धारीदार नीले रंग की शर्ट तथा महरून रंग लोवर पहने हुए था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पत्नी की हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदा अकाउंटेंट

## सुशांत गोल्फ सिटी के भागीरथी अपार्टमेंट में सिर पर मारा कुकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किचन में चारों तरफ फैला था खून, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- महज 404 दिनों में ही बिखर गई गृहस्थी

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के भागीरथी अपार्टमेंट में सोमवार को दिल दहला देने वाली वारदात हुई। पति ने मेदांता में नर्स आयुषी मिश्रा (28) को कुकर से सिर पर वार कर मार डाला। इसके बाद आत्महत्या करने के लिए ट्रेन के सामने कूद गया। जिससे वह चोटिल हो गया। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर ट्रामा टू में भर्ती कराया। जहां से इलाज के बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी नितिन मिश्रा (30) अकाउंटेंट है।

मूलरूप से बिसवां सीतापुर निवासी आयुषी मिश्रा मेदांता अस्पताल में नर्स थीं। आयुषी की शादी 8 मई 2023 को सीतापुर महौली निवासी नितिन मिश्रा (30) से हुई । शादी के बाद से दोनों भागीरथी अपार्टमेंट में बने पीएम आवास में किराए पर रहते थे। फ्लैट में रहने वाले लोगों का कहना है कि शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक चला पर कुछ दिन बाद से दोनों के बीच कहासुनी होने लगी थी। कभी-कभी दोनों के बीच विवाद फ्लैट के बाहर तक सुनाई देते थे। आस-पास के लोगों का कहना है कि इनका मकान बी 31/एफ 4 है। सोमवार दोपहर 3 से 4 बजे के बीच नितिन और आयुषी के बीच फिर झगड़ा हुआ। कहासुनी के बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। आयुषी खुद को बचाने के लिए किचन में गई। पीछे-पीछे नितिन भी पहुंच गया।

**करने जा रहा था आत्महत्या :** नितिन ने आयुषी की हत्या के बाद खुद को भी खत्म करने का प्रयास किया। वह फ्लैट से निकलकर पैदल ही भागते हुए पास के रेलवे ट्रैक की तरफ गया। हालांकि, मारपीट के दौरान उसके पैर में फ्रेक्चर होने से वह ट्रैक पर पहुंचने से पहले ही गिर गया। उसके कपड़े में खून सना देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सुशांत गोल्फ सिटी ने पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर- 2 में उसे भर्ती कराया। पुलिस पूछताछ में नितिन ने हत्या की कहानी सुनाई।

**एक वर्ष पहले हुई थी शादी :** नितिन और आयुषी 8 मई 2023 को अग्नि के सात फेरे लेकर जिंदगी भर एक-दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाई। शादी के बाद दोनों में तकरार इतनी बढ़ गई कि महज 404 दिन सब खत्म हो गया। अपनी गलती का अहसास हुआ तो वह खुद को खत्म करने के लिए रेलवे ट्रैक की तरफ दौड़ा।

### सांस थमने तक करता रहा वार

नितिन को देख आयुषी ने जैसे ही गेट बंद करने का प्रयास किया उसने दरवाजे को धक्का मारकर खोल दिया। इसके बाद गुस्से में आकर प्रेशर कुकर मारना शुरू कर दिया। उसने आयुषी के चेहर को ऐसे कूचा कि पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा था। एडीसीपी साउथ शशांक सिंह का कहना है कि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। यहां महिला का शव पड़ा था। पूरे किचन पर खून के धब्बे थे।

### मां का सहारा थी आयुषी

आयुषी के पिता की पहले मौत हो चुकी है। उसकी मां पिंकी देवी के लिए आयुषी इकलौता सहारा थी। पढ़ाई के बाद आयुषी ने मेदांता हॉस्पिटल में नर्स की जॉब शुरू की। अपनी काबिलियत के बल पर उसने हॉस्पिटल की इमरजेंसी सर्विस में अपनी जगह बनाई थी। हॉस्पिटल में उसके काम की साथी कर्मचारी तारीफ करते थे। हालांकि, आयुषी और नितिन के वैवाहिक जिंदगी में कुछ ठीक नहीं चल रहा था। इसकी भी बहुत लोगों को जानकारी थी। आयुषी की मां पिंकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने केस कर लिया है।

# पीजीआई में महिला डॉक्टर की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रावास में बेहोशी की हालत में मिली थी, आईसीयू में इलाज के दौरान हुई मौत
- दिल्ली से आए परिजन बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार कर वापस लौट गए

**अमृत विचार :** पीजीआई की जूनियर रेजिडेंट व एमडी छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छात्रावास में बेहोशी की हालत में मिली छात्रा को संस्थान के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के काफी प्रयास के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव दिल्ली से आए परिजन को सौंप दिया। बैकुंठधाम में शव का अंतिम संस्कार कराने के बाद परिजन वापस लौट गए। फिलहाल इस मामले में परिजन ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। छात्रा की मौत के बाद सहपाठियों में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, संस्थान प्रशासन ने भी दुख व्यक्त किया है।

मूल रूप से कोलकाता निवासी डॉ. राजोशी घोराई पीजीआई के एनेस्थीसिया विभाग से एमडी की पढ़ाई कर रही थी। संस्थान प्रशासन के मुताबिक राजोशी परिसर स्थित छात्रावास में रह रही थी। रविवार रात करीब 10 बजे साथ के एक रेजिडेंट ने राजोशी को कमरे में बेहोशी की हालत में देखा। उसने दूसरे सहपाठियों की इसकी जानकारी दी। विभाग के डॉक्टरों से बात करके राजोशी को पोस्ट ऑपरेटिव आईसीयू ले जाया गया। डॉक्टरों ने उपचार देकर बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। संस्थान प्रशासन ने दिल्ली में रह रहे राजोशी के पिता अनिरुद्ध घोराई व मां संचिता को घटना की सूचना दी। माता पिता रात में ही निकल पड़े। पीजीआई पहुंचे माता पिता बेटी को मृत देख रोने लगे। डॉक्टरों ने उन्हें संभाला। पीजीआई पुलिस ने सोमवार को पंचनामा भरके शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन संस्थान के डॉक्टरों की मदद से लखनऊ के बैकुंठ धाम में बेटी का अंतिम संस्कार कर वापस चले गए।


डॉ. राजोशी घोराई

डॉ. राजोशी घोराई एमडी की पढ़ाई कर रही थी। छात्रावास के कमरे में बेहोशी की हालत में मिलने पर तुरंत साथ के रेजिडेंट ने उसे पोस्ट ऑपरेटिव आईसीयू लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार देकर बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाए।

–डॉ. आरके धीमान, निदेशक, पीजीआई

छात्रा के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बिसरा प्रिजर्व किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

–ब्रजेश चंद्र तिवारी, इंस्पेक्टर पीजीआई

# शराब के नशे में मंदिर में तोड़ी मूर्तियां, ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** माल थाना अंतर्गत प्रसाद वितरण के दौरान मन्दिर में शराब के नशे में घुसे अराजक तत्व ने दुर्गा व हनुमान जी की मूर्ति तोड़ डाली। इसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। नाराज ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

ज्येष्ठ मास के अंतिम व बड़े मंगलवार के अवसर पर करौड़ा गांव में ग्रामीणों द्वारा गांव में बने मन्दिर भण्डारे का कार्यक्रम चल रहा था। ग्रामीण प्रसाद वितरण में व्यस्त थे। इसी बीच लालता प्रसाद यादव जबरन मन्दिर में घुस गया। वहां पड़ी ईंट से दुर्गा व हनुमान जी की मूर्ति को तोड़ दिया। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को दबोच उसकी पिटाई कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को थाने ले आयी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया की आरोपी लालता प्रसाद यादव निवासी करौड़ा का है।



## सार-संक्षेप

### महिला से दुराचार का आरोपी क्लीनिक संचालक गिरफ्तार

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाना क्षेत्र के एक गांव मे रहने वाली एक महिला ने रविवार पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि वह लोधौरा चौराहे पर संचालित बेलविरवा निवासी उग्रसेन के क्लीनिक पर नौकरी करती थी। आरोप था कि बीती 10 जून को उग्रसेन ने कोलड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। बेहोश होने पर उसके साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। होश में आने पर जब महिला ने विरोध किया तो उग्रसेन मारपीट व उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी थी। जिससे पीड़ित महिला खामोश हो गयी। आरोप है वीडियो वायरल व जान से मार डालने की धमकी देकर उससे आये दिन शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा। लगातार हो रहे शारीरिक शोषण से परेशान महिला ने जब विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील वीडियो युवती की होने वाली ससुराल भेज दिया। जिससे उसकी शादी टूट गयी। सोमवार आरोपी उग्रसेन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** दहेज हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। माल थाना क्षेत्र के ग्राम चक सैदापुर निवासी सार्थक पाण्डेय का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व जनपद कन्नौज के थाना इंदरगढ़ के ग्राम मझठा निवासिनी शुभी (25) के साथ हुआ था। विगत रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में शुभी का शव कमरे में दुपट्टे के सारे छत से लगे हुक में लटका मिला था। पुलिस ने इसकी सूचना मृतका के परिजनों को देने के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। मृतका शुभी के पिता प्रभू दयाल ने उसी दिन मृतका के आठ ससुरालीजनों पर दहेज हत्या की दर्ज कराई थी। माल पुलिस ने मंगलवार को नबीपनाह तिराहे से मुख्य आरोपी मृतका शुभी के पति सार्थक पाण्डेय को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। ग्राम हरिहरपुर निवासी मनीष (25) ने मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते ग्राम दिलावरनगर की पास से निकली रेलवे लाईन के किनारे पहुंच ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतक के परिवार में उसके भाई आशीष व संतराम है। मृतक मनीष के परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व इसने अपनी जमीन 75 हजार रुपये की बेची थी। जिससे वह खूब शराब पीने लगा था। एक माह पूर्व भी मृतक युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। तब इसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया था।

### साइबर ठगों ने पार किए चार लाख रुपये

**अमृत विचार, पीजीआई :** डॉक्टर ने अपने साथ ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों द्वारा 4 लाख ठगी का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस में की है जिसकी जांच की जा रही है। पीजीआई इलाके के मकान संख्या 1262 अभिषेक उद्यान 2 के रहने वाले पेशे से डॉक्टर सतीश कुमार पांडा ने बताया कि ट्रेडिंग के नाम पर पैसा लगाने को लेकर साइबर ठगों ने उनके अलग अलग खातों से 4 लाख रुपये पार कर दिए। बाद में उन्हें ठगी का पता चला, जिसके बाद डॉक्टर सतीश पांडा ने इसकी शिकायत साइबर सेल में की है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास

**अमृत विचार, पीजीआई :** क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जब वह घर पर अकेली थी तभी एक युवक घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा यही नहीं उसने दुष्कर्म का भी प्रयास किया शोर मचाने पर जब मौके पर भाई पहुंचा तो उसने उसके साथ भी मारपीट की। वृंदावन की रहने वाली महिला के मुताबिक वो घर पर अकेली थी तभी विकास नाम का युवक घर में घुस आया और मुझे छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसने दुष्कर्म का प्रयास भी किया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे भाई से भी विकास ने मारपीट की। इसके बाद शोर मचाने पर विकास मौके से फरार हो गया।

### बदमाशों ने अगवा कर युवक को पीटा, मामला दर्ज

**अमृत विचार, पीजीआई :** थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन दिन पूर्व एक युवक को बदमाशों ने अगवा कर उसकी जमकर पिटाई की। जानकारी के मुताबिक मोहनलालगंज के रहने वाले शाहिद अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका भाई सुदेव तेलीबाग में प्राइवेट काम करता है। बीती 15 तारीख को राजा खान व फरहान खान ने तेलीबाग स्थित हनुमान मंदिर से उसे अगवा कर सुनसान जगह ले गए और सुदेव को जमकर मारा पीटा जिससे भाई को गंभीर चोटें आई हैं।

### मकान का ताला तोड़कर चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र के बीबी खेड़ा गोकुल ग्राम कालोनी में बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। बीबी खेड़ा गोकुल ग्राम कालोनी निवासी विजय शर्मा बीते 13 जून को घर में ताला लगाकर परिवार के साथ अपने पैतृक गांव उन्नाव गया था। 17 को जब वापस लौटे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और अंदर जाकर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने का हार, अंगूठी व हजारों की नकदी और एलसीडी टीवी, डीवीआर चोरी कर ले गए। घटना को लेकर पीड़ित ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। वहीं पीड़ित विजय शर्मा ने पारा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी से डरा इंजीनियर फंदे से लटका

संवाददाता, मलिहाबाद

- रहीमाबाद इलाके में हुई घटना आठ पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** रहीमाबाद में पड़ोस की युवती ने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इससे आहत इंजीनियर वैभव अवस्थी (28) ने सोमवार सुबह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने बेटे को प्रताड़ित करने की बात कहते हुए पड़ोसी परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने आठ लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

गोसवा निवासी वैभव अवस्थी ब्रॉडबैंड इंजीनियर थे। पिता समीर उर्फ बाबू के मुताबिक पड़ोसी सुनील से उनकी पुरानी रंजिश थी। इसके चलते बीते रविवार को सुनील व उसके परिवार के पप्पू, गप्पू, मनोज, अटल, राधा, दीपाली व गुड्डन घर के बाहर धारदार हथियार के साथ आ धमके थे। आरोपियों ने गाली-गलौज व घर पर पथराव भी किया था।

बेटे वैभव ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसे दौड़ा लिया। किसी तरह से बेटे ने घर में घुस कर जान बचाई थी। समीर ने बताया कि सोमवार सुबह पूरा परिवार बाग गया हुआ था। घर पर अकेले वैभव था। समीर जब घर आए तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि कमरे में पंखे के हुक से रस्सी के सहारे वैभव का शव लटका हुआ था। समीर की चीख सुनी और अन्य परिजन भी वहां पहुंच गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# आग से झुलसी किशोरी की नौ दिन बाद इलाज के दौरान मौत



**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र के देवपुर संतोषी नगर में बीती 9 जून को प्रकाश सोनी के मकान में तेज धमाके के साथ अचानक आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। वहीं आग लगने से प्रकाश सोनी व पत्नी, बेटी, दामाद, दो बच्चों सहित 11 लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को इलाज के दौरान शोभित वर्मा की बेटी आध्या (12) की 9 दिन बाद मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद मां जया वर्मा का रो रो कर बुरा हाल है।

# कोयला लदी ट्रैक्टर-ट्राली से गिरा मजदूर, पहिये से कुचलकर मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- शराब के नशे में धुत था ट्रैक्टर चालक, ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था युवक
- जानकीपुरम से कोयला लेकर वापस जा रहा था




**अमृत विचार :** कोयला लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठा मजदूर लवकुश (19) अचानक नीचे गिर गया। सड़क पर गिरते ही वह ट्रैक्टर पहिये के नीचे आ गया। हादसे में उसकी कुचलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने बताया कि, हरदोई जनपद अंतर्गत थाना अतरौली स्थित सम्राट ईंट भट्ठा से सुबह 3 बजे ट्रैक्टर ट्राली लेकर जानकीपुरम थाना क्षेत्र गया था। ट्रैक्टर ट्राली से ईंट उतारने के बाद चालक ने ट्राली में कोयला भरवा कर भट्ठे पर वापसी कर रहा था। दोपहर करीब 11.30 बजे बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत चंद्रिका देवी रोड़ स्थित गोमती नदी पर बने मंझी पुल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया । ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर लवकुश निवासी तरिखल थाना अतरौली अचानक नीचे गिर पड़ा और पहिया के नीचे आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक के पिता हरिश्चन्द्र ने थाने पर तहरीर देकर चालक अनुराग पर बेटे को धक्का देकर मार देने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक जांच में पता चला है कि चालक अनुराग शराब के नशे में था और मजदूर लवकुश ट्रैक्टर पर बैठकर सो गया था। जिससे यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना के समय चालक अनुराग समेत अरविंद, रामजीत, सोनू भी बैठे थे।अन्य साथियों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की जाएगी। जिसके बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# टप्पेबाज गिरोह की सरगना समेत 14 महिलाएं गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज व पीजीआई पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** कमिश्नरेट पुलिस ने टप्पेबाज गिरोह की 14 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके साथ एक चालक और एक किशोरी को भी दबोचा है। मोहनलालगंज व पीजीआई पुलिस ने अपने-अपने इलाके में गिरोह के सदस्यों को दबोचा है। इसमें दो सरगना भी शामिल है। दोनों सरगना बोलेरो से रेकी करती थीं। इसके बाद वारदात को अंजाम देती थीं।

डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि पकड़ी गई टप्पेबाज महिलाओं में गोरखपुर के कसिहार निवासी हरीन देवी, बड़हलगंज के लखनापार की रेशमा, मनीषा, प्रियंका, अमहकपुर की गीता, आजमगढ़ के बिलरिया की सोनी, आंचल, कंचन, दोहरीघाट के गांठा का दिव्येंदु राय शामिल है। गिरोह के सदस्यों के पास से 2 बोलेरो, 77 हजार रुपए, 1 सोने की चेन और 1 मोबाइल बरामद किया है। डीसीपी ने बताया कि इनके निशाने पर मंदिर और सार्वजनिक जगहों पर ऑटो और ई-रिक्शा पर सवार महिलाएं होती थीं। गिरोह की महिलाएं ऑटो में बैठकर वारदात को अंजाम देती थीं। टप्पेबाज महिलाएं कभी पैर दबाती तो कभी उल्टी का बहाना करती थीं। सवारियों का ध्यान भटकते ही पर्स और चेन खींच कर ऑटो और ई-रिक्शा से उतर जाती थीं।

### अस्पताल जा रही महिला को बनाया निशाना

डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह ने गैंग के खुलासे के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि डिघारी गांव की रहने वाली महिला रीता सिंह ने मोहनलालगंज कोतवाली में शनिवार को मुकदमा दर्ज कराया। तब उसने पुलिस को बताया कि सुबह ऑटो से पीजीआई अस्पताल जा रही थी। पालखेड़ा पेट्रोल पंप के पास वह उतरी तभी टप्पेबाज महिलाओं ने उसके गले से सोने की चेन गायब कर दी।

### सीसीटीवी फुटेज देखकर पुलिस ने किया पीछा

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह ने बताया कि रविवार को मुखबिर से सूचना मिली की टप्पेबाज गैंग की दोनों सरगना हरिकंशगढ़ी के पास हैं। सीसीटीवी से दोनों की पहचान की गई। इसके बाद पीछा कर किसान पथ से दबोच लिया। दोनों बोलेरो से कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक बोलेरो का ड्राइवर मौके से भाग गया है। उसकी तलाश की जा रही है। पकड़ी गई महिलाओं से पुलिस ने जब पूछताछ की तो सभी ने जुर्म कबूल किया है। इनके साथ एक 13 साल की नाबालिग भी गिरफ्तार की गई है।

### दिन में वारदात, रात को होटल में बनाती थीं ठिकाना

पूर्वी जोन के पीजीआई थाने की पुलिस ने भी महिला टप्पेबाजों को दबोचा है। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि 15 जून को वंदना नाम की महिला मरीज से मिलने पीजीआई आई थी। तभी रिक्शा में बैठी 6 महिलाओं ने उसे बातों में उलझा दिया। इसके बाद उसके गले की चेन खींच कर भाग गई। शाम को पीड़िता ने थाने में शिकायत की। जांच के लिए एक टीम गठित की गई। महिलाओं को आवास विकास बस अड्डे के पास गिरफ्तार किया। इसमें गोरखपुर के कौड़ीराम कस्बा जरलहिया निवासी महिमा, आजमगढ़ के बलुआ मउकुतुपुर की अनीता, सिकरीगंज कुटिया की टोनी, बड़हलगंज के लखनापार की काजल, ज्ञानती, झांसी शामिल है। पुलिस के मुताबिक ये महिलाएं दिन में वारदात को अंजाम देती। फिर रात को होटल में अपना ठिकाना बना लेती थीं ।

# एटीएम हैक कर रुपये उड़ाने का प्रयास, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** इन्दिरानगर सेक्टर-11 निवासी प्रीति सिन्हा केनरा बैंक विकासनगर ब्रांच में मैनेजर है। उनके मुताबिक ब्रांच के एटीएम बूथ में एक युवक पहुंचा। उस वक्त एटीएम में कोई नहीं था। मौका पाकर युवक ने मशीन के कैश डिस्पेंसर में प्लास्टिक की स्ट्रिप फंसा दी। जिसके चलते मशीन हैंग हो गई। इस बीच दो लोग मशीन का इस्तेमाल करने आए। जिन्होंने कार्ड लगा कर पिन डाला। पर, कैश डिस्पेंसर में स्ट्रिप फंसी होने के चलते रुपये नहीं निकले। इंस्पेक्टर विकासनगर के मुताबिक बैंक मैनेजर से एटीएम बूथ की सीसीटीवी फुटेजसे आरोपी की पहचान की जाएगी।

# आखिरी बड़े मंगल पर गूंजा सुंदरकांड का पाठ, लगे भंडारे

## राजधानी में जगह-जगह आयोजित हुए भंडारों में बूंदी-हलवा, पूड़ी-सब्जी व छोला-चावल का हुआ वितरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर हनुमान भक्तों ने राजधानी में जगह-जगह भंडारा लगाकर हजारों लोगों में प्रसाद वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने बूंदी, हलवा, पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल का प्रसाद ग्रहण किया और शरबत व ठंडे पानी से गर्मी में राहत की सांस ली।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में हनुमान जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव और प्रदीप यादव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता और कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

लखनऊ में केसरीखेड़ा वार्ड के मानवेन्द्र यादव पार्क में उप नेता पार्षद दल नगर निगम देवेन्द्र सिंह की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजकों ने हनुमान जी के चित्र की पूजा व आरती कर भंडारा शुरू कराया। इस अवसर पर नवीन धवन बंटी, जितेन्द्र यादव गुड्डु, राम नरेश यादव, मनी रावत, दिलीप कार्की, अरविन्द यादव, प्रदीप शर्मा, मोनू कनौजिया, आशीष यादव, हरीश, सुनील दुबे और विश्वजीत गोलू तथा सुदीप यादव भी मौजूद रहे। राजेन्द्र चौधरी को जीतू ने हनुमान जी की मूर्ति देकर सम्मानित किया।

वहीं, मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब की ओर से विकास दीप स्थित कार्यालय परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत, ओएसडी पूर्व मुख्यमंत्री आशीष यादव सोनू और मधुकर त्रिवेदी को संयोजक मंजू श्रीवास्तव ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

ओल्ड हैदराबाद में सिंह परिवार की ओर से बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द कुमार सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा जूही सिंह, आशीष यादव, मणीन्द्र मिश्र, नवीन धवन बंटी, निखिल कनौजिया और सीताराम यादव शामिल हुए। भंडारे के प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सरिता सिंह, राहुल वीर सिंह, रोनित वीर सिंह की विशेष भूमिका रही।

वहीं, पीजीआई उतरेटिया व्यापार मंडल के संरक्षक सत्येंद्र सिंह की ओर से उतरेठिया बाजार में आखिरी बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पूड़ी, सब्जी, बूंदी और ठंडे पानी का वितरण किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष व उतरेटिया व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सक्सेना, वरिष्ठ महामंत्री श्याम साहू, महामंत्री चंदन गुप्ता, महिला अध्यक्ष बीनू मिश्रा, मीडिया प्रभारी आरके मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रिज पाल सिंह, उपाध्यक्ष मेहताब, संगठन मंत्री विपिन कुमार, सदस्य मुकेश सिंह व शिव शंकर सिंह समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।


आखिरी बड़े मंगल पर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी।


गोमती तट स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### एसएफसी के कर्मियों एवं पेंशनरो ने किया भंडारा

**अमृत विचार :** आवश्यक वस्तु निगम के गोखले मार्ग स्थित मुख्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ निगम के प्रबंध निदेशक अभिषेक गोयल आईएएस द्वारा पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण करके किया गया। इस आयोजन में निगम के कार्यरत कर्मियों एवं एनएसी के पेंशनरों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर प्रसाद बांटा। भंडारे में दुर्गेश तिवारी, अरविंद श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, संदीप सिंह बिष्ट, राजीव भटनागर, राजशेखर नागर, उमाकांत सिंह विसेन, एनडी शर्मा, सुरेंद्र राय, विजय सिंह गहरवार, अशोक सोनी, आलोक शर्मा, रमेश कुमार, अर्चना पांडे, आरती उपाध्याय, माधुरी दीक्षित का विशेष सहयोग रहा।

### हरेला बाखई ने बड़े मंगल पर बांटा उत्तराखंड का बुरांश शर्बत

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर उत्तराखंड की संस्था हरेला बाखई ने भंडारे में हनुमान भक्तों को उत्तराखंड का बुरांश शर्बत वितरित किया। शर्बत के अलावा हलवा और आलू के गुटक भी बांटे गए। इस भंडारे की सबसे खास बात यह रही कि प्रसाद वितरण का काम 62 वर्ष की उम्र से लेकर 86 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों ने किया।

यह भंडारा महानगर स्थित माल बाजार में लगाया गया। भंडारे से पूर्व हरेला बाखई के संरक्षक आनंद अग्रवाल बृजवासी, बीडी चौरसिया, हरीश उपाध्याय, गोदाम्बरी उपाध्याय, तनु खुल्बे, जीवन चन्द्र उप्रेती, चन्द्रा जोशी, लक्ष्मी दत्त उपाध्याय और ओपी माथुर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ कर हनुमान जी को भोग लगाया गया।

### हनुमान भक्तों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को गोमती तट स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर में हनुमान जी के पूजन और श्रृंगार के बाद किन्नर समाज की गुड्डन गुरु की मौजूदगी में हनुमान भक्तों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने गुड्डन गुरु के साथ हनुमान जी के सामने तुलसी का पौधा रोपा। लेटे हुए हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे मंगला आरती के साथ मंदिर के कपाट खुले। 8.30 बजे सिंदूर लेपन व श्रृंगार आरती का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को 10 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात के समय 108 दीपकों से महाआरती की गई और सभी के रोग-दोष दूर करने की मंगलकामना की गई। इस मौके पर डॉ. पंकज सिंह भदौरिया, रिद्धि किशोर गौड़, पंडित अमर मिश्रा, लवलीन, अलकेश सोती, अखिलेश, जगदीश, प्रहलाद, आशीष अग्रवाल और प्रमित सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित करते हरेला बाखई संस्था के सदस्य। अमृत विचार

## यहां पर भी आयोजित हुए भंडारे


बैंक ऑफ बड़ौदा के नरही ब्रांच में भंडारे के आयोजन के दौरान मौजूद मुख्य प्रबंधक।

### बैंक ऑफ बड़ौदा की नरही ब्रांच ने किया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के नरही ब्रांच ने विशाल भण्डारे का आयोजन किया। जिसमें मुख्य प्रबंधक कन्हैया कुमार, सीनियर मैनेजर अजय सिंह, सौरभ वर्मा, सरिता सिंह, अरविन्द विश्वकर्मा, सुनीता कुमारी, मोहन कुमार, प्रिया, विजय अवस्थी, सौरभ वाल्मीकि, रवि व आलोक शास्त्री आदि ने प्रसाद वितरित किया।

### हिन्दू आर्मी ने भंडारे में बांटा प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बजरंग साउथ सिटी स्थित कार्यालय हिन्दू आर्मी ने भंडारा आयोजित किया। इस मौके पर विधायक राजेश्वर सिंह, टीम राजेश्वर, राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने भंडारे का महत्व बताया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का अभिनंदन हुआ। पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी ने प्रसाद ग्रहण किया। हिन्दू आर्मी के सदस्यों ने मेयर सुषमा खर्कवाल और भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्य का अभिनंदन किया। भाजपा नेता कमलेश मौर्य, भाजपा नेता नागेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर हिन्दू आर्मी के पदाधिकारी संस्थापक सुनील त्रिपाठी रणधीर सिंह, संजय सिंह और द्रोपदी रावत का भी अभिनंदन किया गया।


भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का अभिनंदन करते पदाधिकारी।

### रॉयल कैफे के भंडारे पर मिले देसी घी के व्यंजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के चौथे और अंतिम मंगलवार को रॉयल कैफे समूह ने सहारागंज स्थित परिसर के बाहर भंडारे का आयोजन किया। शाम को 4 बजे से शुरू हुए इस भंडारे में विभिन्न धर्मों के लोग शामिल हुए। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने यहां प्रसाद वितरित किया। रॉयल कैफे ग्रुप के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा और एमडी संदीप आहूजा ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से राह चलते लोगों को ठंडा शरबत और देसी घी से बने व्यंजन - वेज पुलाव, छोले, बूंदी आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर लखन आहूजा, श्याम क्रिश्नानि, अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, महेश दीक्षित, के डी मिश्रा, सुशील दूबे, रामजी, राजेश मखीजा और डॉ. आदर्श त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


भंडारे में प्रसाद बांटते राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा।

## सार-संक्षेप


भंडारे में प्रसाद वितरित करते व्यापार मंडल के अध्यक्ष। अमृत विचार

### व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किया प्रसाद वितरण

**अमृत विचार, बीकेटी :** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल पर छठामील चौराहे पर भाजपा नेता संतोष वर्मा ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह चौहान ने संतोष वर्मा के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर प्रदीप सिंह, राजर्षि सिंह चौहान और अरुण रावत समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश खेल विभाग की देखरेख में आयोजित हुआ भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश खेल विभाग की ओर से ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के मुख्य गेट पर आयोजित विशाल भंडारे पर बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत पूजा-अर्चना के बाद हुई। खेल विभाग के निदेशक डॉ. आरपी सिंह और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किए।

### राजाजीपुरम में बड़े मंगल पर भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम के क्षेत्र पाल तिराहा निकट धनिया महरी पुल के पास ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा राम प्रकाश गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, विपिन गुप्ता, हिमांशु गुप्ता एवं गुप्ता परिवार की तरफ से विशाल भंडारे का आयोजन किया। जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर के ठीक सामने व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनू घई, उमेश शर्मा, दीपक सहगल, अनूप त्रिवेदी और जसवीर आदि मौजूद रहे।

### लुलु हाइपरमार्केट ने किया भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के चौथे और अंतिम बड़े मंगल पर लुलु हाइपरमार्केट ने रेडियो सिटी के सहयोग से सुशांत गोल्फ सिटी में भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में हलवा, पुलाव और पेयजल प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। लुलु हाइपरमार्केट के महाप्रबंधक नोमान अजीज खान ने इस आयोजन को शानदार बनाने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एकेटीयू में बड़े मंगल पर हुआ भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आखिरी बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। विवि के मुख्य द्वार पर कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने प्रसाद वितरित किया। इस दौरान कुलसचिव रीना सिंह समेत अन्य भी उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारा में विशेष कथा कीर्तन गुरमत समागम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में विशेष कथा कीर्तन गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस विशेष समागम में दिल्ली से आए रागी चमनजीत सिंह, केकेएनएस गुरमत संगीत अकादमी के बच्चों और रागी राजेन्द्र सिंह ने शबद कीर्तन प्रस्तुत किया जबकि, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरमत विचार व्यक्त किए।

राज्य सचिव सतपाल सिंह मीत ने बताया कि केकेएनएस गुरमति संगीत अकादमी के संचालक हरमिंदर सिंह मिंदी, सिख विचार मंच के अध्यक्ष गुरजीत सिंह छावड़ा और राजकुमार बत्रा के विशेष सहयोग से यह समागम सम्पन्न हुआ।

शाम के दीवान में राजिंदर सिंह ने आरती गायन और नाम सिमरन किया। कार्यक्रम के बाद गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा ने चमनजीत सिंह, हरमिंदर सिंह मिंदी, गुरजीत सिंह छावड़ा और राजकुमार बत्रा को सिरोपा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


गुरुद्वारा नाका हिंडोला में कीर्तन करते ग्रंथी। अमृत विचार

# इस्कान मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई निर्जला एकादशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निर्जला एकादशी के दिन व्रत का पालन करना चाहिए

**अमृत विचार :** निर्जला एकदशी पर सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण मंदिर (इस्कॉन) मे शाम 4 बजे से 12 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ। मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्यामदास के मार्गदर्शन में बताया गया कि गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज की शिक्षाओं से पता चलता है कि हमें एकादशी के दिन विशेषकर निर्जला एकादशी के दिन गंभीरतापूर्वक व्रत का पालन करना चाहिए।

पांडवा निर्जला एकादशी का पालन करने से 10 हजार वर्षों की तपस्या का फल मिलता है। इस एकादशी में रात्रि जागरण करने का बहुत लाभ है। यह जागरण अपने पूर्वजों को भी भगवान के धाम पहुंचा देता है। एकादशी का व्रत करना सभी तीर्थों में स्नान करने के समान है।

इस आयोजन में लखनऊ व आस-पास के भक्त उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। बुधवार को सुबह मंगला आरती करके मंदिर में ही व्रत का पारण किया जाएगा।

# कमर दर्द से निजात दिलाने के लिए कराया योग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** योग सप्ताह के तहत पीजीआई में मरीजों को बीमारी से निजात दिलाने को लेकर योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कमर दर्द से पीड़ित करीब 30 रोगियों को योगाचार्य एसके मिश्रा ने विभिन्न योगाभ्यास कराए।

इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने कहा कि योग हमें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक है। उन्होंने अपना व्यक्तिगत अनुभव बताते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से उन्हें सिर दर्द में बड़ी राहत मिली है।


योगाभ्यास करते पीजीआई के निदेशक व अन्य। अमृत विचार

योगाचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में कमर के दर्द की समस्या एक आम समस्या बन गई है। गलत तरीके से झुकने, उठने बैठने, अधिक भारी वस्तुओं को झटके से उठाने व अत्यधिक शारीरिक श्रम करने से कमर दर्द की समस्या हो सकती है।

इसके लिए योग में अनेक आसान है, जिसे नियमित करने से कमर दर्द में राहत भी दिलाते हैं। इनमें कुछ मुख्य आसन हैं- उत्तानपादासन, सर्पासन, मेरुदंड सरल आसान, मकरासन व व्याघ्रासन।

### गर्भवतियों के लिए योग लाभदायक

पीजीआई में मंगलवार को मातृ एवं प्रजनन स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'गर्भावस्था के दौरान योग' विषय पर एक सत्र आयोजित किया गया। गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाओं, उनके परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों और डॉक्टरों सहित लगभग 60 लोगों ने इसमें भाग लिया। योगाचार्य एसके मिश्रा ने गर्भावस्था में योग के महत्व की जानकारी साझा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को ताड़ासन, त्रिकोणासन, बद्धकोणासन सहित विभिन्न आसन और भस्त्रिका एवं नाड़ी शोधन प्राणायाम सिखाए। उन्होंने प्रसव के बाद वजन घटाने, लचीलापन बढ़ाने और ताकत हासिल करने में आसनों की भूमिका पर जोर दिया और इसके लिए विभिन्न आसन जैसे अर्धचक्रासन, शशकासन, सर्पासन, भुजंगासन, शलभासन, पदोत्तानासन, पवनमुक्तासन आदि सिखाए।

### लोहिया संस्थान में भी कराया गया योगाभ्यास

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भी योग सप्ताह मनाया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित योग्याभ्यास में संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह सहित डॉक्टर, मरीज और तीमारदार शामिल हुए।

# राजधानी में अकीदत से मनाया गया बकरीद का त्योहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के लिए जकात सिस्टम को मजबूत बनाएं : खालिद रशीद

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर राजधानी की तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की गई। कुर्बानी के प्रतीक इस त्योहार में लोगों ने अल्लाह की राह में बकरों की कुर्बानी पेश की। लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी और देश की खुशहाली के लिए दुआ भी की गई। बकरीद के मौके पर सभी मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया था। साथ ही प्रशासन और पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

ऐशबाग ईदगाह और आसिफी मस्जिद में सबसे ज्यादा लोगों ने नमाज अदा कर शुक्र का सजदा किया। ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और विधायक रविदास मेहरोत्रा ने ईदगाह पहुंचकर मौलाना खालिद रशीद और अन्य नमाजियों से मुलाकात कर उन्हें ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी।


आसिफी इमामबाड़े में ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ते शिया समुदाय के लोग।

ईदगाह में नमाज से पहले मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने ईद-उल-अजहा की अहमियत, कुर्बानी की तारीख और मौजूदा हालात पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इस त्योहार में जानवरों की खरीद-फरोख्त में लगभग 10 हजार करोड़ का व्यापार होता है। इस त्योहार से 20 लाख किसानों को रोजगार मिलता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में हर 10 में से एक आदमी भूखा रहता है। भूख और डिप्रेशन की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की जान चली जाती है। गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी को दूर करने के लिए सभी को मिलकर जकात के सिस्टम को मजबूत करना होगा। प्रदूषण और वातावरण के सुधार के लिए हर मस्जिद और उसके चारों तरफ पौधरोपण कराना होगा।

वहीं, तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने देश में अमन के लिए दुआ कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। कुर्बानी के बाद बकरे का गोश्त दोस्तों, रिश्तेदारों और जरूरतमन्द गरीबों में बांटा गया।


संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक लाइटर ऑन द लिप्स का मंचन करते कलाकार।

# ड्रग्स की दुनिया पर रोशनी डालता है नाटक लाइटर ऑन द लिप्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाट्य संस्था दर्पण ने मंगलवार की शाम संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक लाइटर ऑन द लिप्स का मंचन किया।

शुभदीप राहा द्वारा लिखित व निर्देशित इस नाटक में रहस्य, रोमांच व खतरे की दुनिया से रूबरू कराने का प्रयास किया गया। इस नाटक में ड्रग्स की दुनिया के अंधेरे पहलुओं से परिचित कराने की कोशिश की गई है। नाटक में युवाओं को नशीली दवाओं से कैसे बचाया जाए, यह बताया गया है।

**IN THE SUPREME COURT OF INDIA**
**CIVIL ORIGINAL JURISDICTION**
**TRANSFER PETITION (CIVIL) No. 2563 OF 2023**
**WITH**
**I.A. No. 198584/2023- APPLICATION FOR STAY APPLICATION**
**RAKSHA DEVI YADAV**
... Petitioner
***VERSUS***
**RAJESH PRASAD YADAV**
... Respondent

To,
**RAJESH PRASAD YADAV**
**S/O SHEETLA PRASAD,**
**R/AT VILLAGE PADAMANPUR**
**BIJOULI, PARSHDEPUR,**
SOLE RESPONDENT
**TEHSIL SALON,**
**DISTRICT-RAI - BARELI, U.P.**

WHEREAS the Petition under Section 25 of the Code of Civil Procedure, 1908, above - mentioned, along with an application for **STAY APPLICATION,** seeking transfer of MC No. **1092** of **2023** titled as **"RAJESH PRASAD YADAV Vs. RAKSHA DEVI YADAV",** pending before the Family Court **RAE BARELI, UTTAR PRADESH,** under the jurisdiction of High Court of UTTAR PRADESH, to the Family Court/Competent Court at **AHMEDABAD, GUJARAT,** under the jurisdiction of the High Court of GUJARAT filed by **Mr. R. ILAM PARIDI,** Advocate for the petitioner was listed for preliminary hearing before this Court on **03rd October, 2023,** and the Court passed the following order:

**" 1 Issue notice returnable in four weeks.**
**2 In the meanwhile, there shall be stay of further proceedings in Restitution Case M.C. No 1092 of 2023 titled as "Mr. Rajesh Prasad Yadav Vs. Mrs. Raksha Devi Yadav" pending before the court of Principal Judge, Family Court, Raebareli, Uttar Pradesh."**

**AND WHEREAS,** the matter above-mentioned was listed before the Registrar Court on **06th May, 2024,** when the following order was passed:

**"Ld. counsel for the petitioner has filed an application for substituted service by way of publication in respect of the sole respondent. Same is allowed. Proof of publication be filed by the ext date.**
**List again on 23.07.2024."**

**NOW, THEREFORE, TAKE NOTICE** that the above petition along with application for stay will be taken up by this Court in due course and you may enter appearance before this Court either in-person or through an Advocate-on-Record of this Court duly appointed by you in that behalf within thirty days from the date of service of notice. You may thereafter show cause to the Court on the day that may subsequently be specified as to why the prayer made in the transfer petition and application for stay may not be allowed/granted to the petitioner above named.

You may file your affidavit in opposition to the petition as provided under Rule 3 Order XLI, S.C.R. 2013, not later than one week before the date appointed for hearing of the petition.

TAKE FURTHER NOTICE that if you fail to enter appearance, as aforesaid, no further notice shall be given to you and the matter above mentioned shall be disposed of in your absence.

**Dated this the 08th May, 2024**
**ASSISTANT REGISTRAR**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# महाराष्ट्र में ट्रस्ट, गुजरात में खाता खोलकर हड़पी रकम

## एकेटीयू के 120 करोड़ रुपये हेराफेरी का मामला, खाते में रकम आने के दूसरे दिन से करने लगे ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एकेटीयू के बैंक खाते से 120 करोड़ रुपये उड़ाने वाले गिरोह के तार महाराष्ट्र, गुजरात व यूपी से जुड़े है। जिस श्रृद्धा एजूकेशन एण्ड चैरिटेबिल ट्रस्ट के खाते में सौ करोड़ की रकम गई है। उसका पंजीकरण महाराष्ट्र के पते पर हुआ है। जबकि उसका खाता गुजरात के अहमदाबाद विजय क्रास रोड स्थित इंडसइंड बैंक में खोला गया है। वहीं, ट्रस्ट के संचालक ने अपना पता भी गलत दर्ज कराया है। पता सूरत देहात का है। जबकि उसका ठिकाना सूरत शहर में है। इस गिरोह का खुलासा करने में साइबर क्राइम थाने की टीम को पांच दिन लगे।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव ने बताया कि जिस ट्रस्ट के खाते में रकम गई है उसके ही दस्तावेज में काफी झोल है। इतनी बड़ी रकम की हेराफेरी करने में यूपी के जालसाज तो सिर्फ मोहरा है। असली मास्टर माइंड अनुराग श्रीवास्तव को माना जा रहा है। वहीं, दूसरा जय कुमार उर्फ एनके सिंह भी इसी काम में उसका साथ देता रहा। असली खेल तो गुजरात के अहमदाबाद और सूरत से हुआ। इस गिरोह के अभी पांच अन्य सदस्यों की चिह्नित कर लिया गया है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

**कुल 8 से 10 प्रतिशत कमीशन का खेल :** पुलिस के मुताबिक पकड़े गये यूपी के आरोपियों को केवल दस्तावेज उपलब्ध कराना था। गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को कुल रकम का आधा प्रतिशत मिलना था। वहीं अनुराग और जय कुमार उर्फ एनके सिंह को 4 प्रतिशत तो गुजरात में ट्रस्ट के दो खाता उपलब्ध कराने वाले देवेंद्र और उदय को 3 प्रतिशत हिस्सा मिलना था। जबकि असली खेल करने वाले सारी रकम डकारने की तैयारी में थे।

**डीजीएम ने किया पुलिस से संपर्क :** डेली रिपोर्ट में 100 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दिखा तो डीजीएम ने इस पर आपत्ति की। संदेह होने पर पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद शाखा प्रबंधक अनुज को एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस ने तत्काल बैंक से संपर्क कर 99,02,45,800 रुपये के ट्रांजेक्शन पर रोक लगाने की बात कही। वहीं जालसाजों ने एक करोड़ रुपये बंधक बैंक के खाते में 96 लाख रुपये एसबीआई और 20 लाख रुपये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में ट्रांसफर कर दिए। वहीं पांच लाख रुपये नकदी निकाल ली थी।

जालसाजी में शामिल राजेश बाबू फिल्म प्रोड्यूसर है। भोजपुरी फिल्म दबंग दामाद प्रोड्यूस कर चुका है। जिसके कलाकार रितेश पाण्डेय और अकक्षरा सिंह थे। वहीं शैलेश कुमार फार्मासिस्ट है।


गिरीश चंद्रा


शैलेश रघुवंशी


देवेंद्र प्रसाद


केके त्रिपाठी


दस्तगीर आलम


उदय पटेल


राजेश बाबू

### व्यापार में रुपये निवेश के नाम पर निकाले

3 जून को बैंक में शाम 6 बजे कॉल किया गया। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय जय कुमार उर्फ एनके सिंह बताते हुए एकेटीयू के वित्त अधिकारी के रूप में दिया। उसने एफडी पर ब्याज दर के बारे में पूछा। इसके बाद 4 जून को दोपहर 3 :30 बजे शाखा पहुंचा। उसने लेटर लिया। फर्जी मेल आईडी बनाकर एकेटीयू को मेल पर भेजा। इसके बाद एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी बनाकर बैंक को मेल किया। 5 जून को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बापू भवन शाखा में 49 करोड़, 49 करोड़, 22 करोड़ की तीन किस्तों में कुल 120 करोड़ रुपये एकेटीयू के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लखनऊ खाता संख्या 35766801692 से जमा कराए गए। उसी दिन 4 बजे के करीब अनुराग श्रीवास्तव मुख्य खाता अधिकारी बनकर शाखा में आया जय कुमार की मौजूदगी में सारे दस्तावेज पैन कार्ड व एकेटीयू का फर्जी अथारिटी लेटर जिसमें अनुराग श्रीवास्तव को मुख्य खाता अधिकारी के रूप परिचालन के लिए अधिकृत करते हुए बचत खाता हेतु प्रस्ताव पत्र भी शामिल था, जमा कराया।

### चेक हासिल करने के बाद की हेराफेरी

अनुराग श्रीवास्तव ने चेक बुक की मांग की। उसे लगभग 20 चेक लीफ दिया। इसके बाद अनुराग ने 6 जून को 8 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपये व 9 करोड़ 50 लाख रुपये इंडसइंड बैंक अहमदाबाद खाते में ट्रांसफर कर दिये। 20 करोड़ की एक एफडी शाखा में करायी। 7 जून को 12 बजे अनुराग दोबारा पहुंचा। उसने पांच आरटीजीएस फार्म दिये। कुछ देर बाद पांच बार में कुल 80,52,95,800 रुपये उसी खाते में ट्रांसफर कर दिये।

### सारे दस्तावेजों का हुआ ऑन लाइन स्थानांतरण

पुलिस के मुताबिक जालसाजों ने इस फर्जीवाड़े के लिए जितने भी कागज थे। सभी ऑन लाइन मंगाए थे। चाहे बैंक मैनेजर का फोटो युक्त विजिटिंग कार्ड हो या ऑफर लेटर। यह सारा काम राजेश बाबू, गिरीश चंद्र, शैलेश कुमार रघुवंशी, दस्तगीर आलम ने केके त्रिपाठी के जरिये किया। खाता खोलने से लेकर एफडी की बात तक बैंक मैनेजर से मोबाइल पर हुई थी। पूरे घटनाक्रम के दौरान बैंक मैनेजर मनाली में परिवार के साथ छुट्टियां मना रहा था।

### चार आरोपियों से सीधा संपर्क नहीं

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार चार आरोपियों राजेश बाबू, गिरीश चंद्र, शैलेश कुमार रघुवंशी, दस्तगीर आलम का अनुराग श्रीवास्तव और जय कुमार उर्फ एनके सिंह से कोई संपर्क नहीं है। इन सभी से बस्ती के अहमट गांधीनगर जयपुरवा निवास कृष्णकात त्रिपाठी ने संपर्क किया। अनुराग भी बस्ती का रहने वाला था। उसने ही खातों के बारे में डिटेल उपलब्ध कराने के लिए संपर्क किया। इसके बदले में मिलने वाले रुपये का बराबर हिस्सा बांटने का ऑफर दिया।

### बहू के नंबर ने खोला राज

इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद सभी के नंबर खंगाले जाने लगे। इसमें सूरत के देवेंद्र जोशी का नंबर मिला। ट्रस्ट के खाते में जो पता लिखा था उस पर टीम पहुंची। तो वहां पता चला कि सब फर्जी है। इसके बाद देवेंद्र के नंबर को खंगाला गया। उसमें एक नंबर पर अपनी बहू से बात करने की बात सामने आई। बहू से वारदात के बाद देवेंद्र ने बात की थी। इसी आधार पर उस नंबर का डिटेल निकाला गया तो वह सूरत शहर का निकला। पुलिस टीम ने उस पते पर दबिश दी तो देवेंद्र हाथ लग गया। इसके बाद उदय पटेल को दबोचा गया। उनसे पूछताछ के बार सारी कड़ियां खुलने लगी। लखनऊ की टीम ने अन्य पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पूरी कहानी सामने आ गई।

## केस दर्ज होने पर विवि को पता चला

**एकेटीयू अलर्ट**

- कुलपति बोले- गलती बैंक अधिकारियों ने की, बिना प्रमाण के कैसे स्थानांतरित हो गई इतनी बड़ी धनराशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** 120 करोड़ का हेरफेर हो गया और किसी को पता तक नहीं चला। एकेटीयू को जानकारी तब हुई, जब बैंक मैनेजर की ओर से केस दर्ज कराया गया। एकेटीयू के कुलपति का कहना है कि बगैर जांच करे खाता खोलना और इतनी बड़ी रकम स्थानांतरित करा देना बैंक की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा कर रहा है।

कुलपति प्रोफेसर जेपी पाण्डेय का कहना है कि विवि में धनराशि जमा करने और स्थानांतरित करने की एक व्यवस्था है। बताया कि जब बैंक अधिकारी विवि का दूसरा खाता खोलने जा रहे थे। तो उनको एक बार क्रॉस चेक जरूर करना चाहिए था। बताया कि मुझे मालूम चला है कि हेरफेर करने वाले लोगों ने कागजों पर एमडी और सचिव पद लिखकर दिया। जबकि विवि में ऐसा पद ही नहीं सृजित है। कुलपति का कहना है कि इस अपराधिक घटना में विवि के किसी कर्मी का हाथ नहीं है। गलती पूरी तरह बैंक कर्मियों की ही है।

## दहेज हत्या का आरोप, मामला दर्ज

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार :** काकोरी थाना क्षेत्र के पान खेड़ा गांव में छाया पाल (23) के मामले में पुलिस ने मृतका के मां की तहरीर पर पति समेत सात लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है।

काकोरी के मोहान रोड स्थित घुरघुरी तालाब चौकी अंतर्गत पान खेड़ा गांव में सोमवार देर रात को संदिग्ध हालत में छाया की मौत हो गई। पति सूरज पाल ने ससुराल वालों को इसकी सूचना दी। छाया की शादी 8 दिसंबर 2022 को हुई थी। मृतका की मां अनीता का आरोप है कि बेटी को ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि उसकी बेटी की मारपीट कर हत्या कर दी। फिर उसका शव फांसी के फंदे से आरोपितों ने लटका दिया।

काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद का कहना है कि मां की तहरीर पर पति सूरज पाल, ससुर रामचंद्र पाल, नंनद रोली, जेठ शेर सिंह, गोबिंद, रामू समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## सार-संक्षेप

### दबंग भाइयों ने पीटा, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां के बघौना निवासी उमेश कुमार द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार उदयपुर निवासी सिद्धार्थ सिंह बीती 29 मई को उदयपुर गांव आया हुआ था जहां कुलदीप सिंह अपने परिवार के ही अंकुज उर्फ पियूष व गोलू के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। मामले की सूचना निगोहां पुलिस को दी गई, पुलिस ने जांच का हवाला देकर टरका दिया। जिसके बाद पीड़ित ने सहायक पुलिस आयुक्त से शिकायत की तो मंगलवार को निगोहां पुलिस ने तीनों के विरुद्ध एससी एसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

### युवती को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर इलाके से चार दिन पहले एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के परिजनों ने सरोजनीनगर के ही एलडीए कॉलोनी स्थित सीएमएस स्कूल के सामने गेट नंबर वन, गुरुद्वारा गली में रहने वाले संदीप उर्फ सनी शर्मा उर्फ संजीव शर्मा के खिलाफ बहलाने फुसलाने के साथ ही धमकाकर अपने साथ भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लाउड स्पीकर बजाने से रोकना पड़ा भारी, पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा में बीते दिनों तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने से मना करना एक महिला को भारी पड़ गया। नतीजा कि आरोपियों ने उसकी और उसके पति की जमकर पिटाई कर दी। इस मामले में बंथरा के पिपहरी में रहने वाली महिला रेखा ने गांव के ही कल्लू, डगरू, लालता, रोशनी और अजीत राजपूत के खिलाफ गाली-गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के साथ ही अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेखा का कहना है कि उसके घर के सामने रहने वाले कल्लू, डगरू, लालता, रोशनी और उनके रिश्तेदार अजीत राजपूत अक्सर दरवाजे पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाते हैं। फिलहाल बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर गहने व नकदी चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर इलाके में बीते वायु सेना में तैनात हवलदार के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने कीमती गहने और नकदी पार कर दी। बिजनौर के स्पर्श पैराडाइज सोसायटी निवासी महेंद्र कुमार के मुताबिक वह गुजरात के जामनगर स्थित वायु सेना एयर बेस में हवलदार क्वार्टर मास्टर के पद पर तैनात हैं। उनका कहना है कि वह परिवार सहित दिसंबर 2023 में छुट्टी पर अपने घर आए थे। उसके बाद 22 दिसंबर 2023 को परिवार सहित मकान में ताला बंद कर ड्यूटी पर चले गए। 14 मार्च 2024 को जब महेंद्र की सास बिजनौर स्थित घर पहुंची तो खिड़की टूटी होने के साथ ही घर के अंदर रखें संदूक और सूटकेस के ताले टूटे मिले। साथ ही दोनों बेड खुले थे और उनका सारा सामान बिखरा पड़ा था। तब उन्होंने इसकी सूचना महेंद्र को दी। महेंद्र का कहना है कि इस घटना में घर के अंदर रखे कीमती गहने और नकदी चोर उठा ले गए हैं। इस मामले की रिपोर्ट सोमवार को दर्ज हुई। फिलहाल बिजनौर पुलिस चोरों का सुराग लगा रही है।

### कुत्तों को जहर देने का आरोप, दो पर मामला दर्ज

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी क्षेत्र में चक्की पर पले पालतू कुत्तों को गांव के दो लोगों पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाते हुए। पीड़ित ने काकोरी थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है। काकोरी क्षेत्र के ग्राम लगोटा खेड़ा निवासी कमलेश ने बताया कि बीते सोमवार की सुबह करीब 6 बजे मेरे चारों पालतू कुत्ते अलग अलग स्थानों पर तड़पते हुए मिले मैंने तुरंत उनको पानी पिलाया लेकिन चारों कुत्तों ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। वहीं थोड़ी देर बाद मुझे गांव के कुछ लोगों से पता चला कि सवेन्द्र , शहदेव निवासी तिलसुवा बोल रहे थे। गांव में जितने भी कुत्ते है उनको मैं जहर देकर मार दूंगा। जिसकी डेयरी मेरी चक्की के बगल में है। तक मैने उनकी डेयरी के पास गया तो मैंने अपने कुत्तों को जहर क्यों दिया तो उन्होंने कहा कि शाम को फिर जहर रखूंगा तुम मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। इस संबंध में काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पीड़ित की मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच की जा रही है।

### अवैध संबंध का विरोध करने पर की थी बुजुर्ग की हत्या

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा पुलिस ने मौरा गांव निवासी ब्रजलाल की हत्या करने वाले आरोपित बबलू पाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपित ने पूछताछ में बताया कि अवैध संबंध का विरोध करने पर गला दबाकर हत्या की थी। आरोपित तो जेल भेजा। पुलिस ने बताया कि काकोरी के बिगहु गांव में 7 जून को आम की बाग में बुजुर्ग का शव मिला था। शव की शिनाख्त मौरा गांव निवासी बुजुर्ग ब्रजलाल के रूप में हुई थी, जिसकी गुमशुदगी दुबग्गा कोतवाली में दर्ज थी। पुलिस ने बताया कि हत्या का राजफाश करते हुए गांव के ही बबलू पाल को गिरफ्तार किया है।

### शादी से मना करने पर प्रेमिका का सिर फोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोनभद्र की रहने वाली यह 25 वर्षीय युवती इन्दिरानगर में किराये पर रहती है। दो दिन पहले उसके दोस्त विजय मौर्या ने उसे बर्थ डे पार्टी के बहाने अपने घर बुलाया। वह वहां गई तो उसने कोल्ड ड्रिंक में शराब मिला कर पिला दी। युवती बेसुध होने लगी तो वह उससे गलत हरकत करने लगा। विरोध करने पर विजय ने उससे शादी करने की बात कही। उसने मना कर दिया इस पर विजय ने उसकी पिटाई कर दी। सिर पर बोतल से हमला कर दिया। बोतली इतनी तेजी से सिर पर मारी कि वह सिर पर ही टूट गई। इससे कांच उसके सिर में घुस गये।

# वसूली में दरोगा समेत चार यातायात पुलिसकर्मी निलंबित, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड थाने में चारों पर दर्ज हुई एफआईआर, जांच में सही मिला आरोप
- अन्य राज्यों की बसों से एक हजार रुपये की करते थे मांग

**अमृत विचार:** दूसरे राज्य से कमता तिराहे पर आने वाली बसों से वसूली करने वाले दरोगा समेत चार यातायात पुलिसकर्मियों को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। जेसीपी कानून-व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल की जांच अवैध वसूली के आरोप सही पाए गए।

कमता तिराहे पर पिछले कुछ दिनों से अन्य राज्यों का नंबर देख बस को रोक लिया जाता था। उनसे शहर में प्रवेश के नाम पर वसूली की जाती थी। रोजाना आने-जाने वाले चालकों ने जानकारी की तो ऐसा कोई भी टैक्स यातायात विभाग द्वारा नहीं लिया जाता है। चार पुलिसकर्मी मिलकर अवैध वसूली कर रहे हैं। एक चालक ने साथियों से चर्चा की और जेसीपी से मिलकर मामले की शिकायत की। जेसीपी ने बताया कि पिछले कई दिनों से बस चालकों की तरफ से अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थी। मामले की गोपनीय जांच करवाई गई तो पाया कमता तिराहे पर तैनात यातायात दारोगा उमेश सिंह, सिपाही शुभम कुमार, विवेक विशाल दुबे और सचिन कुमार अन्य राज्यों से आनी वाली बसों को देर रात रोककर चालान का डर दिखाकर वसूली करते हैं। वहीं शिकायतकर्ता ने आडियो और वीडियो भी उपलब्ध कराए थे।

### सिपाही के स्टिंग में हुआ खुलासा

बस चालकों की तरफ से मिली शिकायतों के बाद जेसीपी कार्यालय से एक पुलिसकर्मी को बस से अन्य जिले भेजा गया। वहां से शिकायत करने वाले चालक के साथ बस में बैठकर लखनऊ आया। कमता तिराहे पर चारों पुलिसकर्मियों ने बस को रोक लिया। इसके बाद चालान करने की बात कहने लगे। अगर शहर में आना है तो एक हजार रुपये देकर जाओ। दारोगा और सिपाहियों के तैनात होने के बाद से वसूली शुरु हो गई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले कभी बस नहीं रोकी जाती थी। अचानक सिर्फ चार पुलिसकर्मियों के द्वारा रोका जाने लगा, तो वसूली पर शक हुआ था।

## लुटेरे को दबोचा चेन बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना पुलिस ने चेन लुटेरे को दबोच लिया है। उसके पास से लूटी गई चेन बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक लुटेरे ने पांच दिनों में दो वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक इण्डियन हेल्पलाइन के संस्थापक/ वरिठ पत्रकार विपिन शर्मा की मां से बुधवार सुबह दरवाजे पर सफाई कर रही थी। इसी बीच स्कूटी सवार एक युवक पहुंचा उसने पात पूछा फिर चेन लूट ली। स्कूटी से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी जगजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वह आलमबाग के सरदारीखेड़ा का रहने वाला है। पूछताछ में बताया कि उसने कुछ दिन पहले पीजीआई में भी लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

## चश्मा लेने के विवाद में दोस्त को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फन मॉल के पास सोमवार देर रात हुई वारदात, एफआईआर
- आम्रपाली अपार्टमेंट में देर रात तक चली बर्थ-डे पार्टी

**अमृत विचार:** आम्रपाली अपार्टमेंट में देर रात तक दो दोस्तों का जन्मदिन पार्टी मनाया । इसके बाद फन मॉल पर पहुंचे। जहां चश्मा लेने को लेकर विवाद हुआ। कहासुनी के बाद एक ने दूसरे दोस्त को गोली मार दी। पैर में गोली लगने से घायल युवक को आनन-फानन लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद मंगलवार शाम को पीड़ित गोमतीनगर थाने पहुंचा। जहां उसकी तहरीर पर एक नामजद सहित तीन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पांडेय के मुताबिक मैनपुरी का रहने वाला शिवम चौहान लखनऊ में रहकर ठेकेदारी करता है। उसका दोस्त उत्कर्ष सक्सेना आम्रपाली अपार्टमेंट में रहता है। वहां सोमवार देर रात को आकिब और हर्षित आये। आकिब का जन्मदिन था। वहां पार्टी शुरू हुई। देर रात तक पीने-खाने का दौर चला। इसके बाद आकिब और हर्षित चले गए। कुछ देर बाद अयोध्या का रहने वाला उदित सर्राफ अपने दो दोस्तों के साथ उत्कर्ष के फ्लैट पर पहुंचा। वहां शिवम व उत्कर्ष मौजूद थे।

पुलिस के मुताबिक फ्लैट पर पहुंचे उदित ने बताया कि उसका भी जन्मदिन है। इस पर सारे लोगों ने वहां पर देर रात तक खाने-पीने में लगे रहे। रात करीब ढाई बजे उदित, शिवम और उत्कर्ष के अलावा दो अन्य युवक जो उदित के साथ आए थे। एक ही कार से फन मॉल के पास पहुंचे। वहां काफी देर तक खड़े रहे। वहां सिगरेट पी। इसके बाद कहासुनी होने लगी।

उदित का चश्मा शिवम ने ले लिया था। इस बात को लेकर दोनों में काफी देर तक कहासुनी होती रही। इसी बीच उदित ने साथ आए एक युवक से असलहा मांगा। इस मामला हाथापाई तक पहुंच गई। अचानक उदित ने शिवम पर फायरिंग कर दी। गोली शिवम के पैर में लगी।

### उत्कर्ष लेकर गया अस्पताल

पुलिस के मुताबिक वहां से शिवम को उत्कर्ष किसी तरह घर लेकर गया। वहां से गाड़ी निकाली। फिर वह लोहिया अस्पताल लेकर गया। जहां मंगलवार सुबह 11 बजे छुट्टी दी गई। देर शाम को दोनों गोमतीनगर थाने पहुंचे। जहां पर उदित व दो अन्य युवकों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पांडेय के मुताबिक तहरीर के आधार पर तीनों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बेकाबू कार पलटने से दादा और पोते की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोसाईंगंज के देहरामऊ गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज के दहियामऊ में मंगलवार अपरान्ह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए 15 फीट गहरी खंती में जा गिरी। हादसे में दादा आत्माराम (75) और पोते आदर्श (10) की मौत हो गई। वहीं पत्नी और बेटा घायल हो गया। यह परिवार पीजीआई में आत्मराम की पत्नी भानुमती का इलाज कराने पीजीआई जा रहे थे।

आजमगढ़ के कलबाजबहादुर निवासी आत्माराम त्रिपाठी पत्नी भानुमती को मंगलवार को कार से पीजीआई इलाज कराने ला रहे थे। साथ में बेटा विवेक और पोता आदर्श था। कार विवेक चला रहे थे। दोपहर 3 बजे वह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गोसाईंगंज के दाहिरामऊ पहुंचे ही थे तभी कार का टायर फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित हो गई। जब तक विवेक कार संभाल पाते रेलिंग तोड़ते हुए 15 नीचे खाई में जा गिरी। हादसा देख अफरा- तफरी मच गई। सूचना पर यूपीडा कर्मियों ने घायलों को गोसाईंगंज सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने आत्मारात व पोते आदर्श को मृत घोषित कर दिया। वहीं भानुमती की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उधर विवेक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

विवेक ने बताया कि कुछ समझ में नहीं आया कि अचानक क्या हो गया। पल भर में कार रेलिंग तोड़ते हुए कार खाई में जा गिरी। किसी तरह वह कार से बाहर निकले पर तब परिवार के अन्य लोग गंभीर हालम में कार में फंसे हुए थे। सभी लोग खून से लथपथ थे।

## बिल्डर को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृंदावन कॉलोनी निवासी रवींद्र तिवारी शिव चित्रा इंफ्रा के नाम से फर्म चलाते हैं। व्यापार के सिलसिले में उनकी पहचान बरौना निवासी सतवीर सिंह से हुई। जिसे कम्पनी में निदेशक बनाया गया। आरोपी जमीन दिलाने की बात कही। फर्म में जुड़ने के साथ ही सतवीर ने करीब एक करोड़ 40 लाख रुपये जमा कराए। फिर दबाव बना कर एक करोड़ 65 लाख वापस ले लिए। इसके बाद भी तीन करोड़ रुपये की मांग की गई। जिसके पूरी नहीं होने पर रवींद्र को बंधक बना कर पीटा।

## एक नजर

### फिर नहीं आए राहुल गांधी अब 26 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चुनाव के दौरान बेंगलुरु में अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को भी विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष ने राहुल गांधी के मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया। वही इसी मामले में कोतवाली नगर घरहां कलां डिहवा निवासी रामप्रताप पुत्र रामनेवाज ने इसी मामले में पक्षकार बनने का प्रार्थनापत्र बीती तारीख पर कोर्ट में दिया गया है। पक्षकार बनाने के प्रार्थना पत्र का निस्तारण विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत 26 जून को करेगी।

### अयोध्या जेल में जमीन में दबा रखे थे तीन मोबाइल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला कारागार प्रशासन को उच्च सुरक्षा बैरक के पास जमीन में दबा कर रखा तीन मोबाइल फोन मिले हैं। प्रकरण में कारागार प्रशासन ने उच्च सुरक्षा बैरक के चार बंदियों के खिलाफ नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में तीन बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया है। कारागार परिसर से मोबाइल का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत और सूचना को लेकर एसएसपी जेल उदय प्रताप मिश्र ने स्टाफ के साथ उच्च सुरक्षा कक्ष में निरुद्ध बंदियों और उनके सामान की आकस्मिक तलाशी कराई।

### दो बैंकों में मिले दो हजार के कई जाली नोट

**कानपुर, अमृत विचार।** दो बैंकों में दो हजार के जाली नोट मिलने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने दो शाखा प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक आईपीएस गहलोत ने बताया कि शहर के बैंकों में जमा होने वाली राशि को रिजर्व बैंक की कानपुर शाखा में रखा जाता है। फरवरी माह में जब नोटों की गिनती हुई तो दो हजार के 15 नोट नकली मिले। ये जाली नोट पंजाब नेशनल बैंक की आजादनगर शाखा और बैंक ऑफ बड़ौदा की गुमटी नंबर पांच की शाखा से जमा हुए थे।

## पिटाई कर काट दिया कान, नहीं लिखी रिपोर्ट

**परसपुर (गोंडा) अमृत विचार:** युवती को घर पर अकेली पाकर दबंगों ने पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। पिटाई के दौरान युवती का कान भी कट गया। परिजन पीड़िता को लेकर नजदीकी पुलिस चौकी पहुंचे तो वहां पुलिसकर्मियों ने रिपोर्ट लिखने के बजाय उसे घंटों थाने पर बैठाया रखा। फिर पीड़िता थाने गई तो पुलिस कर्मियों ने मामले में सुलह समझौता करने का दबाव बनाया। मंगलवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरी घटना बताई। एसपी ने पुलिस को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मामला गांव नौसहरा खैरा का है। मोहनी पाठक ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर इन्द्रजीत पाठक ने अपने लड़को के साथ उसकी जमकर पिटाई की।

## निर्धारित समय में ही पूरा होगा राम मंदिर का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि के निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। मंदिर के साथ परकोटे के पूरब के दोनों क्षेत्र में शिव मंदिर और हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चल रहे निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरों को साझा कर यह जानकारी दी है।



राम मंदिर के प्रथम तल के बाद द्वितीय तल का निर्माण चल रहा है। 31 दिसम्बर तक शिखर का भी निर्माण हो जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बन रहे परकोटा और उसमें 6 पंचायती मन्दिर का भी निर्माण मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलांवा राम जन्मभूमि परिसर में शेषावतार और सप्त ऋषियों के मंदिर निर्माण की डेड लाइन तय कर दिया गया है, जिसके तहत निर्माण के कार्य की गति को भी बढ़ा दिया गया है। ट्रस्ट की मानें तो वर्तमान में 2500 से 3000 के लगभग में प्रतिदिन वर्कर कार्य कर रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक मंदिर परिसर में निर्माण कार्य अपने निर्धारित समय अनुसार किया जा रहा है।

## अकासा एयरलाइन्स ने शुरू की दो नई उड़ानें

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि स्पाइसजेट ने कई शहरों के लिए उड़ान बंद की थी, लेकिन उसकी जगह अकासा एयरलाइन्स ने उड़ानें बढ़ा दी हैं। एयरपोर्ट पर ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया था।

इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए विनोद गर्ग ने बताया कि अयोध्या-हैदराबाद बंद हुई स्पाइस जेट फ्लाइट की जगह अब अकासा ने उड़ान शुरू कर दी है। उन्होंने उड़ान की संख्या कम होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि अकासा एयरलाइंस ने अपनी दो फ्लाइट अयोध्या से बढ़ाई है। एक बेंगलुरु व दूसरी मुंबई के लिए।

## सीतापुर : चलती मालगाड़ी के कोच में आग, सामान जला



सीतापुर के तालगांव इलाके में दिल्ली से चलकर बिहार प्रान्त के आजाद नगर जा रही मालगाड़ी के एक कोच में रविवार देर रात अचानक आग लग गई। स्टेशन मास्टर ने मामले की सूचना कंट्रोल रूम सहित फायर ब्रिगेड को दी। अधिकारियों के निर्देश पर मालगाड़ी अगले रेलवे स्टेशन परसेंडी पर रुकवाकर कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया। कोच में आग लगने से लाखों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया। ● अमृत विचार

# बलरामपुर और हरदोई में 7 लोगों की डूबकर मौत

रेहरा बाजार, बलरामपुर

**अमृत विचार।** रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालू बनकट निवासी चार सगी बहनें बकरीद का त्योहार मनाने ननिहाल मसीहाबाद गई थीं। तेज गर्मी और धूप के कारण चारो बहनें ननिहाल के बगल स्थित कुआनो नदी में स्नान नहाने चली गईं।

इसी बीच चारों बहनें नदी में गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। आसपास के लोगों ने देखा तो पानी में उन्हें बचाने के लिए कूद पड़े। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर चारों बहनों का शव नदी से बाहर निकाला। बाहर निकालने से पहले ही डूबकर चारों की मौत हो चुकी थी। मृत बहनों की पहचान कालू बनकट निवासी राजू की पुत्री रेशमा 13 वर्ष, अफसाना 11 वर्ष, गुड्डी 9 वर्ष तथा लल्ली 7 वर्ष के रूप में हुई। बच्चियों के डूब कर मरने के चलते गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मौके पर पहुंचे एसडीम अवधेश कुमार तथा सीओ प्रमोद कुमार ने घटना की जानकारी ली है। मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की जानकारी होने पर एसपी केशव कुमार बच्चियों के गांव कालू बनकट पहुंचे। एसपी ने परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चियों के परिजनों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया।

▸▸ **एसपी ने परिजनों से की मुलाकात, दिया आश्वासन**

### दो सगे भाई व रिश्तेदार की गंगा में डूबकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बिल्कुल बगल में गंगा स्नान कर रहे दो सगे भाइयों के अलावा उनके एक रिश्तेदार की गंगा में डूब कर मौत हो गई। गोताखोरों के घंटों जूझने के बाद तीनों शवों को बरामद किया जा सका। गंगा में समाने वाले तीनों युवक फिरोज़ाबाद के रहने वाले बताए गए है। बताया गया है कि सोमवार को पांचाल घाट पर गंगा स्नान करने वालों की काफी भीड़ थी, उसी बीच गंगा में नहा रहे तीन युवकों के डूबने की खबर से वहां खलबली मच गई। आनन-फानन में वहां पहले से अलर्ट गोताखोरों ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। काफी देर बाद उन तीनों शवों को बरामद किया जा सका।

## चोरों के अंतर्जनपदीय गिरोह का खुलासा

गोंडा कार्यालय

▸▸ **छह गिरफ्तार, लूट की कार समेत तमंचा बरामद**

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के जानकी नगर मोहल्ले में तीन दिन पहले हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने अंतर्जनपदीय गिरोह के छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट की कार , दो तमंचा, नकली पिस्टल, बाइक, मोबाइल फोन व टैबलेट बरामद किया है।

नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के जानकारी नगर मोहल्ले के रहने वाले उदयराज यादव के घर में 15 जून को घातक हथियारों से लैस बदमाशों ने धावा बोला था और लूट का प्रयास किया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। विवेचना के दौरान मैनुअल व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की सहायता से प्रकाश में आये छह आरोपियों संदीप कुमार जायसवाल निवासी डोकरी सलेमपुर थाना बौंडी बहराइच,चांद बाबू निवासी नौरईरूा निकट गल्ला मण्डी थाना दरगाह शरीफ बहराइच, नियाज निवासी गंगवारा थाना देवा बाराबंकी, उस्मान खान निवासी बेगमपुर थाना रामगांव बहराइच, इरफान अली उर्फ दम्मा निवासी कस्तूरी थाना कर्नलगंज गोण्डा व विशाल सोनी निवासी डोकरी सलेमपुर थाना बौडी बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को वारदात का खुलासा करते हुए कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का एक संगठित गिरोह है।

## विदेशी महिला मित्र के साथ गांव में रहे युवक को नोटिस

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुभानपुर में विदेशी महिला मित्र के साथ एक युवक करीब एक सप्ताह तक रहा लेकिन किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। युवक ने बताया कि पबजी गेम खेलने के दौरान विदेशी महिला मित्र से दोस्ती हुई थी। जानकारी न देने के लिए युवक को पुलिस की ओर से नोटिस दी गई है।

अमेरिका की फ्लोरिडा शहर निवासी ब्रुकली कार्ली अपने मित्र हिमांशू निवासी उमरी, थाना एरवाकटरा के साथ 5 जून को थाना क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर में अपने मौसा जय चंद्र के घर पर रुकने के लिए आए। करीब एक सप्ताह रुकने के बाद 11 जून को यहां से दोनों लोग चले गए। सोशल मीडिया पर जब इस बात की जानकारी फैली तो हिमांशू विदेशी महिला मित्र को अछल्दा पुलिस थाने लेकर आए। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक को पूछताछ के बाद परिजनों के साथ भेज दिया। एसपी चारु निगम ने मामले को लेकर बयान जारी किया कि युवक विदेशी महिला मित्र के साथ अछल्दा क्षेत्र में रुका था। युवक को सी फॉर्म भरकर जानकारी देना चाहिए थी, लेकिन उसने नहीं बताया फिर उसको नोटिस जारी किया गया है।



विदेशी महिला मित्र के साथ युवक की फोटो।

# खनन का वीडियो बनाने पर मारी गोली

संवाददाता, परशदेपुर

▸▸ **प्रधान प्रतिनिधि सहित चार पर मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी के लिए टीम गठित**

**रायबरेली, अमृत विचार।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन का वीडियो बनाने पर ग्राम पंचायत सदस्य को जेसीबी संचालकों ने दौड़ाकर पीटा। उसके बाद बांये पैर में गोली मार दी। वहीं, ग्राम पंचायत सदस्य की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले में एससी/एसटी एक्ट भी लगाया गया है।

कूढ़ा गांव के पनवरिया तालाब में जेसीबी से मिट्टी खनन का काम चल रहा था। मंगलवार सुबह ग्राम पंचायत सदस्य बबलू पासी पहुंचे तो जेसीबी से मिट्टी खनन होते देख वीडियो बनाकर पुलिस को सूचना दे दी। वहीं,बबलू ने आरोप लगाया है कि मनरेगा से तालाब की मिट्टी खुदवा कर बेच रहे थे। जिसका वीडियो बनाते हुए जेसीबी संचालकों ने देखा तो उसे लाठी डंडों से मारते हुए गांव की तरफ लाए और उसके बांए पैर में गोली मार दी। परिजन घायल ग्राम पंचायत सदस्य को थाने ले आए।पुलिस ने नसीराबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी मिलते ही सलोन सीओ वंदना सिंह भारी फोर्स के साथ कूढ़ा गांव पहुंचीं और लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली।



घायल ग्राम पंचायत सदस्य बबलू पासी।

# प्रेमिका के चक्कर में दोस्त को उतारा मौत के घाट

संवाददाता, हरचंदपुर

**रायबरेली, अमृत विचार।** प्रेमिका से बात करने से मना करने पर न मानने पर एक युवक ने दोस्त की डंडे से पीट कर हत्या कर दी और शव को किनारे जंगल में फेक दिया।

थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव के रामसजीवन का पुत्र अमन (20) बीते 14 जून को अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने खोजबीन के बाद अमन के गायब होने की गुमशुदगी 15 जून को थाने में दर्ज करवाई थी। रविवार की देर रात रेलवे ट्रैक के किनारे जंगल में युवक का शव जंगल में पड़े होने की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस ने हत्या के आरोपी हिमांशु यादव को दबोच लिया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में हिमांशु यादव ने बताया कि अमन और उसकी दोस्ती थी इस बीच अमन उसकी प्रेमिका से फोन पर बात करने लगा था। यह बात उसे नागवार गुजरी। इससे वह काफी नाराज चल रहा था।

## संरक्षित रेल संचालन पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े हुये थे। बैठक में 17 जून को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में हुई दुर्घटना के मद्देनजर संरक्षित रेल संचालन पर व्यापक चर्चा की गई। इसके साथ ही यात्री शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए मण्डलों व मुख्यालय पर बनाए गए वार-रूम की निगरानी पर भी चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने बैठक में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए संरक्षा मदों की आपूर्ति समयानुसार करने पर बल दिया। ट्रैकमैन को सेफ्टी शूज उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।



अमिताभ, महाप्रबंधक उ.प. रेलवे

## दरभंगा-अमृतसर वाया गोरखपुर गाड़ी का संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05559/05560 दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन दरभंगा से 24 जून, 2024 को तथा अमृतसर से 19 एवं 26 जून को किया जायेगा। 05559 दरभंगा-अमृतसर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 24 जून, 2024 को दरभंगा से 20.20 बजे प्रस्थान कर गोण्डा से 05.27 बजे, सीतापुर से 07.35 बजे छूटकर अमृतसर पहुंचेगी।

## मानवीय त्रुटियों को कम करने पर बल

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, रेलगाड़ियों की सुरक्षित संचालन, समय पालनबद्धता और रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर बल दिया गया।

उन्होंने बताया कि संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने रेलपथों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलपथों पर संरक्षा बढ़ाने हेतु अभियान तेज करें।



शोभन चौधुरी महाप्रबंधक, उ.रे.

## वर्ग पहेली-105

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
4. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत, नियतिवाद।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।



### वर्ग पहेली -104 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | | 3 ला | हो | ल |
| | दी | | 4 कु | | | |
| | 5 फ़ | त | ह | | 6 मू | |
| | | | रा | | ढ़ | |
| 7 ल | | 8 ढ | म | ढ | म | |
| गा | | | | | ति | |
| 9 म | ख़ | सू | स | | | |

### सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | 8 | | | | 6 |
| | 8 | 7 | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | | 4 | 3 | | | 8 | |
| 1 | | 4 | | | 7 | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | | 9 | | | 5 | | 3 |
| | 4 | | | 6 | 8 | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | | 2 | 6 | |
| 7 | | | | 4 | | | 9 | 1 |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी-07 .28 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी सावधान रहना चाहिए। मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। दूसरों की कमियों में ध्यान देने के बजाय अपने ऊपर ध्यान दें। आप अध्यात्म में काफी रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन में अशांति होने की संभावना है।

**वृष:** आज लंबे समय से रुका हुआ कार्य बन सकता है। जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। सोचे हुए काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लोन आदि लेने का विचार कर सकते हैं। विवादित विषयों में आपको सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपने शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने विचारों को लेकर दुराग्रही न बनें।

**कर्क:** आज अपनी कमियों को लोगों के सामने व्यक्त न होने दें। लोग आपसे कुछ गलत अपेक्षा रख सकते हैं। संतान के व्यवहार से कुछ अप्रसन्नता रहेगी। आपका मन कुछ उदास हो सकता है। परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल हो सकती हैं।

**सिंह:** आज राजनीतिक लोगों को अपने विरोधियों के साथ मेलजोल बढ़ाना पड़ सकता है। लोगों की मदद करने से पीछे न हटें। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**कन्या:** आज नए उत्पादों में आप निवेश कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ेगी। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला:** आज आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं। दूसरों पर पूरी तरह निर्भर रहना उचित नहीं होगा। अपनी स्किल्स और क्षमताओं पर विश्वास रखें। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। धन से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा।

**वृश्चिक:** आज आप अपने कौशल विकास में विशेष ध्यान देंगे। परिवार की परेशानियों का निवारण होगा। विद्वान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**धनु:** आज स्वास्थ्य कष्ट होने की आशंका है। गर्मी से आपको सावधान रहना चाहिए। अधिकारियों से बहस न करें। जहां आवश्यक न हो वहां आपको बोलने से बचना चाहिए। आपके शत्रु आपके ऊपर आक्रामक हो सकते हैं।

**मकर:** आज संभव है की आपको किसी बड़े पद पर पदोन्नति मिल जाए। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ:** आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। व्यवसाय में आपको कर्मचारियों से काफी अच्छा समर्थन व सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म को लेकर आप भावुक रहेंगे। आप उदार भाव से लोगों की मदद को तत्पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

**मीन:** आज खर्चों को लेकर ज्यादा उदार होना ठीक नहीं है। अधिकारियों से सावधान रहें। सरकारी कार्य रुक कर ही पूर्ण होंगे। आप किसी समस्या के निवारण को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आपका दायित्व बढ़ने वाला है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 17 .23 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जुआरी — सुबह : 09 .00
जो बोले सो निहाल — रात : 09 .00

**Sony Pix**
रेड टू — सुबह : 10 .52
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09 .00

**&pictures**
चेन्नई वर्सेज चाइना — सुबह : 11 .07
बच्चन पांडे — शाम : 04 .35

**Zee Cinema**
वलीमाई — सुबह : 08 .35
ड्रीम गर्ल — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
सुहाग — सुबह : 11 .30
मजबूर — रात : 08 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चोर- हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो,आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से- बस इरादे बुलंद होने चाहिए ,पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक- कैसे ?
पप्पू- हैंड पंप से

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं, वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की जान की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# विदेश व्यापार घाटा

भारत को वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण माना जाता है। देश का व्यापार परिदृश्य वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के बीच विकसित हो रहा है। मौजूदा व्यापार नीतियां तथा मौद्रिक सुधार जैसे पहलू इसमें योगदान दे रहे हैं। देश बुनियादी ढांचे और तकनीकी प्रगति को भी प्रोत्साहित कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में वित्तीय क्षेत्र के लिए अनुकूल है। इस बीच भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 बिलियन डॉलर हो गया, जो अर्थशास्त्रियों के 19.5 बिलियन डॉलर के अनुमान से कम है। चिंता की बात यह है कि मसालों की शिपमेंट में 20.3 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जबकि समुद्री उत्पादों का निर्यात एक बार फिर से लुढ़क गया है। दूसरी ओर इंजीनियरिंग सामान, वाणिज्यिक वाहनों और स्मार्टफोन के शिपमेंट में वृद्धि से मई में देश का व्यापारिक निर्यात एक साल पहले की तुलना में 9 प्रतिशत बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। राहत की बात है कि पिछले पांच महीनों में से चार महीनों के दौरान आयात के साथ-साथ निर्यात भी बढ़ा है। भारत से निर्यात की जाने वाली शीर्ष 30 वस्तुओं में से 20 ने इस साल पिछले मई के निर्यात के आंकड़ों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि अप्रैल में सिर्फ 13 वस्तुओं के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। मई में जिन क्षेत्रों में सुधार हुआ उनमें परिधान, मानव निर्मित धागा और इंजीनियरिंग के सामान जैसे रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्र शामिल हैं।

व्यापार सचिव सुनील भरथवाल ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को और बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे आयात की मांग बढ़ेगी। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोई देश विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल या मध्यस्थ उत्पादों का आयात कर रहा है, तो घाटा हमेशा बुरा नहीं होता है। हालांकि यह घरेलू मुद्रा पर दबाव डालता है। इसी के चलते अधिकारियों ने बढ़ते व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं को ज्यादा महत्ता नहीं दी है। उनका तर्क है कि भारत के निर्यात की मांग जल्द ही आयात संबंधी मांग को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि यह बाकी दुनिया के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। गौरतलब है कि जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। खुशी की बात है कि हमारे निर्यात के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। केंद्र को बजटीय परिव्यय में वृद्धि के साथ माल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाओं और प्रयासों को पुनर्जीवित करना चाहिए।

# हिंदुस्तान की आर्थिक गिरावट और सामाजिक संकीर्णता



**कमलाकांत त्रिपाठी**
पूर्व आईआरएस

> भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया।

मध्ययुग की लूटों और लगातार चलने वाले युद्धों की देन-उत्पीड़क लगान व्यवस्था के बावजूद विश्व में भारत की अद्वितीय निर्यात क्षमता और तज्जनित समृद्धि कायम रही। लगभग तीन सहस्राब्दियों की उत्तरोत्तर आनुवंशिक कुशलता से अर्जित सर्वोन्नत हस्तकला व हस्त उद्योग तथा कृषि भूमि पर (यूरोप के सामंतों एवं भूदासों के बरक्स) किसानों के स्वामित्व एवं विशिष्ट जलवायु के चलते कपास, रेशम, चावल, गन्ना व नील जैसे तब तक के ज्ञात विश्व के लिए दुर्लभ उत्पादों पर भारत का वर्चस्व अक्षुण्ण बना रहा। अठारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध हिंदुस्तान के लिए अतिशय राजनीतिक विश्रृंखलन का काल था, किंतु एक विडंबना के तहत, यह विश्व बाजार में उसके निर्यात वर्चस्व और आर्थिक समृद्धि का भी काल था।

भारत की संस्थागत, सुव्यवस्थित लूट और उसकी उत्पादन व्यवस्था को ध्वस्त करने का ईस्ट इंडिया कंपनी ने कार्य किया। जाति व्यवस्था की विषमता का तीक्ष्णतम रूप, जो देश के आजाद होने पर हमें विरासत में मिला, काफी हद तक इसी लूट और विध्वंस का परिणाम था। जब सुनिश्चित हो गया कि दुनिया गोल है, पूरब और पश्चिम दोनों ओर से हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने की होड़ लग गई। स्पेन और पुर्तगाल ही यूरोप की दो महाशक्तियां थीं। हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने के लिए इन्हीं दोनों में प्रतिद्वंद्विता चली। भारत का समुद्री मार्ग खोजने के लिए पश्चिम की ओर बढ़ता स्पेन का कोलंबस अमेरिका के एक तटवर्ती द्वीप पर पहुंच गया (12अक्टूबर 1492) जिसे वह भारत का हिस्सा समझ बैठा।

व्यापार के साथ-साथ स्पेन दक्षिण अमेरिका और मध्य अमेरिका में अपने उपनिवेश बनाने दौड़ पड़ा। बाद में मालूम हुआ, वह तो एक नई दुनिया है। दोनों महाशक्तियों में टकराव न हो, इसलिए पोप सिकंदर चतुर्थ ने एक पापल बुल जारी कर दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया (4 मई 1493) और पूरब का हिस्सा पुर्तगाल तथा पश्चिम का स्पेन के हवाले कर दिया (जैसे पोप को पूरी दुनिया पर प्रभुत्व हासिल हो)। दोनों को भारत का समुद्री मार्ग खोजना था और जो भी हिस्से मिले उन पर अपने-अपने कानूनों के अनुसार राज करना था, केवल व्यापार के लिए पूरे यूरोप के ईसाई जगत को छूट देनी थी। पुर्तगाल का वास्को डि गामा 20 मई 1498 को कालीकट पहुंचा और यही हिंदुस्तान, बल्कि एशिया के पराभव और यूरोप के उत्थान का बीज-बिंदु साबित हुआ। पहले पुर्तगाल के व्यापारी भारत आए (1600), फिर डच (1610), फिर ब्रिटिश (1611), फिर फ्रांसीसी (1667) और अंत में आए डेनमार्क-नार्वे वाले (1799)। (पांडिचेरी के उत्तर, तमिलनाडु के थरंगंबादी कस्बे और बंगाल के सेरामपुर में डेनिश अड्डे थे, थरंगंबादी में समुद्रतट पर उनकी टूटी-फूटी व्यापारिक कोठी अभी भी मौजूद है।)

> दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे।

1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना मुख्यतः भारत से समुद्री व्यापार करने के लिए ही हुई थी। 1614 में सर टॉमस रो ब्रिटिश संसद के सदस्य बने। रो की पहले से मशहूर राजनयिक सफलता के चलते कंपनी ने राजा जेम्स से उन्हें हिंदुस्तान के बादशाह जहांगीर के पास इंग्लैंड का राजदूत बनाकर भेजने की सिफारिश की, जो मान ली गई। रो 1615 में आगरा पहुंचे । वे 1615 से 1618 तक तीन साल आगरा में रहे और जहांगीर के करीबी तथा हम प्याला बनने में सफल हुए। आखिर जहांगीर ने कंपनी को सूरत में व्यापारिक कोठी (गोदाम या कारखाना) खोलने की अनुमति दे दी। भारत के भावी दुर्भाग्य का यह दूसरा काल बिंदु साबित हुआ। सूरत के बाद कंपनी की व्यापारिक कोठियां आगरा, अहमदाबाद, भड़ौच और बड़ौदा में भी खुल गईं। बंगाल में कंपनी की पहली कोठी खुली हुगली में (1650-51), फिर एक और कोठी कासिम बाजार में खुल गई। हुगली में कंपनी के उद्धत कर्मचारियों द्वारा की गई लूटपाट से बौखलाए औरंगजेब के हुक्म से मुगल सेना ने अंग्रेजों की बस्ती उजाड़कर उन्हें समुद्र में खदेड़ दिया (1686)। दो साल बाद चटगांव पर कब्जा करने की उनकी कोशिश भी नाकाम कर दी गई।

दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे। बड़े मुगलों में से किसी को भी पहले के चोलों, चालुक्यों और पल्लवों की तर्ज पर अपना शक्तिशाली समुद्री बेड़ा खड़ा करने की नहीं सूझी, जिसे करने में वे पूर्णतः समर्थ थे। इतिहास में दूरगामी असर वाले ऐसे आकस्मिक हादसे होते रहे हैं। छोटे मुगलों के काल में, पहले प्लासी, फिर बक्सर युद्ध (1764) में अंग्रेजों की विजय और अगले साल इलाहाबाद की संधि ने व्यापारी कंपनी को सत्ता और राजनीति की विस्तीर्ण दीर्घा में छलांग लगाने का अवसर उपस्थित कर दिया। इस तरह भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया। सीमित हुए संसाधनों की इस छीनाझपटी में जाति व्यवस्था अपने क्रूरतम, अमानुषिक रूप में उभरकर सामने आई।

कंपनी द्वारा नए-नए इलाकों पर कब्जा करने हेतु लड़ी गई लड़ाइयों के संसाधन जुटाने और बैलेंस शीट बेहतर दिखाने के लिए कृषि लगान की दरें लगातार बढ़ाई जाती रहीं। सूखे और बाढ़ में भी कोई रियायत नहीं दी जाती थी। बाद में लगान वसूली के बिचौलियों का एक वर्ग विकसित हो गया, जो सरकार को निश्चित दर पर मालगुजारी देता था, किंतु वह किसानों से कितना वसूल करता था, इस पर कोई नियंत्रण नहीं था, जानकारी तक नहीं थी। इस तरह कारीगर के साथ-साथ किसान भी बर्बाद हो गए। मुख्यतः इंसानी कारणों से उद्भूत बंगाल के भयानक दुर्भिक्ष (1769-73) से वहां की जनसंख्या एक तिहाई रह गई। मुगल काल का सबसे संपन्न सूबा सबसे विपन्न बन गया। इतिहासकारों ने स्वीकार किया है कि इस दुर्भिक्ष का मुख्य कारण कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार और कर के नाम पर कंपनी के कर्मचारियों की व्यक्तिगत लूट थी। ठीक वैसा ही अकाल ब्रिटिश शासन के अंतिम चरण में 1943 में पड़ा जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक नहीं, मानवीय था जिसमें जापान से पराजय की ओर उन्मुख अंग्रेजों की पीछे हटने की स्थिति में शत्रु के लिए झुलसी धरती छोड़ने की अग्रिम नीति अपनाने का भी जबरदस्त योगदान रहा। 1943 के बंगाल दुर्भिक्ष में कम से कम 30 लाख लोगों को तड़प-तड़प कर जान देनी पड़ी। कंपनी राज से शुरू होकर बाद के मुकुट राज में भी भारत को कच्चे माल का उत्पादक और तैयार माल के उपभोक्ता में बदलने की प्रक्रिया जारी रही। अंग्रेजों का इरादा स्वेच्छा से भारत का औद्योगीकरण करने का कभी नहीं रहा, किंतु युद्धकाल में बाधित यातायात की मजबूरी के चलते दोनों विश्वयुद्धों के दौरान भारत के उद्यमियों को स्वदेशी उद्योग लगाने की सहूलियत देनी पड़ी।

ब्रिटिश काल में हस्त शिल्प और कृषि कार्य में लगे होने से शूद्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। बाद में वैश्विक औद्योगीकरण के चलते हस्त उद्योग वैसे भी लाभप्रद नहीं रह गए। शूद्र वर्ग की आर्थिक स्थिति में क्षरण के साथ प्रकृत रूप से उसकी सामाजिक स्थिति में भी गिरावट आई, लेकिन सबसे बुरा हाल हुआ पेशे की अशुचिता के आधार पर अस्पृश्य मान ली गई जातियों का। वे द्विजों से ही नहीं, शूद्रों से भी कटकर अलग-थलग पड़ गईं, शूद्र भी उन्हें अस्पृश्य मानने लगे। उनकी मानवीय गरिमा पूरी तरह रौंद दी गई। भारत के इतिहास का यह सबसे गर्हित अध्याय है। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा कलंक भी। महाभारत काल तक जन्मना अस्पृश्यता का कोई सुराग नहीं मिलता, चातुर्वर्ण्य और जातिप्रथा का जरूर मिलता है। अस्पृश्यता के उद्भव और पुष्टीकरण का जघन्य कार्य बहुत बाद की देन है।

## प्रसंगवश

# अकेले अयोध्या पर शब्द बाण क्यों

उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट जिसमें पुराण प्रसिद्ध सप्त पुरियों में प्रथम अयोध्या आती है, से भाजपा की पराजय हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी प्रचार के साथ यहां राम की मूर्ति स्थापना की थी। वे यह मान बैठे थे कि 'वे ही राम को लाए हैं' और अब प्रत्युपकार करने की राम की बारी है। ऐसा नहीं हुआ। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 63 सीट घट गई और फैजाबाद हार गई। बस फिर क्या था, पार्टी के समर्थक और आईटी सेल वाले अयोध्या नगरी को ही कोसने लगे। खूब शब्द बाण चले। वे ये भूल गए कि स्वयं राम को यह नगरी बैकुंठ से भी ज्यादा प्रिय है। देश की जनता से अयोध्यावासियों को दंड देने की अपीलें की गईं। उन हिंदुओं को जयचंद से लेकर दोगला तक कहा गया, जिन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया। हद तो तब हो गई, जब एक धर्माचार्य भी इस विवाद में कूद पड़े और इन गैर भाजपा मतदाताओं को मंथरा का वंशज करार दे डाला। इन सब मर्यादाहीन आलोचकों का हम यहां ज्ञानवर्द्धन करना चाहते हैं। केवल अयोध्या में ही क्यों, भाजपा तो उन सभी जगह चुनाव हारी है, जहां-जहा राम रहे, बसे, अनुष्ठान किए। अब आप कहां-कहां की जनता को गाली दोगे? चित्रकूट में राम बहुत समय रहे, किंतु बांदा-चित्रकूट सीट सपा की झोली में गई। पंचवटी कौन नहीं जानता! माता सीता का हरण यहीं से हुआ। यह महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां भाजपा तो खड़ी नहीं थी, उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना का प्रत्याशी खड़ा था, जो हार गया। किष्किंधा में राम सुग्रीव की मित्रता और हनुमान मिलन हुआ था। यह स्थान आज 'हम्पी' है, जो कर्नाटक की बेल्लारी सीट का हिस्सा है। यहां से कांग्रेस जीती है। रामेश्वरम में तो श्रीराम ने प्रसिद्ध शिव ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और सेतुबंध किया था। यह रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र में आता है। यहां भी 'इंडिया' गठबंधन जीता है और भाजपा समर्थित निर्दलीय हारा है। तब फिर अकेले अयोध्या को कोसना क्यों जारी है? राम की आवाज सुनिए। वे अपने नाम और भक्ति का राजनीतिकरण नहीं चाहते। वे समदर्शी हैं और "सब मोहि प्रिय सब मम उपजाय" उनका उद्घोष है।



**रघोत्तम शुक्ला**
सेवानिवृत्त पीसीएस

# मनुष्य की भावनाएं ही उसे बड़ा बनाती हैं

वॉयजर 1 अंतरिक्ष यान के लगभग सभी खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। लगभग 47 वर्ष से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा वॉयजर वन इस समय पृथ्वी से लगभग 24 अरब किलोमीटर दूर है। यहां से वहां तक रेडियो सिग्नल जाने में उसके प्रकाश की गति (3 लाख किलोमीटर प्रति सेकंड) के हिसाब से चलते हुए 22 घंटे का समय लगता है। यहां से रेडियो सिग्नल भेज कर ये खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। क्या यह मानव की मेधा को नमन करने का अवसर नहीं है?

जब यह वॉयजर वन पृथ्वी से 6.4 अरब किलोमीटर दूर था, तब इसने पृथ्वी के चित्र लिए थे। उसमें पृथ्वी अनंत अंतरिक्ष में एक बिंदु के समान दिखाई पड़ रही थी। उसे देखकर प्रसिद्ध खगोल शास्त्री और विज्ञान लेखक कार्ल सैगन ने 1994 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'पेल ब्लू डॉटः ए विजन ऑफ द ह्यूमन फ्यूचर इन स्पेस' में इन शब्दों को कहा था। उनके ये शब्द मानव जाति के लिए कितने प्रेरणादायक हैं।

'उस बिंदु को दोबारा देखें। वो जगह यह है, वो घर है, वो हम हैं। इस पर वो सभी लोग हैं जिन्हें तुम प्यार करते हो, जानते हो, सुनते हो, जितने भी मनुष्य आज तक हुए हैं। हमारी खुशी, हमारी वेदना, हमारे धर्म, विचार, मत, शिकारी, नायक, कायर, सभ्यताओं को बनाने और बिगाड़ने वाले, राजा और किसान, प्यार में डूबे युवा, प्रत्येक माता-पिता, आशावान बच्चा, आविष्कारक और खोजी, नैतिकता के शिक्षक और भ्रष्ट नेता, हर एक सुपरस्टार और महान नेता, हर संत और पापी, सब कुछ जो हमारे इतिहास में हुआ, इस नीले बिंदु के भीतर सूर्य के प्रकाश में दीखने वाली धूल की तरह लुप्त हो गया।' 'इस अनंत ब्रह्मांड में पृथ्वी बहुत ही छोटा हिस्सा है। उन शासकों के बारे में सोचिए जिन्होंने इस बिंदु पर कब्जा करने के लिए खून की नदियां बहा दी थीं। अंतहीन निर्दयता जो एक तरफ के लोगों ने दूसरे तरफ के लोगों पर की थी। वे लोग कितनी अज्ञानता से भरे थे, एक-दूसरे को मारने की तड़प से भरे, कितनी गहरा था उनका द्वेष।'



**डॉ.राजीव अग्रवाल**
शाहजहांपुर

> कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है।

'हमारा दिखावा, अहंकार, यह भ्रम कि हम इस ब्रह्मांड में विशेष हैं, इस बिंदु ने यह सब भ्रांतियां तोड़ दी हैं। हमारा ग्रह इस अनंत अंधेरे ब्रह्मांड में एक अकेले कण के समान है। इस अंधकार और विस्तार में कोई संकेत नहीं है कि कोई हमें, हमसे बचाने कहीं और से आएगा।' 'कहते हैं कि खगोल विज्ञान विनय और चरित्र निर्माण देता है, लेकिन वे तस्वीर मानव अहंकार की अज्ञानता का बेहतरीन उदाहरण है। वे हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करती है कि हमें एक दूसरे से और भी कृतज्ञता और नम्रता के साथ व्यवहार करना चाहिए ताकि हम इस धरती को संजोकर रख सकें। धरती, वह एक नीला बिंदु, जो हमारा एकमात्र घर है।' कितना सही कहा था कार्ल सैगन ने। वास्तव में अंधेरे, काले, गहन अंतरिक्ष में एक बिंदु-जो पृथ्वी है-हमें दिखाता है कि हम इस ब्रह्मांड में कितने महत्वहीन हैं। हमारा अहंकार कितना खोखला है। पृथ्वी के एक भाग पर अधिकार करने के लिए किए गए हमारे झगड़े और युद्ध कितने तुच्छ हैं। हमारी स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ और सदैव सत्य समझने की भावना कितनी उथली है। हमारी स्थिति पृथ्वी के समस्त महासागरों के तटों पर बिखरी हुई रेत के एक कण से भी कम है।

मानव में बहुत सी कमियां हैं। यहां दूसरों को कष्ट देने की भावना है, यहां धर्म के नाम पर अन्य प्राणियों के प्राण लेने की भावना है, यहां अहंकार है, क्रोध है, असत्य है, यहां अज्ञान है। हम सिकंदर को महान कहते हैं। क्यों कहते हैं? क्या इसलिए कि उसने मकदूनिया से निकलकर तलवार के बल पर पृथ्वी के एक छोटे से भाग पर अधिकार कर लिया था? क्या महान होने की यह कसौटी होनी चाहिए? कैसे हम अपने धर्म की कमियां दिखाई जाने पर आपे से बाहर हो जाते हैं, कैसे हम तर्कसंगत विचार न करके अपने तथाकथित धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और उसके लिए मरने-मारने को तैयार हो जाते हैं।

कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है। इस ब्रह्मांड के रहस्य ज्ञात करने के लिए किया गया उसका परिश्रम तुच्छ नहीं है। उसकी यह भावना गलत नहीं है। यही वह मेधा है, वह इच्छा है और वह परिश्रम है जिसने उसे एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक लाकर खड़ा किया है, जहां वह स्वयं अपना और अपने ब्रह्मांड का उद्गम खोज रहा है। मनुष्य की यह भावना उसे बड़ा बनाती है। उसकी यह भावना उसकी अनेक कमियों के बावजूद उसे एक अलग स्थान पर खड़ा करती है।

## सोशल फोरम

# प्रकृति के परिवर्तन का यथार्थ

जीवन में कई बार ऐसे मुकाम आते हैं, जब हमें लगने लगता है कि हमारी समझ परिपक्व हो गई है और किसी विषय या चीज के विषय में अब हम, जो विचार, राय या धारणा बनाएंगे, वह परिपक्वता की दृष्टि से सबसे अच्छी होगी और उसमें किसी प्रकार के सुधार या परिष्कार की कभी आवश्यकता नहीं होगी।

कुछ दिन, महीने या साल बाद जब हम अपने उस परिपक्व विचार, राय या धारणा को देखते हैं, तब हमें उसमें कुछ कमी महसूस होने लगती है। इसका कारण है कि हमारी समझ अध्ययन, मनन, अनुभव, परिवेश और समय-सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में निरंतर हो रहे बदलावों के साथ समायोजन करते हुए सतत बदलती रहती है।



**अशोक कुमार वर्मा**
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि एक मनुष्य अपने जीवन में जानते, समझते, अनुभव करते, पढ़ते-लिखते और समय के साथ समायोजन करते हुए सतत संशोधित और परिष्कृत होता रहता है, यानी विकसित होता रहता है। यह बदलाव या विकास सदैव सीधी रेखा में ही नहीं होता, कई बार यह टेढ़ा-मेढ़ा भी होता है। सतत बदलाव प्रकृति का नियम है। मनुष्य और उसका परिवेश भी बदलता रहता है। यह बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन हमारे समाज का सोच कहावतों, काव्यांशों, दोहों, चौपाइयों, श्लोकों आदि से इस कदर प्रदूषित है कि इस समाज में बदलने को स्वाभाविक और सकारात्मक अर्थ में नहीं लिया जाता। बदलने का अर्थ हम अविश्वसनीयता, अमानवीयता, धूर्तता आदि से लगाते हैं, जबकि सकारात्मक दिशा में बदलना प्रगति करना है और इस बदलाव को प्रसन्नता से स्वीकार करना चाहिए।

हम भूल जाते हैं कि जब हम अपने जीवनकाल में ही बदलते रहते हैं, तब हमारे पूर्वजों के विचार आज संभव है कि प्रासंगिक और उपादेय न रह गए हों, मगर धर्म, संस्कृति और प्राचीनता की भक्ति में डूबा समाज उनके विचारों के पुनर्मूल्यांकन का साहस ही नहीं करता। इस प्रवृत्ति से समाज में पाखंड और भेद बढ़ता है। दुनिया के उन्नत और आधुनिक समाजों के साथ समायोजन और बदलना करना कठिन हो जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# भीषण गर्मी में योगदान देने वाले कारक

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की लहर सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और समग्र सामाजिक कल्याण के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करती है। भारत में अत्यधिक गर्मी की चिंताजनक स्थिति का विभिन्न क्षेत्रों और दैनिक जीवन के पहलुओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। हालांकि सरकार ने जलवायु कार्य योजनाओं, ताप कार्य योजनाओं और शहरी हरित पहलों के माध्यम से प्रभाव को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन चुनौतियां महत्वपूर्ण बनी हुई हैं।

अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए सरकारी नीतियों, उद्योग अनुकूलन और उपभोक्ता जागरूकता के संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण हैं। ग्लोबल वार्मिंग के मूल कारणों को संबोधित करके और गर्मी की लहरों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर, भारत भावी पीढ़ियों के लिए अपनी आबादी, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की रक्षा कर सकता है। बढ़ते तापमान का प्राथमिक चालक ग्लोबल वार्मिंग है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट मानवीय गतिविधियों, विशेष रूप से जीवाश्म ईंधन जलाने, वनों की कटाई और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच एक स्पष्ट संबंध का संकेत देती है। सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, अपनी आबादी और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। 2008 में लांच की गई, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए भारत की रणनीति की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, टिकाऊ कृषि और जल संरक्षण पर मिशन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। कई राज्यों और शहरों ने हीट एक्शन प्लान विकसित किए हैं, जो गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए डिजाइन किए गए व्यापक ढांचे हैं। इन योजनाओं में आम तौर पर शामिल हैंः आसन्न गर्मी की लहरों के बारे में जनता को समय पर जानकारी प्रसारित करना, नागरिकों को गर्मी की लहरों के खतरों और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना। गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और उनका इलाज करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण देना तथा शीतलन केंद्र बनाना, हरित आवरण बढ़ाना और जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार करना।



**रजत मेहरोत्रा**
वित्तीय सलाहकार

> 'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है।

शहरी ताप द्वीप प्रभाव से निपटने के लिए सरकार हरित पट्टियों और शहरी वनों के विकास को बढ़ावा दे रही है।

'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा में भारी निवेश कर रहा है। लक्ष्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर परिवर्तन महत्वपूर्ण है। भारत में अत्यधिक गर्मी विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करती है, प्रत्येक को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और विशिष्ट अनुकूलन की आवश्यकता होती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि अत्यधिक गर्मी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उच्च तापमान के कारण निम्न हो सकते हैंः गर्मी का तनाव फसल की वृद्धि और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गेहूं, चावल और दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होते हैं। वाष्पीकरण दर बढ़ने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कम हो जाती है जिससे पहले से ही गंभीर पानी की कमी की समस्या और बढ़ जाती है। पशुधन गर्मी के तनाव से पीड़ित हैं जिससे दूध उत्पादन कम हो गया है और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। अत्यधिक गर्मी में माल परिवहन करना समस्याग्रस्त हो सकता है जिससे आपूर्ति श्रृंखला दक्षता प्रभावित हो सकती है। गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनावपूर्ण हैः गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दरः अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और अन्य संबंधित स्थितियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की लागत प्रणाली पर वित्तीय बोझ डालती है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं, इसलिए लक्षित स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों की आवश्यकता है।

पर्यटन-पर्यटन उद्योग, विशेष रूप से अपने ग्रीष्मकालीन आकर्षणों के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करता है, जो अत्यधिक गर्मी पर्यटकों को रोकती है जिससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य और अच्छाई गर्मी की लहरों के दौरान उपभोक्ताओं को कई स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जैसे हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और पुरानी स्थितियों का बिगड़ना आम है। आर्थिक बोझ-उपभोक्ताओं पर आर्थिक प्रभाव में शामिल हैं। जैसे उपयोगिता बिलों में वृद्धिः घरों और कार्यालयों को ठंडा करने की लागत के कारण बिजली का बिल बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी से जीवन की समग्र गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत्यधिक गर्मी बाहरी गतिविधियों और गतिशीलता को सीमित कर देती है, जिससे समग्र आराम कम हो जाता है।

# महंगाई दर कम दिखाने का नुस्खा

4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार चीजों के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। अगर सुबह-सुबह अखबार पर नजर डाले तो रोज ही किसी न किसी रोजमर्रा की चीजों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल जाती है।

विगत दिनों में दूध, आटा-दालों, सब्जियों, सीएनजी, एटीएम से धन निकासी आदि के दामों में बढ़ोतरी की खबरे पढ़ने को मिलती हैं। जिस देश के चुने गए सांसदों में 99 प्रतिशत करोड़पति हों, वहां की संसद में शायद महंगाई पर न तो कोई गूंज होगी न ही कोई गंभीर चर्चा, लेकिन देश की जनता के लिए बढ़ती महंगाई केवल चिंता का विषय न होकर एक बड़ी चुनौती भी होती है।



**संजीव मेहरोत्रा**
बरेली

केंद्र सरकार के पास हर कमी को ढंकने का कोई न कोई रास्ता रहता है, उसी के तहत महंगाई को कम कर दिखाने का भी नुस्खा निकल आया है। सरकार के हर बार के आंकड़ों में हैरानी की बात है कि थोक महंगाई दर बढ़ रही है, लेकिन खुदरा महंगाई घट रही है। इस गुत्थी को तो शायद बड़े अर्थशास्त्री ही समझ सके, लेकिन मई माह में थोक मंहगाई दर 1.20 प्रतिशत की अप्रैल की थोक मंहगाई दर से बढ़ कर 2.61 प्रतिशत हो गई यानी दुगने से भी ज्यादा हो गई, लेकिन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर इस अवधि में 4.85 प्रतिशत से घटकर 4.79 प्रतिशत रह गई। मामूली सी ही सही, लेकिन इन आंकड़ों के हिसाब से इसमें कमी आई।

असल में सरकार ने महंगाई दर कम दिखाने का नया नुस्खा निकाल लिया है। नए नुस्खे में खाने-पीने की चीजों का महत्व कम कर दिया गया है। पहले खाने-पीने की चीजों का वेटेज 49.86 प्रतिशत था जिससे खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई का आंकड़ा बढ़ जाता था। अब इसे घटाकर 39 प्रतिशत कर दिया है जिससे खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से इस महंगाई दर पर असर नहीं दिखाई देता।

देश की जनता इस मार से त्रस्त है। क्या देश के चुने हुए नुमाइंदे इस तरफ कोई ध्यान देंगे?

### अनुकंपा नियुक्ति संबंधी मामले पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

# आधे-अधूरे मूल्यांकन पर लगाई फटकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**▸▸ एक माह के भीतर याची के दावे पर पुनर्विचार का दिया आदेश**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में प्रशासनिक उदासीनता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए एक बार फिर तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर विचार करते समय संबंधित विभाग ने इस तथ्य पर अधिक ध्यान दिया कि परिवार 12 वर्षों तक सामान्य जीवनयापन करते हुए अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में कामयाब रहा।

किसी दावे पर विचार करते समय ऐसी सतही बातों पर ध्यान देना विभाग को शोभा नहीं देता है। परिवार के कमाऊ व्यक्ति की असामयिक मृत्यु के कारण एक परिवार को पर्याप्त समृद्ध या सामान्य जीवन के बीच की स्थिति में अपने खर्चे पूरे करने के लिए कितना और कैसा संघर्ष करना पड़ता है, यह विचारणीय है, जिस पर विभाग ने विचार नहीं किया। विभाग द्वारा दावे के निष्क्रिय और आधे-अधूरे मूल्यांकन का परिणाम कई बार विभिन्न स्तरों पर दावाकर्ता द्वारा अपनी प्रतिष्ठा से समझौता होता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने अमन पाठक की याचिका को स्वीकार कर सभी आक्षेपित आदेशों को रद करते हुए की, साथ ही संबंधित प्राधिकरण को याची के आवेदन पर एक महीने के भीतर पुनर्विचार कर यथोचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया।

दरअसल याची के पिता संजय पाठक जिला गन्ना अधिकारी, संभल के कार्यालय में स्टॉक क्लर्क थे। उनकी मृत्यु के उपरांत उनके बेटे द्वारा किए गए अनुकंपा नियुक्ति के दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि याची ने पिता की मृत्यु के लगभग 9 साल बाद आवेदन किया था, जिससे आवेदन की समयबद्धता और तत्कालिकता बाधित होती है, साथ ही विभाग ने यह भी नोट किया था कि मृतक की पत्नी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थीं। अतः परिवार वित्तीय रूप से संघर्ष नहीं कर रहा था। विभाग द्वारा किए गए मूल्यांकन पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पिता की मृत्यु के समय याची 9 साल का था। वयस्क होते ही उसने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि नियुक्ति प्राधिकरण के पास ऐसी देरी को माफ करने के लिए पर्याप्त प्रावधान होते हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने प्राधिकरण द्वारा परिवार को मिलने वाले मृत्यु-सह-सेवा निवृत्ति परिलाभों, उनके निवेशों तथा देनदारियों पर विचार न करने की भी आलोचना की।

## हरियाणा में कांग्रेस को झटका

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने पार्टी छोड़ दी और बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगी।

किरण चौधरी और श्रुति चौधरी, दोनों ने मंगलवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे अपने अलग-अलग त्यागपत्र में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी की प्रदेश इकाई को निजी जागीर के रूप में चलाया जा रहा है। श्रुति चौधरी कांग्रेस की हरियाणा इकाई की कार्यकारी अध्यक्ष थीं। हरियाणा में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## किसान अर्थव्यवस्था की आत्मा : शिवराज

वाराणसी, एजेंसी



**▸▸ केंद्रीय कृषि मंत्री ने वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन को किया संबोधित**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में यहां मिर्जामुराद के मेंहदीगंज में आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि हमारे लिए किसान ही भगवान है और किसानों की सेवा भगवान की पूजा के समान है, इसी भाव से भारत सरकार लगातार किसानों के कल्याण के कार्य में जुटी हुई है।

चौहान ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की किसानों और कृषि के प्रति प्रतिबद्धता ही है कि उन्होंने यह पदभार संभालने के बाद सबसे पहले किसान सम्मान निधि अर्थात किसान के खाते में पैसे डालने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किया और यहां आकर अपना पहला कार्यक्रम भी किसानों के बीच में किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के रोडमैप पर लगातार काम किया गया है। इसके लिए एक ओर जहां सिंचाई योजनाओं के माध्यम से नई तकनीक का उपयोग कर उपज बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उपज की लागत को कम करने के लिए सरकार अरबों रुपये सब्सिडी दे रही है, जिससे किसान को सस्ते दर पर खाद मिलती है।

उन्होंने यह भी कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजना ने किसान को साहूकारों के चंगुल से मुक्त कर दिया है और छोटे किसान, किसान सम्मान निधि से खाद और बीज खरीद रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि विभाग दिन-रात काम करेगा और किसानों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

## मां की हत्या कर पुत्र ने खेत में दफनाया शव

संवाददाता, एटा

**▸▸ पुलिस ने पुत्र की निशानदेही पर खेत से शव बरामद किया**

**अमृत विचार :** पुत्र ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को खेत में दफना दिया। सौतेले पुत्र ने पुलिस से शिकायत की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद कर लिया।

सकरौली थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी गंगा सिंह ने तीन शादियां की थीं। पहली शादी श्रीदेवी से की, जिससे एक पुत्र हरपाल सिंह हुआ। श्रीदेवी की मृत्यु के बाद गंगा सिंह ने दूसरी शादी सुधा के साथ की। सुधा की मृत्यु के बाद तीसरी शादी सीमा देवी (40) के साथ की थी। सीमा से एक पुत्र रमाशंकर और चार बेटियां हैं। गंगा सिंह की करीब तीन साल पहले मृत्यु हो गई। रमाशंकर अपनी मां सीमा के चरित्र पर शक करता था। 13 जून को सीमा लापता हो गई। सौतेले पुत्र हरपाल सिंह को रमाशंकर पर शक हुआ तो उसने सोमवार को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रमाशंकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने मां की हत्या की बात कुबूल की। पूछताछ में उसने मां के चरित्र पर शक होने के चलते हत्या की बात कही है।

## धर्मांतरण की आरोपी को जमानत देने से कोर्ट का इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**▸▸ धर्मांतरण से जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने धर्मांतरण से जुड़े एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण विरोधी अधिनियम, 2021 एक नया कानून है, जिसे समाज में व्याप्त एक कुप्रथा को रोकने के लिए अधिनियमित किया गया है।

उक्त अधिनियम के तहत आने वाले मामलों में अगर लगातार हस्तक्षेप किया जाता है तो यह कानून अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में विफल हो जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने रुक्सार द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में आईपीसी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए प्रार्थना की गई थी। दरअसल याची के खिलाफ आरोप है कि उसने न केवल पीड़िता को घर बुलाकर उसके दुष्कर्म में सहयोग दिया बल्कि दुष्कर्मी के साथ धर्मांतरण कर विवाह करने का प्रस्ताव भी दिया। मामले के अनुसार याची का पति रहमान शादी से पहले पीड़िता का पीछा करता था। एक बार उसने पीड़िता को घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। शादी के बाद रहमान का भाई इरफान पीड़िता का पीछा करने लगा। याची पर आरोप है कि उसने पीड़िता को उसकी प्रतिष्ठा व सम्मान खोने और जिंदगी बर्बाद होने का डर दिखाकर इस्लाम धर्म अपनाकर इरफान से शादी करने का सुझाव दिया।

सुझाव न मानने पर पीड़िता कई बार पुरुष आरोपियों द्वारा दुष्कर्म की शिकार हुई। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप पुरुष आरोपियों के खिलाफ था, ना कि याची के खिलाफ। इस पर कोर्ट ने कहा कि याची ने न केवल एक महिला को सामाजिक, पारिवारिक और मानसिक क्षति पहुंचाई है बल्कि उसे उसकी परंपराओं और मान्यताओं एवं मूल्यों से भी अलग करने का दुष्कर्म किया है। यह सत्य है कि भले ही याची द्वारा पीड़िता का शारीरिक दुष्कर्म नहीं किया गया, लेकिन उसके द्वारा पीड़िता का मानसिक शोषण करने का प्रयास अवश्य किया गया है और एक सीमा तक याची पीड़िता का मानसिक शोषण करने में सफल भी हुई, इसलिए उसे किसी भी प्रकार की राहत देना अधिनियम, 2021 के तहत निषिद्ध है।

## मोदी ने काशी विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी



काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

वाराणसी, एजेंसी

**▸▸ मुख्य अर्चक ने षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन कराया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और लोकसभा चुनाव के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी की पहली यात्रा पर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद मांगा। मंदिर जाने से पहले, मोदी ने मेहंदीगंज में पीएम किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित किया और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए। मंदिर के मुख्य अर्चक श्रीकांत मिश्रा ने मंत्रोच्चार के बीच 'षोडशोपचार' विधि से पूजन अर्चन कराया। मंदिर में, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, 'काशी विश्वनाथ मंदिर में भारत की प्रगति और 140 करोड़ भारतीयों की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। महादेव का आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे और सभी सुखी और स्वस्थ रहें।' एक अन्य पोस्ट में कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना कर मन को असीम संतोष मिला।

### पांच महीने में पौने तीन करोड़ भक्तों ने किए दर्शन

**वाराणसी :** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में जनवरी से मई 2023 (पांच महीने) के सापेक्ष 2024 में इस अवधि में शिव भक्तों की संख्या में 48.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं इस अवधि के दौरान बाबा की आय में भी 33 फीसदी का इजाफा हुआ है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि एक जनवरी से 31 मई 2023 तक 1,93,32,791 श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन किया था, जबकि वर्ष 2024 में 1 जनवरी से 31 मई तक कुल 2,86,57,473 श्रद्धालु श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बाबा के चौखट पर हाजिरी लगाने पहुंचे। 2023 के मुकाबले वर्ष 2024 में 9,324,682 श्रद्धालु अधिक पहुंचे। मिश्र के मुताबिक इस अवधि के दौरान बाबा की आय में भी 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण किया था। इसके बाद से 16 जून तक 16.46 करोड़ भक्त श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में शीश नवा चुके हैं। योगी सरकार के निर्देश पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में ठंड, गर्मी और बरसात में श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## नीतीश कुमार के पुत्र के राजनीति में आने की अटकलें हुईं तेज

पटना, एजेंसी



**▸▸ नीतीश कुमार के करीबी ने अटकलों को निराधार बताया**

बिहार में अटकलें लगाई जा रही हैं कि वंशवाद की खिलाफत करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इकलौते पुत्र सक्रिय राजनीति में आ सकते हैं। निशांत कुमार आम तौर पर सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आते हैं। उन्हें बेहद कम अवसरों पर सार्वजनिक तौर पर पिता के साथ देखा गया है।

पिछले कुछ हफ्तों से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि 73 वर्षीय नेता पार्टी के अंदर उठ रही मांगों पर सहमत हो सकते हैं कि निशांत औपचारिक रूप से जद(यू) में शामिल हो जाएं। जद(यू) के पास दूसरे पंक्ति का नेतृत्व नहीं है जो सुप्रीमो नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद उनकी जगह ले सके। सोमवार को अटकलें और तेज हो गईं, जब पार्टी से जुड़े और राज्य खाद्य आयोग के प्रमुख विद्यानंद विकल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली।

विकल ने लिखा, 'बिहार को नए राजनीतिक परिदृश्य में युवा नेतृत्व की जरूरत है। निशांत कुमार में सभी अपेक्षित गुण हैं। मैं जद(यू) के कई साथियों की राय से सहमत हूं कि वे पहल करें और राजनीति में सक्रिय हों।' हालांकि, जब इस संबंध में पूर्व राज्य जद(यू) अध्यक्ष और नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में से एक विजय कुमार चौधरी से सवाल पूछे गए तो उन्होंने दावा किया कि अटकलें निराधार हैं।

## दोषपूर्ण जांच के चलते सरकार की अपील खारिज, हत्यारोपी बरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**▸▸ गवाही में विरोधाभास भी बना अपील खारिज करने का आधार**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वर्ष 1982 के एक हत्या मामले में आरोपियों को बरी करने के फैसले को रद करने की राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के चश्मदीद गवाहों की गवाही में कई विरोधाभास थे, साथ ही जांच भी दोषपूर्ण पाई गई।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने पुलिस स्टेशन कोतवाली, एटा में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में बरी हो चुके आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए पारित किया। वर्ष 1982 में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार चने के खेत में बह रहे पानी को रोकने के लिए उत्पन्न हुए विवाद में शिकायतकर्ता के पिता और विपक्षियों के बीच झगड़ा हुआ, जिसमें कथित तौर पर शिकायतकर्ता के पिता को गोली मार दी गई।

जांच में मृतक के शरीर से बरामद छर्रे, घटनास्थल से बरामद खाली कारतूस और बंदूक जैसे महत्वपूर्ण साक्ष्यों को रासायनिक जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में नहीं भेजा गया था, जो अभियोजन पक्ष की कहानी को संदिग्ध बनाता है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि मुकदमे के दौरान बिना किसी कारण मुख्य गवाह, जिनके साथ आरोपी सुघर सिंह, नागेंद्र सिंह और सहदेव सिंह का शुरू में विवाद हुआ था, उन्हें रोके रखना अभियोजन पक्ष के मामले को कमजोर बनाता है। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर विपक्षियों के अपराध को पूरी तरह से स्थापित नहीं किया गया है। अतः विपक्षियों को उनके विरुद्ध लगाए गए सभी आरोपों से बरी करते हुए राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया गया।

## अत्याचार नहीं रुका तो आंदोलन होगा: आजाद

अलीगढ़, एजेंसी

**▸▸ नगीना सांसद ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप**

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष और नगीना लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मंगलवार को चेतावनी दी कि उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति और कमजोर वर्गों के खिलाफ कथित तौर पर किए जा रहे अत्याचार नहीं रोके गए तो समाज के सभी वंचित वर्गों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

अलीगढ़ में हाल में एक दलित युवक की हत्या के विरोध में आयोजित धरने में भाग लेने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए आजाद ने कहा कि एक जून को अनुसूचित जाति के युवक गौरव (22) का अपहरण और हत्या एक सुनियोजित घटना थी। उन्होंने कहा कि घटना की जांच कर रहे कुछ पुलिसकर्मी इस मामले में लापरवाही बरतते रहे हैं और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। आजाद ने आरोप लगाया कि यदि पुलिस ने गौरव के अपहरण के तुरंत बाद कार्रवाई की होती तो वह अभी भी जीवित होता। आजाद ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

## हरियाणा ने अतिरिक्त पानी देने से मना किया

**नई दिल्ली :** दिल्ली में बढ़ते जल संकट के बीच आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने मंगलवार को दावा किया कि हरियाणा ने मानवीय आधार पर राष्ट्रीय राजधानी को अतिरिक्त पानी देने में असमर्थता जताई है।

भाजपा ने आप सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने मंगलवार को डेटा जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उसने दिल्ली को 17 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त पानी दिया है और दावा किया कि जल मंत्री आतिशी शहर में पानी की कमी के मुद्दे को हल करने में अपनी खुद की कमियों को छिपाने के लिए पड़ोसी राज्य पर आरोप लगा रही हैं।

## कवच प्रणाली पर तेजी से हो रहा कार्य : रेलवे

नई दिल्ली, एजेंसी



**▸▸ 1,465 किलोमीटर लंबे मार्ग और 121 इंजनों पर लागू किया जा चुका है कवच**

पश्चिम बंगाल में दो ट्रेन के बीच टक्कर के एक दिन बाद मंगलवार को रेल मंत्रालय ने कहा कि कवच के रूप में जानी जाने वाली स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली पर 3000 किलोमीटर मार्ग पर अमल में लाने को लेकर तेज प्रगति हो रही है। रेलवे ने कहा कि 'कवच' पर पूरी तरह अमल के बाद इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।

सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से 30 किमी दूर रंगापानी के पास एक मालगाड़ी ने सोमवार सुबह पहले से खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी थी जिससे इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गई और लगभग 40 लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद कवच पर क्रियान्वयन में देरी को लेकर रेलवे की आलोचना की झड़ी लग गई। इसके जवाब में मंत्रालय ने कहा कि कवच एक बहुत ही जटिल प्रणाली है जिसमें छह प्रमुख उप-प्रणालियां शामिल हैं। इन उप प्रणालियों में पटरी के किनारे ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना, पटरी के किनारे दूरसंचार टावर स्थापित करना, इन टावरों और ट्रेन पर दूरसंचार उपकरण स्थापित करना, स्टेशनों पर डेटा केंद्र स्थापित करना और उन्हें सिग्नल प्रणाली के साथ एकीकृत करना, पटरियों पर उपकरण स्थापित करना और अंततः इंजन और ट्रेन पर उपकरण स्थापित करना शामिल है।

रेलवे मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर कहा कि इस प्रणाली को आखिरकार 2019 में प्रमाणित किया गया। कोविड-19 की चुनौतियों के बावजूद काम आगे बढ़ा और अब रेलवे के साथ-साथ उपकरण निर्माता भी बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए तैयार हैं। इस समय 3,000 किलोमीटर मार्ग पर इस काम में तेजी से प्रगति हो रही है। अन्य मार्गों के लिए डिजाइन के काम में भी बहुत तेजी से प्रगति हो रही है। रेलवे के अनुसार अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित कवच प्रणाली आपातकालीन स्थिति में जब ट्रेन चालक समय पर कार्रवाई करने में विफल रहता है तब स्वचालित ब्रेक लगा सकती है, जिससे खराब मौसम में भी सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है। अधिकारी ने कहा कि अब तक कवच को 1,465 किलोमीटर लंबे मार्ग और 121 इंजनों पर लागू किया जा चुका है। इसके अलावा आगरा मंडल ने विभिन्न प्रकार के कई इंजन और ट्रेन पर परीक्षण करने के लिए मथुरा (स्टेशन को छोड़कर) और पलवल के बीच 80 किलोमीटर लंबे खंड पर एक पूरा कवच नेटवर्क विकसित किया है।

## रामगंगा में तीन डूबे, दो की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा नदी में नहाने पहुंचे युवकों में डूबे तीन युवकों में से दो की गहरे पानी में जाने से मौत हो गई है, जबकि गोताखोरों ने एक युवक को डूबने से बचा लिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तीन युवक अपने साथियों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गए थे। दिल्ली के रोहिणी निवासी सूरज रमेश और शिवम कुमार प्रेम नगर में सूरज से मिलने आए थे। यह लोग रामगंगा नदी में नहाने गए। उनके साथ प्रेम नगर का जितिन भी था। इसमें सूरज, रमेश और शिवम नदी के अंदर गहरे पानी में चले गए। शिवम को नदी से बाहर सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन सूरज और रमेश डूब गए। काफी मशक्कत के बाद उनके नदी से शव निकाले गए।

### उत्तराखंड

## केंद्र की योजनाओं से कृषि को मिला बढ़ावा, पलायन थमा : धामी

संवाददाता, नैनीताल



इफ्को ड्रोन दीदी योजना के तहत प्रमाण पत्र देते मुख्यमंत्री धामी ● अमृत विचार

**● मुख्यमंत्री धामी ने वर्चुअली किसान सम्मेलन में हिस्सा लिया कृषकों को किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नैनीताल क्लब सभागार में किसान सम्मेलन और 17वीं किस्त के हस्तांतरण के अवसर पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिये हिस्सा लिया। इस किस्त में उत्तराखंड के 7,71,567 किसानों को 8,30,414 किस्तों में 166.08 करोड़ रुपये की धनराशि बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पीएम नरेंद्र मोदी का पहला निर्णय किसान हित में लिया है। प्रधानमंत्री किसान योजना से किसानों की आय दोगुनी, बेहतर सिंचाई योजना, नई तकनीकी से छोटी जोत के किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देना प्राथमिकता है। प्रदेश में कृषि में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार की योजनाओं से कृषि के साथ रोजगार भी मिल रहा है जिससे अब पर्वतीय अंचलों के लोगों को रोजगार के लिए शहर में भटकना नहीं पड़ रहा है, पलायन भी कम हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत माया नेगी पुत्री मोती सिंह नेगी निवासी गिनती गांव को ड्रोन प्रदान किया। इसका मूल्य 10 लाख एवं अनुदान 7.50 लाख डीबीटी से कृषक को दी गई है। पूनम दुर्गापाल निवासी हिम्मतपुर को इफ्को योजना में ड्रोन दीदी योजना के तहत और अर्जुन सिंह रावत पुत्र सुदर्शन सिंह रावत निवासी नंदपुर को ड्रोन दिए। इसकी कीमत 10-10 लाख एवं अनुदान मूल्य 10-10 लाख डीबीटी से किसान को दी गई है। मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न विभागों की ओर से कृषि उत्पाद संबंधी लगाए स्टॉल का भी निरीक्षण किया।

## अवैध खनन पर डिजिटल सर्विलांस से लगेगी रोक

### माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम को मिली मंजूरी

ब्यूरो, देहरादून

**● देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में 40 गेटों पर लगाया जाएगा सिस्टम**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में अब अत्याधुनिक तकनीकी और डिजिटल सर्विलांस से अवैध खनन पर अंकुश लगाया जाएगा। शासन ने माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम तैयार किया है। इससे खनन गेटों पर निगरानी होगी।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में अवैध खनन पर शिकंजा कसने और वैध खनन से राजस्व बढ़ाने के लिए माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम के 93 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को वित्तीय मंजूरी दी है। इस सिस्टम से देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के 40 चेक पोस्ट पर निगरानी होगी। खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एएनपीआर कैमरा, बुलेट कैमरा, आरएफआईडी राडार, एलईडी फ्लड लाइट्स अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग होगा। देहरादून में माइनिंग स्टेट कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल सिस्टम से खनिजों के गैर कानूनी परिवहन, अवैध खनन, ओवरलोडिंग, ट्रांजिट पास के विपरीत डिलीवरी, अवैध खनन व अन्य कारणों से राजस्व हानि पर शिकंजा कसेगा।

### नैनीताल में 10 और हरिद्वार में हैं 13 गेट

माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम को देहरादून में 8 चेक पोस्ट, हरिद्वार में 13 चेक पोस्ट, नैनीताल में 10 चेक पोस्ट और ऊधमसिंह नगर में 9 चेक पोस्ट पर लगाया जाएगा। इससे अवैध खनन की निगरानी और रोकथाम में मदद मिलेगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# अयोध्या, वाराणसी तेजी से रियल एस्टेट विकास के लिए 17 उच्च क्षमता वाले शहरों में शामिल

## कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों के अध्ययन के आधार जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अयोध्या, वाराणसी, पुरी, द्वारका, शिरडी, तिरुपति और अमृतसर उन 17 उच्च संभावना वाले शहरों में शामिल हैं, जहां आने वाले वर्षों में तेजी से रियल एस्टेट विकास होने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह आध्यात्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और डिजिटलीकरण होगी। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों में से 30 संभावित उच्च विकास वाले शहरों की पहचान की है, जहां मध्यम से दीर्घावधि में रियल एस्टेट विकास मजबूत होने वाला है।



इन 30 शहरों में से 17 उच्च-संभावना वाले शहरों में तीन या अधिक परिसंपत्ति वर्गों में रियल एस्टेट विकास में तेजी आने की उम्मीद है। इन 17 उच्च प्रभाव वाले उभरते रियल एस्टेट मुख्य भौगोलिक विस्तार देश के उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी, पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में समान विकास को उजागर करता है। परामर्शदाता द्वारा उत्तर भारत में चिन्हित शहर अमृतसर, अयोध्या, जयपुर, कानपुर, लखनऊ तथा वाराणसी; पूर्वी भारत में पटना तथा पुरी; पश्चिम भारत में द्वारका, नागपुर, शिरडी तथा सूरत; दक्षिण भारत में कोयम्बटूर, कोच्चि, तिरुपति तथा विशाखापत्तनम और मध्य भारत में इंदौर हैं। सलाहकार ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन से प्रेरित विकास के मामले में अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, पुरी, शिरडी, तिरुपति और वाराणसी ध्यान देने योग्य शहर बनकर उभरे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में मार्च तिमाही में 60 प्रतिशत फ्लैट एक करोड़ रुपये से अधिक में बिके

इस साल जनवरी-मार्च के दौरान दिल्ली-एनसीआर में बेचे गए कुल 10,060 फ्लैट में लगभग 60 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी-मार्च में दिल्ली-एनसीआर में 10,060 इकाइयों की बिक्री हुई, जिनमें 59 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। इसके अलावा 19 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 75 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच थी। आठ प्रतिशत इकाइयों की कीमत 45-75 लाख रुपये के बीच, 11 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25-45 लाख रुपये के बीच और तीन प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25 लाख रुपये से कम थी।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी।

यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं।

## फिच ने भारत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2% किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए किया संशोधन



फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा। रिपोर्ट में कहा गया, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा। फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,700-54,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 89,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,100 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## अगले तीन महीने एफपीओ को मजबूत करने को चलेगा अभियान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- राज्य में क्रियाशील हैं 3240 किसान उत्पादक संगठन

**अमृत विचार:** राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और राज्य को फूड बास्केट ऑफ इंडिया बनाने के उद्देश्य से एफपीओ सेल गठित करेगी। इसे अभियान के तौर पर आगे बढ़ाकर राज्य में सक्रिय किसानों के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को वित्तीय ताकत दी जाएगी। ताकि उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी और ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना बना ली है। अगले तीन माह में अभियान के रूप में लागू कर दिया जाएगा।

शासन से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत एफपीओ को इक्विटी ग्रांट के अलावा इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिलेगी। उप्र. में इस समय आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। सरकार का दावा है कि इसके माध्यम से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।

## सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 जुलाई तक इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियामक ने पिछले सप्ताह नोटिस में कहा था कि कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास बाजार से संबंधित समस्याओं को निपटाने का कम से कम 20 साल का अनुभव होना चाहिए।

## भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना होगा जल्दबाजी : दास

**मुंबई, एजेंसी**

- आरबीआई के गवर्नर ने कार्यक्रम को किया संबोधित



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना बहुत जल्दबाजी होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर दुस्साहस के दृष्टिकोण से बचना होगा।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2 प्रतिशत के आंकड़े से नीचे आ जाएगा। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6 प्रतिशत के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने की वजह से होगा। वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह की चर्चाओं के बीच गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा।



# 200 से अधिक पर्यटक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

## सिक्किम भूस्खलनः पुलिस अधीक्षक ने बताया-करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे, मंगन में स्कूल बंद

**गंगटोक, एजेंसी**

सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य स्वयंसेवकों की मदद ले रहा है। उन्होंने बताया कि दिन में और भी पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया जाएगा। इसके साथ ही मंगन जिला प्रशासन ने संपत्ति को हुए नुकसान और सड़क अवरुद्ध होने के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री ने बताया मंगन प्रखंड के मानुल, सिंघिक, मंगन तथा मांगशिला आदि क्षेत्र में सरकारी स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे।



सिक्किम के मंगन जिले में भूस्खलन के कारण फंसे पर्यटकों को निकालते कर्मी। ● एजेंसी

### लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया कई जगह भूस्खलन होने से संपर्क टूटा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 12 जून से लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया, जिससे कई जगह भूस्खलन हुआ और जिले के ज्यादातर हिस्सों से संपर्क टूट गया। कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध होने के कारण लाचुंग में लगभग 1,200 पर्यटक फंस गए। पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते सिक्किम में कम से कम छह लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई इलाकों में संपत्ति को काफी नुकसान हुआ और बिजली, खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क भी बाधित है। उन्होंने बताया कि सांकलांग में नवनिर्मित झूला पुल के ढहने के बाद स्थिति गंभीर हो गई क्योंकि यह उत्तरी सिक्किम और जोंगु को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग था। एक बयान में कहा गया, मौसम और भारी वर्षा के कारण पैदा हुए हालात से निपटने की कवायद के तहत बीआरओ ने उत्तरी सिक्किम से संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम शुरू कर दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी के श्रीनगर दौरे से पहले पुलिस ने ड्रोन के संचालन पर लगाई पाबंदी

- शपथ लेने के बाद मोदी गुरुवार को श्रीनगर का करेंगे दौरा

**श्रीनगर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्रीनगर दौरे से पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को शहर को अस्थायी तौर पर रेड जोन घोषित कर दिया और ड्रोन के संचालन पर पाबंदी लगा दी। प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के तहत मोदी गुरुवार को श्रीनगर का दौरा करेंगे।

मोदी शुक्रवार सुबह में यहां एसकेआईसीसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। श्रीनगर पुलिस ने एक्स पर कहा-श्रीनगर शहर को ड्रोन नियम, 2021 के नियम 24 (2) के प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से ड्रोन और क्वाडकॉप्टर के संचालन के लिए अस्थायी तौर पर रेड जोन घोषित किया गया है। पुलिस ने कहा कि रेड जोन में सभी तरह के अनधिकृत ड्रोन संचालन पर दंडित किया जा सकता है।

### मन की बात कार्यक्रम 30 से फिर होगा शुरू प्रधानमंत्री मोदी ने मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 30 जून से फिर से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा। उन्होंने कहा-मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था और फिर लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक इसके प्रसारण पर विराम लगा दिया गया था। कार्यक्रम के 110वें संस्करण में मोदी ने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से चुनाव में रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की थी।

### एक नजर

#### प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 12 जून को उन्हें 18 जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा था, जो उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है। प्रज्वल (33) हाल ही में लोकसभा चुनाव में हार के कारण हासन सीट बरकरार रखने में विफल रहे।

#### मालीवाल ने इंडिया के नेताओं को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार द्वारा उनके साथ की गई मारपीट के मामले पर बातचीत के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं से समय मांगा। विपक्षी गठबंधन के, राहुल गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी की सदस्य ने शिकायत की कि दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने पर उन्हें शर्मिंदा किया गया और उनका चरित्र हनन हुआ।

## ओडिशा के बालासोर शहर में इंटरनेट सेवाएं 48 घंटे के लिए स्थगित

**बालासोर।** ओडिशा सरकार ने बालासोर शहर में दो समूहों के बीच झड़प के बाद शहर में इंटरनेट सेवाओं को 48 घंटे के लिए निलंबित कर दिया और कर्फ्यू अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया। सोमवार को हुई इस झड़प में 10 लोग घायल हो गए हैं। बालासोर की पुलिस अधीक्षक (एसपी) सागरिका नाथ ने कर्फ्यू अवधि के दौरान निवासियों से घर के अंदर रहने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोमवार से दंगों से संबंधित आरोपों में सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और 34 लोगों को हिरासत में लिया गया है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के 40 से ज़्यादा प्लाटून तैनात किये गए हैं, खास तौर पर उन इलाकों में जहां प्रशासन को झड़प होने की आशंका है। एसपी ने बताया कि शहर में आने-जाने के सभी छह रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

## एनसीडब्ल्यू को उत्तर प्रदेश से मिलीं सबसे ज्यादा शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**वर्ष 2024 में अब तक 12,600 शिकायतें मिलीं**

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को इस साल अब तक 12,600 शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश की ओर से दर्ज कराई गईं हैं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक शिकायत गरिमा का अधिकार श्रेणी में प्राप्त हुईं, जिसमें घरेलू हिंसा के अलावा अन्य उत्पीड़न शामिल हैं। इस श्रेणी में एनसीडब्ल्यू को कुल 3,107 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इसके बाद घरेलू हिंसा की 3,544 शिकायत दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार इसके बाद दहेज उत्पीड़न की 1,957 शिकायत, छेड़छाड़ की 817 शिकायत, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 518 शिकायत और दुष्कर्म तथा दुष्कर्म के प्रयास की 657 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू ने बताया कि यौन उत्पीड़न की 493 शिकायत, साइबर अपराध की 339 शिकायते दर्ज की गईं। जिसमें सबसे ज्यादा 6,470 शिकायत उत्तर प्रदेश में, इसके बाद दिल्ली (1,113) और महाराष्ट्र (762 शिकायत) का स्थान रहा।

## महाराष्ट्र में धोखा खाए प्रेमी ने महिला को पीट-पीटकर मार डाला

**पालघर (महाराष्ट्र), एजेंसी**

- हमले के दौरान लोग इस भयावह तमाशे को देखते रहे

महाराष्ट्र के वसई में शुक्रवार को एक ठुकराए प्रेमी ने बीच सड़क पर अपनी प्रेमिका के सिर पर 18 वार किए, जबकि बड़ी संख्या में लोग इस भयावह तमाशे को देख रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वालिव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जयराज रानावरे ने बताया, आरोपी ने महिला पर पाना (नट बोल्ट खोलने वाला एक उपकरण) से हमला किया। उसके शरीर पर 18 घाव थे। पुलिस ने बताया कि रोहित यादव (32) और आरती यादव (22) पड़ोसी थे और पिछले कुछ सालों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से आरती यादव ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया था, जिससे उसे शक हो गया था कि उसका किसी और के साथ संबंध है। क्यों किया ऐसा मेरे साथ, प्रेमी यही कहता रहा और पाना से महिला के सिर पर वार करता रहा। बीच-बचाव करने के लिए मात्र एक व्यक्ति बाहर आया, बाकि सभी मूकदर्शक बने इस अमानवीय व्यवहार को देखते रहे। पुलिस ने बताया कि सामने आये वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इस हमले को देखते हुए नजर आए, लेकिन युवक महिला पर हमला करता रहा और कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया। वालिव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना की आगे की जांच कर ही है।

वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी नाला सोपारा के एक मोहल्ले में रहते थे और एक औद्योगिक सेक्टर में काम करते थे। एक अधिकारी ने बताया कि वह हमलावर के साथ काम पर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में उनका झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि युवती के बेहोश होकर गिर जाने के बाद भी आरोपी उस पर हमला करता रहा। वह घटनास्थल से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही सीढ़ी पर बैठा रहा।वालिव पुलिस थाने से एक टीम जल्दी से घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक पुरुष और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया है जिसने हमले का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, अत्याधुनिक हथियार जब्त

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया, वहीं कांगपोकपी जिले में कई अत्याधुनिक हथियार जब्त किए। राज्य पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले में लामलोंग गांव के पास शानतोंग से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बल कानून व्यवस्था की स्थिति कायम रखने के लिए लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। कांगपोकपी जिले में गंगपिजांग पर्वतीय क्षेत्रों में एक अलग तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

## नीट मामले पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) मुद्दे पर मौन धारण करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दोहराया कि उनकी पार्टी युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठा कर प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कठोर नीतियों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और नरेंद्र मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं।

राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने दावा किया, बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं।

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने न्यायपत्र में प्रश्न पत्र लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। उन्होंने कहा-विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज संसद तक उठाएंगे।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कुछ लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी। शीर्ष न्यायालय ने एक बयान में कहा कि लोक अदालतें देश में न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया तेज करके वैकल्पिक तरीके से विवाद निवारण करती हैं।



# कुछ खास करने के लिए उत्सुक टीम : रोहित

## हमारे लिए सुपर आठ में हर मैच खास, कोहली समेत टीम के हर खिलाड़ी ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकारा कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें कुछ खास करने को लेकर वास्तविक उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

टीम इसके बाद बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अपलोड किए गए वीडियो में रोहित ने कहा कि पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला। भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। रोहित ने कहा कि टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं।

### 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगी भारत के अभियान की शुरुआत

उन्होंने कहा कि हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है। आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रोहित ने कहा कि सुपर आठ में हर मैच हमारे लिए बहुत ही खास है। कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि हमने यहां बहुत सारे मैच देखे हैं, हमने यहां बहुत सारे मैच खेले हैं। इसलिए हर कोई समझता है कि परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए क्या करना है। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में गीली आउटफील्ड के कारण रद हो गया।

# चाइनामैन साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का : फ्लेमिंग



नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा कि अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं। उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ। भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली, लेकिन जडेजा तीन मैच में तीन ओवर ही करे। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है।

### सुपर-8 का पहला मुकाबला आज

# अफ्रीका को मिल सकती है अमेरिका से कड़ी टक्कर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर आठ मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है।

उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं। लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्कराम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। विश्व कप से पहले अफ्रीका की सबसे बड़ी चिंता एनरिच नोर्किया की खराब फॉर्म थी लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और अभी नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

#### टीमें इस प्रकार हैं:

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर।

**समय :** मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

## खेल डायरी

### टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे डेविड वार्नर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज डेविड वार्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वे टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्हें उम्मीद है कि वास्तविक क्रिकेट प्रेमी उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे, जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं से जूझना पड़ा। इस साल की शुरुआत में टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले वार्नर अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे।

### पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों ने किया क्वालीफाई

**ताल्या।** युवा प्रियांश और अनुभवी अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में चौथे और पांचवें वरीयता प्राप्त तीरंदाजों के तौर पर क्वालीफाई कर लिया जबकि भारतीय टीम शीर्ष वरीयता प्राप्त होगी। एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम दूसरे स्थान पर रही जबकि विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी दसवें स्थान पर रही। भारतीय महिला कंपाउंड टीम को भी शीर्ष वरीयता मिली है। प्रियांश और वर्मा ने 710 अंक बनाये और भीतरी 10 में अधिक तीर लगाने के आधार पर चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

### नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता

**तुर्कु (फिनलैंड)।** भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक महीने बाद वापसी करते हुए पावो नुरमी खेलों में मंगलवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में यहां रजत पदक जीता था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं उनके हमवतन और पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता ओलिवर हेलांडेर को कांस्य पदक जीता जिन्होंने 83.96 मीटर का थ्रो फेंका।

### भारतीय शॉटगन टीम में तोंडाइमन, राजेश्वरी

**नई दिल्ली।** सीनियर ट्रैप निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडाइमन आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय शॉटगन टीम की अगुवाई करेंगे। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को खेलों के महाकुंभ के लिए घोषित पांच सदस्यीय टीम में जगह दी जिसके सभी खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। टोंडाइमन ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी।

# निकोलस की धार से अफगानिस्तान ध्वस्त

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी




निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का नमूना पेश किया, जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था।

दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए, जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन, अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि यहां का विकेट अच्छा है। गयाना और त्रिनिदाद के बाद बल्लेबाज यहां आकर रन बनाना चाहते थे। पूरन में कड़ी मेहनत की है और पिछले 12 महीने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही नहीं वेस्टइंडीज की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अफगानिस्तान ने तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और पॉवेल (26) ने भी योगदान दिया। अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (38), अजमतुल्लाह उमरजई (23) और करीम जनत (14) ने रन बनाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य बड़ा था। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस हार का हम पर प्रभाव पड़ेगा। हम जो चाहते थे हमने उसे हासिल किया। हम सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रहे। मैच अलग-अलग पिचों पर हो रहे हैं और हमें उनसे सामंजस्य बिठाना होगा। इस स्तर पर पराजय एक अच्छा सबक है। यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच नहीं था। हम इसके सकारात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे जैसे की फील्डिंग और बीच के ओवरों की गेंदबाजी।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.293 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 1.255 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.585 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 3.257 | 0 |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.835 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.415 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.268 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.616 | 0 |
| श्रीलंका (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | 0.863 | 1 |
| नीदरलैंड (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.358 | 0 |
| नेपाल (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.542 | 1 |

# भारत सहित 12 टीमों ने किया 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी टी-20 विश्वकप समाप्त भी नहीं हुआ और 2026 टी-20 विश्व कप के लिए 12 टीमों का चयन तय हो गया है। 2026 में भी टी-20 विश्व कप भारत और श्रीलंका दो देशों में खेला जाएगा और 20 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इसके लिए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 12 टीमें चयनित हो चुकी हैं। 8 टीमें वर्ल्डकप में हिस्सा लेने के लिए आपस में भिडेंगी। मौजूदा विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते अमेरिका और अफगानिस्तान ने 2026 टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, इनके साथ ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें भी क्वालिफाई की हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का प्रदर्शन मौजूदा टी-20 विश्व कप में निराशाजनक रहा इसके चलते दोनों ही टीमें सुपर आठ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं, लेकिन इन दोनों टीमों ने टी-20 रैंकिंग के आधार पर 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बना ली है। 2026 में होने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी टीमों में भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं।

# क्रिकेट फैन से भिड़े पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा), एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ विवाद के घेरे में आ गए हैं। जब कुछ लोगों से उनकी तीखी झड़प का वीडियो वाइरल हो गया, जिसके बाद उन्होंने कहा कि परिवार को बीच में घसीटने पर वह जवाब देने से हिचकिचायेंगे नहीं।

यह घटना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद की है। पाकिस्तान को पहली बार विश्व कप खेल रहे अमेरिका ने हरा दिया और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ जीत की दहलीज पर पहुंचकर टीम हार गई। सोशल मीडिया पर वाइरल हुए वीडियो में हारिस अपनी पत्नी के साथ पैदल जा रहे थे जब कुछ लोगों के समूह से टकरा गए। यह स्पष्ट नहीं है कि उनके और लोगों के बीच क्या बात हुई, लेकिन वे टीम के खराब प्रदर्शन के लिये कथित रूप से उन पर छींटाकशी कर रहे थे। रऊफ ने अचानक आपा खो दिया और उन लोगों के पीछे दौड़ते नजर आये।

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया

डसेलडोर्फ, एजेंसी



मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा कि अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा कि एमबापे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें। चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी।

ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

# सीएसी ने गंभीर का साक्षात्कार लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ, जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं।

# अजेय बढ़त बनाने उतरेगी टीम

बेंगलुरु, एजेंसी

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल रहा है। 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी।

### मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर



**दुबई।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# बिश्नोई ने जेल से बकरीद की मुबारकबाद दी, जांच के आदेश

अहमदाबाद/चंडीगढ़, एजेंसी

● पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से बात करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो आया सामने

अगस्त 2023 से साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को कथित तौर पर वीडियो कॉल पर पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से बात करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसके बाद गुजरात सरकार ने जांच के आदेश दिए। यह वीडियो 19 सेकंड का है। इसमें बिश्नोई ईद-उल-अजहा (भारत में 17 जून को मनाया गया) के मौके पर भट्टी को मुबारकबाद देते हुए दिखाई दे रहा है, जिस पर भट्टी कहता है कि यह त्योहार पाकिस्तान में अगले दिन मनाया जाएगा। यह सुनकर बिश्नोई भट्टी से कहता है कि वह ईद की मुबारकबाद देने के लिए कल उसे फोन करेगा।

एजेंसी स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका है। यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिए। गुजरात सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि राज्य के गृह विभाग ने पहले ही वीडियो की सामग्री की जांच के आदेश दे दिए हैं। गृह विभाग मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के अधीन आता है। ऋषिकेश ने कहा, मुझे इस मामले के बारे में मंगलवार सुबह ही पता चला।

# युद्ध का समर्थन करने पर रूस ने की उ. कोरिया की प्रशंसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध का 'दृढ़ता से समर्थन' करने के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रशंसा की है। पुतिन मंगलवार को जोंग-उन से मिलने प्योंगयांग पहुंचे। यह उनकी साल 2000 के बाद से पहली प्योंगयांग यात्रा है।

उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन में छपे एक लेख में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और सैन्य धमकियों के बावजूद अपने हितों की रक्षा के लिए प्योंगयांग के प्रयासों का समर्थन करने का प्रण लिया है। पिछले साल पुतिन ने कहा था कि उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग की संभावनाएं दिखाई देती हैं।



# लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इस पद की शक्तियां और गरिमा को देखते हुए एनडीए गठबंधन के अन्य दल भी इसकी मांग कर रहे हैं। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन की ताकत बढ़ने से वह भी इस पद पर अपना उम्मीदवार उतारने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। मंगलवार को राजनाथ सिंह के आवास पर भी वरिष्ठ मंत्रियों ने इस विषय पर चर्चा की। आइए जानते हैं कि देश में लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया कैसी होती है।

### अब तक के निर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष

जी.वी. मावलंकर, एम.ए. अय्यंगर, सरदार हुकम सिंह, एन संजीव रेड्डी, जी एस ढिल्लों, बाली राम भगत, के. एस. हेगड़े, बलराम जाखड़, रवि राय, शिवराज वी पाटिल, पी.ए. संगमा, जी.एम बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी, मीरा कुमार, सुमित्रा महाजन, ओम बिरला।

### कैसे होता है चुनाव

सत्ताधारी दल के सदस्य ही स्पीकर पद के लिए चुने जाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के लिए स्पीकर को सदन का सदस्य होना आवश्यक है। परंपरा के अनुसार सत्ताधारी पार्टी अन्य दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा करती है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री या प्रधानमंत्री अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव रखते हैं। फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिए जाते हैं।

### कैसे हटाया जा सकता है

स्पीकर का कार्यकाल लगभग 5 साल का होता है। लोकसभा के भंग होने के बाद भी वह अपने पद पर बना रहता है। नियमों के मुताबिक, लोकसभा के भंग होने के बाद से अगली लोकसभा की पहली बैठक तक स्पीकर अपना पद खाली नहीं करेगा। हालांकि, स्पीकर के 5 साल से पहले ही हट जाने या हटाए जाने का प्रावधान संविधान में दिया हुआ है।

### क्या होती हैं शक्तियां

लोकसभा अध्यक्ष सदन की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। उन पर सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी होती है। सदन के अध्यक्ष ही सदस्यों को बोलने की अनुमति देते हैं और उनके वक्तव्य का समय निर्धारित करते हैं। इसके अलावा अगर कोई सदस्य सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करता है तो अध्यक्ष उसकी सदस्यता भी निलंबित कर सकते हैं। किसी प्रस्ताव पर वोटिंग के समय भी स्पीकर की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। अगर किसी विधेयक पर पक्ष और विपक्ष, दोनों ओर से समान संख्या में मत पड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में लोकसभा स्पीकर के पास वोट करने का अधिकार होता है।

## एक नजर

### श्रीलंका की नौसेना ने 4 भारतीय मछुआरे पकड़े

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। इस साल ऐसी गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 180 से अधिक हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा, भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कुर्बानी के आरोप में 36 अहमदिया गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को ईद-उल-अजहा पर जानवरों की कुर्बानी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। समुदाय के एक नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अहमदिया समुदाय को देश में गैर-मुस्लिम घोषित किया गया है। देश में अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के पदाधिकारी आमिर महमूद ने एजेंसी को बताया कि समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से अधिकतर पंजाब प्रांत से हैं।

### पाकिस्तानी पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पाकिस्तानी पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी। एक कबायली पत्रकार संघ ने यह जानकारी दी। पश्तो समाचार चैनल खैबर न्यूज से जुड़े खलील जिब्रान की खैबर जिले के मजरीना सुल्तानखेल इलाके में उनके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। साजिद नामक एक अन्य व्यक्ति गोलीबारी में घायल हो गया। हमलावर घटनास्थल से भागने में सफल रहे। सूत्रों ने बताया कि पुलिस के दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

### वियतनाम में भूस्खलन से चार की मौत

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक कान में एक पहाड़ी ढलान पर भूस्खलन होने से मंगलवार को तड़के चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक परिवार के पांच लोग पैक नाम जिले में एक पहाड़ी पर स्थित घर में सो रहे थे। भूस्खलन ने घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

# दलाई लामा से मिलेंगी नैंसी पेलोसी

## अमेरिका के 6 सांसदों के डेलिगेशन के साथ दो दिवसीय भारत दौरे पर आईं

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी दो दिवसीय भारत दौरे पर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुईं। भारत के दौरे पर वह धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगी। उनके साथ अमेरिका के 6 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद है।

पेलोसी लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं। वह इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। तब चीन ने अमेरिका को तिब्बत मामले में दखल के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि अमेरिका दुनियाभर में तिब्बत को लेकर चीन के फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे।

चीन और तिब्बत के बीच विवाद बरसों पुराना है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी में चीन का हिस्सा रहा है इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। तिब्बत चीन के इस दावे को खारिज करता है। 1912 में तिब्बत के धर्मगुरु और 13वें दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

उस समय चीन ने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन करीब 40 सालों बाद चीन में कम्युनिस्ट सरकार आ गई। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा।

आखिरकार 1951 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन गया। हालांकि दलाई लामा इस संधि को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि ये संधि दबाव बनाकर करवाई गई थी।

इस बीच तिब्बती लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। इसी दौरान पहला विद्रोह हुआ जिसमें हजारों लोगों की जान गई। मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाने वाला है। इसके बाद हजारों की संख्या में लोग दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए। आखिरकार एक सैनिक के वेश में दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भागकर भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें शरण दी। चीन को ये बात पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध की एक बड़ी वजह ये भी थी।



कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचीं पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी।

### पेलोसी के ताइवान जाने पर 24 लड़ाकू विमानों ने किया था एस्कॉर्ट

चीन हमेशा से ही तिब्बत का साथ देने के लिए अमेरिका का विरोध करता आया है। ऐसे में नैंसी पेलोसी का यह दौरा विवाद को और बढ़ा सकता है। पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिनके 2022 में ताइवान जाने पर चीन ने जंग की धमकी दी थी। तब नैंसी के प्लेन को अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के 24 एडवांस्ड फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया था। इस दौरान चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेरकर युद्धाभ्यास भी किया था। नैन्सी पेलोसी ने 2008 के अपनी धर्मशाला यात्रा के दौरान कहा था कि तिब्बत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अमेरिका अपने अभियानों को जारी रखेगा। उन्होंने 2019 में संसद में द तिब्बत पॉलिसी एक्ट पास कराने में मदद की थी। इस एक्ट के जरिए अमेरिका तिब्बत की पहचान को बचाने के लिए आवाज उठाता है। पेलोसी की वजह से ही अमेरिका में दलाई लामा का कद बढ़ा है।

# हमारे बारह फिल्म में आपत्तिजनक कुछ भी नहीं : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अभिनेता अन्नू कपूर अभिनीत 'हमारे बारह' फिल्म देखी और इसमें कुरान या मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया। अदालत ने इसके साथ ही कहा कि फिल्म वास्तव में महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से बनाई गई है। न्यायमूर्ति बी पी कोलाबावाला और फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने कहा कि फिल्म का पहला ट्रेलर आपत्तिजनक था, लेकिन उसे हटा दिया गया है।

# निखिल पर अमेरिका की अदालत में चलेगा मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

● सिख अलगाववादी की हत्या कराने की सुपारी देने का आरोपी है भारतीय नागरिक

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अब अमेरिका की एक अदालत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

गुप्ता (53) को न्यूयॉर्क में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। गुप्ता के अटॉर्नी जेफ्री चाबरोवे के अनुसार, सोमवार को उसे मैनहट्टन संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जेम्स कॉट के समक्ष पहली पेशी के तहत प्रस्तुत किया गया, जहां उसने खुद को बेगुनाह बताया।

# पांच लाख अप्रवासियों को मिलेगी राहत

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नागरिकता प्रदान करने को लेकर एक व्यापक कदम उठा रहे

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में एक व्यापक कदम उठा रहे हैं। जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने कई डेमोक्रेटिक सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवनसाथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक अप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक अप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा।

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को मिली मंजूरी

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की नेशनल असेंबली के उच्च सदन सीनेट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है।

सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड, समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला एशिया का तीसरा देश बन जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन पर चलेगा मुकदमा

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा पर राजतंत्र को बदनाम करने के आरोप में मंगलवार को औपचारिक रूप से अभियोग दर्ज किया गया। इसके साथ ही इस तरह के बढ़ते अदालती मामलों ने थाईलैंड की राजनीति में अस्थिरता पैदा कर दी है। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता प्रयुथ बेजरागुना ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि थकसिन ने सुबह नौ बजे से कुछ मिनट पहले अभियोजकों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अभियोग प्रक्रिया पूरी की गई।

# प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे रहना चाहिए

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की उपस्थिति में कहा कि भारत और अमेरिका को बड़े रणनीतिक हित के हिस्से के तहत महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में सबसे आगे रहना चाहिए।



डोभाल की यह टिप्पणी उनके और सुलिवन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को गहरा करने के लिए परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण करने के एक दिन बाद आई है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल) पर केंद्रित उद्योग से जुड़े गोलमेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आईसीईटी को मई 2022 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच अधिक सहयोग बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

### अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का अनोखा रिश्ता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के दो सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का एक अनूठा रिश्ता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन का भारत दौरा सुरक्षित तथा अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण के लिए इस साझेदारी को और गहरा करेगा। व्हाइट हाउस ने यह बात कही। सुलिवन 17 से 18 जून तक नयी दिल्ली की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद जो बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी की यह पहली भारत यात्रा है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, सुलिवन का दौरा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाएगा ताकि सुरक्षित और अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का निर्माण हो सके। किर्बी ने कहा कि सुलिवन नयी दिल्ली में अमेरिका-इंडिया इनीशियेटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस पहल को आईसीईटी के नाम से भी जाना जाता है।

# पाकिस्तान में ऊंट का पैर काटा, छह लोग गिरफ्तार

कराची, एजेंसी

● वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से मंगवा रहे कृत्रिम पैर

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा ऊंट को कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा पशु आश्रय स्थल ले जाया गया। सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी शर्माजी की बेटी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित पहली फिल्म शर्माजी की बेटी 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। शर्माजी की बेटी का प्रीमियर पिछले साल जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब इसके मेकर्स ने फिल्म के ग्लोबल प्रीमियर का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के साथ आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने निर्देशन में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में सैयामी खेर, साक्षी तंवर और दिव्या दत्त ने अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। अब शर्माजी की बेटी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। 28 जून को प्राइम वीडियो पर शर्माजी की बेटी स्ट्रीम होने वाली है। अप्लॉस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनीं फिल्म शर्माजी की बेटी को ताहिरा कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। शर्माजी की बेटी पांच महिलाओं की लाइफ पर आधारित है। अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी, परवीन और वंशिका तपारिया भी इस फिल्म में नजर आएंगी।

### जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में शूटिंग करेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में देवरा के लिए मेलोडी की शूटिंग करेंगे। इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक, देवरा : पार्ट 1 सिनेप्रेमियों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर थाईलैंड के सुरम्य स्थानों में एक मधुर गीत की शूटिंग करेंगे। हाल ही में, एनटीआर जूनियर को भारी बारिश सहित चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में सैफ अली खान के साथ एक गहन एक्शन सीक्वेंस पूरा करने के बाद गोवा से लौटते हुए देखा गया था। यह एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर के बीच पहली बार ऑन-स्क्रीन सहयोग है। देवरा 27 सितंबर 2024 को पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है।



### 6 दिसंबर को रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द राइज ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द रूल पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थी कि फिल्म का काफी काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट आ गई है। अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर पुष्पा : द रूल की नयी रिलीज डेट बतायी है। पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## खगोल विज्ञान — एक तारे की मृत्यु का अवशेष है यह सुंदर निहारिका

# 1054 में हुई थी अद्भुत क्रैब नेबुला की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** क्रैब नेबुला आसमान में नजर आने वाली सुंदर निहारिकाओं में निहायती खास जगह रखती है। अब इसके अतीत रहस्य छंटने शुरू हो गए हैं। यह मर चुके एक तारे का अवशेष है। इसकी उत्पत्ति 1054 में हुई थी।

क्रैब नेबुला वैज्ञानिकों व ब्रह्मांड में दिलचस्पी रखने वालों के आकर्षण के घेरे में रही है। इसके बारे में जानने को हर कोई जिज्ञासा रखता था, लेकिन अब यह कुहासा छटना शुरू हो गया है। नई जानकारी के मुताबिक इसके अतीत को समझने के लिए वैज्ञानिकों को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लेना पड़ा। जिससे क्रैब नेबुला की उत्पत्ति की नई जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार 6,500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित क्रैब नेबुला एक सुपरनोवा का अवशेष है। सुपरनोवा विस्फोट 1054 ईसवी में हुआ था। यह भयानक विस्फोट था। जिसका प्रकाश दिन के उजाले में भी पृथ्वी से देखा गया था। अब यह गैस और धूल का एक फैलता हुआ आवरण है, और एक पल्सर द्वारा संचालित बाहर की ओर बहने वाली हवा है। क्रैब नेबुला असामान्य निहारिका है। इसकी संरचना ने सूपरनोवा विस्फोट की ऊर्जा ने खगोलविदों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया था कि यह एक इलेक्ट्रॉन-कैप्चर सुपरनोवा था, जो एक दुर्लभ प्रकार का विस्फोट होता है। इसमें ऑक्सीजन, नियॉन और मैग्नीशियम से बना कम विकसित कोर होता है। वेब टेलीस्कोप अपनी संवेदनशील अवरक्त क्षमताओं के साथ इसके रहस्य उजागर कर रहा है। बहुत जल्द क्रैब के कुछ अन्य राज सामने आने की संभावना जताई गई है।



वेब टेलिस्कोप द्वारा ली गई क्रैब नेबुला की आकर्षक तस्वीर।

### अद्भुत है क्रैब नेबुला

**नैनीताल :** क्रैब नेबुला वास्तव में अद्भुत निहारिका है, जो केकड़े की आकृति के समान नजर आती है। अपनेआप में कई रंगों को समेटे हुए है, जो वृषव राशि मे स्थित है। तारों की मृत्यु को लेकर शोध करने वाले वैज्ञानिकों का यह प्रमुख आकर्षण है। अभी तक सैंकड़ों शोध इसपर हो चुके हैं। अंतरिक्ष दूरबीन वेब इसके भविष्य पर प्रकाश डालेगी।